संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 05 अक्टूबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 266 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ बस्ती जनपद में मंडलीय बैठक की अध्यक्षता की।

## महंगाई में राहत: 600 रू. में मिलेगा उज्ज्वला सिलेंडर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय कै**बिनेट ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मिलने वाली एलपीजी सब्सिडी को मौजूदा 200 रुपये प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति सिलेंडर करने को मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार ने रक्षा बंधन और ओणम के अवसर पर घरेलू उपयोग के लिए एलपीजी सिलेंडर के दाम में 200 रुपये की कटौती की थी। अब सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दी जा रही सब्सिडी को 100 रुपये और बढ़ाया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस फैसले से गरीबों को बड़ी राहत मिलेगी।

**तेलंगाना में जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना से जुड़े विधेयक को मंजूरी** : केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तेलंगाना में सम्मक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम-2009 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को संशोधन से जुड़े विधेयक- केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक- 2023 को संसद में पेश करने की मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम- 2014 की



13वीं अनुसूची के तहत ऐसा किया जा रहा है। इसके तहत दोनों राज्यों आंध्र और तेलंगाना में एक-एक जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना की जानी थी। आंध्र में 2019 में विश्वविद्यालय की स्थापना हो चुकी है, जबकि तेलंगाना में जमीन आवंटन में देरी से अभी तक विश्वविद्यालय की स्थापना नहीं हो पाई थी। तेलंगाना के मुलुगु जिले में 889.07 करोड़ रुपये से विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में तेलंगाना की एक जनसभा में केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा की थी। उन्होंने तेलंगाना की केसीआर सरकार पर विश्वविद्यालय को स्थापित किए जाने से रोकने के लिए जमीन आवंटन में देरी करने का आरोप भी लगाया था।

**केंद्र ने राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना को अधिसूचित किया:** भारत सरकार ने राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना को अधिसूचित कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना की एक जनसभा में इसकी स्थापना की घोषणा की थी। राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड हल्दी के बारे में जागरुकता तथा खपत बढ़ाएगा और निर्यात बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार विकसित करेगा।

**सौगात**

8 लाभार्थियों को दी जा रही सब्सिडी को 100 रुपये और बढ़ाया है

8 राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड हल्दी के बारे में जागरुकता तथा खपत बढ़ाएगा और निर्यात बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार विकसित करेगा

**फास्ट न्यूज**

### एचएएल ने सौंपा तेजस का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**वायुसेना** को लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान मिल गया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बुधवार को बेंगलुरु में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी को सौंपा। एचएएल और भारतीय वायु सेना के बीच अनुबंध के हिस्से के रूप में कुल 10 ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान की आपूर्ति की जानी है, जिसमें से यह पहला है। एचएएल के अध्यक्ष सीबी अनंतकृष्णन ने एक औपचारिक समारोह में रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट की उपस्थिति में एलसीए तेजस का पहला ट्रेनर संस्करण सीएएस एयर चीफ मार्शल चौधरी को सौंपा। इस कार्यक्रम में वायु सेना के उप प्रमुख, भारतीय वायुसेना के दक्षिणी वायु कमान के अधिकारी और परियोजना से जुड़े कई अन्य अधिकारी भी शामिल हुए। एचएएल ने पहला तेजस ट्रेनर बना लिया है, जो अंतिम विकासात्मक परीक्षण उड़ानों से गुजर चुका है। तेजस डिवीजन के दौरे पर एयर मार्शल दीक्षित को एचएएल टीम ने ट्रेनर एयरक्राफ्ट के उत्पादन की स्थिति और एलसीए मार्क-1ए की डिलीवरी की योजना के बारे में जानकारी दी थी। बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दौरान 03 फरवरी 2021 को रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ स्वदेशी सैन्य उड्डयन सेवा में अब तक का सबसे बड़ा सौदा करके 83 तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट की डील फाइनल की थी।

### माउंगी, लुइस और एलेक्सी को रसायन शास्त्र का नोबेल

**टीम एक्शन इंडिया/स्टॉकहोम**

**अमेरिकी** वैज्ञानिकों माउंगी बवेंडी, लुइस ब्रस और एलेक्सी इकिमोव को रसायन शास्त्र का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा हुई है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को रसायन शास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार की घोषणा के साथ जानकारी दी कि वर्ष 2023 का रसायन शास्त्र का नोबेल पुरस्कार "क्वांटम डॉट्स की खोज और संश्लेषण के लिए" दिया जा रहा है। कोलंबिया विश्वविद्यालय के लुइस ई ब्रस और नैनोक्रिस्टल्स टेक्नोलॉजी इंक के एलेक्सी आई एकिमोव को संयुक्त रूप से रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार देने का फैसला किया गया है।

## शराब घोटाले में संजय सिंह पर 'शिकंजा'

= शराब घोटाले में आप सांसद संजय सिंह गिरफ्तार, 10 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी की कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार सुबह आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह के दिल्ली आवास पर छापा मारा। यह तलाशी शराब घोटाला मामले में हुई। दोपहर के बाद ईडी ने संजय सिंह को गिरफ्तार लिया। करीब 10 घंटे पूछताछ के बाद ईडी ने यह कार्रवाई की है। इससे पहले इसी मामले में सांसद के कई अन्य करीबी लोगों के परिसरों की तलाशी ली गई थी। संजय सिंह की गिरफ्तारी की खबर सामने आने के बाद आम आदमी पार्टी में हलचल मच गई है। ईडी के आरोप पत्र के अनुसार, दिल्ली के व्यवसायी दिनेश अरोड़ा, जिन्हें दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में आरोपी के रूप में नामित किया गया था। पहले संजय सिंह की उपस्थिति में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके आवास पर मुलाकात की थी। एक बयान में अरोड़ा ने ईडी को बताया कि उनकी मुलाकात एक कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह से हुई थी। जिसके बाद वह दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के भी संपर्क में आए थे। आगे बताया कि यह कार्यक्रम दिल्ली चुनाव से पहले धन जुटाने के लिए आयोजित किया गया था। इस साल मई में ईडी ने सिंह के करीबी सहयोगियों के परिसरों की तलाशी ली थी और उन्होंने आरोप लगाया था कि ईडी ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले के संबंध में उनके दो सहयोगियों अजीत त्यागी और सर्वेश मिश्रा के घरों पर छापेमारी की। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवास पर ईडी की छापेमारी चल रही है।

**गिरफ्तारी से पहले मां का आशीर्वाद लेने पहुंचे संजय सिंह:** गिरफ्तारी से पहले आप सांसद संजय सिंह ने अपनी मां का आशीर्वाद लिया। आप ने एक्स हैंडल पर इसका वीडियो साझा करते हुए लिखा है कि जिसके सिर पर मां का आशीर्वाद हो, उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। हर क्रांतिकारी को जेल देखनी होती है, आज संजय सिंह को भी यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। न डरे थे, न डरेंगे, अन्याय के खिलाफ लड़ते रहेंगे।

संजय सिंह के आवास समेत अन्य जगहों पर जांच एजेंसी की छापेमारी के बाद उनकी गिरफ्तारी को लेकर आप नेता से लेकर कार्यकर्ता विरोध करते रहे। इसका असर उत्तर प्रदेश के लखनऊ में भी देखने को मिला। आप कार्यकर्ताओं ने लखनऊ में प्रदर्शन किया है।



### संजय सिंह के परिवारवालों से मिले केजरीवाल

**दिल्ली** शराब घोटाले के मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को बुधवार ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। संजय सिंह के परिवार से मिलने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप एक कट्टर ईमानदार पार्टी है। हम सभी जानते हैं कि ईमानदारी की राह कठिन है। हम डरेंगे नहीं। अगर हम भी उनकी तरह बेईमान हो जाएंगे तो हमारे सभी समस्याओं का समाधान होगा।

**कार्रवाई**

8 जिसके सिर पर मां का आशीर्वाद हो, उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। हर क्रांतिकारी को जेल देखनी होती है: संजय



भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा ने लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों के भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण जीता है। उन्होंने 88.88 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पर कब्जा जमाया। वहीं, भारत के ही किशोर जेना ने 87.54 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत हासिल किया।

### अभिनेता रणबीर कपूर को ईडी ने भेजा समन

**नई दिल्ली**: बॉलीवुड के सुपरस्टार रणबीर कपूर अपने दमदार अभिनय के लिए काफी जाने जाते हैं। लेकिन मौजूदा समय में रणबीर का नाम विवादों में घिरता हुआ नजर आ रहा है। खबर है कि देश के प्रवर्तन निदेशालय ईडी की ओर से ब्रह्मास्त्र फिल्म कलाकार रणबीर कपूर को समन भेजा गया है। मालूम हो कि ऑनलाइन गेमिंग ऐप को लेकर अभिनेता के खिलाफ ईडी की ओर से कार्रवाई की गई है। अपनी शानदार फिल्मों के जरिए दर्शकों को भरपूर मनोरंजन करने वाले रणबीर कपूर हर किसी के चहेते माने जाते हैं। लेकिन जैसी ही ये खबर सामने आई कि ऑनलाइम गेमिंग एप के चक्कर में अभिनेता का नाम फंस रहा है तो सनसनी मच गई है।

## सिक्किम बाढ़ में लापता हुए सेना के 23 जवान

### पीएम नरेंद्र मोदी ने सीएम प्रेम सिंह से की बात; अबतक पांच की मौत



**टीम एक्शन इंडिया/गंगटोक**

**झील** के ऊपर अचानक बादल फटने से तीस्ता नदी में भीषण बाढ़ आ गई है। इस बाढ़ में सेना के 23 जवान लापता हो गए हैं। हालांकि, केंद्रीय जल आयोग ने बताया कि तीस्ता नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है।

**पीएम मोदी ने की सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग से बात:** पीएम मोदी ने सिक्किम में आई भीषण बाढ़ को लेकर सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से बात की। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि सिक्किम के हालातों को लेकर राज्य के सीएम से बात की और उनसे दुर्भाग्यपूर्ण प्राकृतिक आपदा की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सिक्किम में किसी भी चुनौती से निपटने में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया है। मैं प्रभावित लोगों की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रार्थना करता हूं। केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के अनुसार, तीस्ता नदी का जलस्तर बुधवार दोपहर एक बजे तक खतरे के निशान से नीचे था। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार देर रात बादल फटने से तीस्ता नदी में भीषण बाढ़ आ गई।

**दुखद**

8 इस बाढ़ में सेना के 23 जवान लापता हो गए हैं। तीस्ता नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम फाइनल में

**टीम एक्शन इंडिया/हांगझू**

**भारतीय पुरुष** हॉकी टीम ने बुधवार को पहले सेमीफाइनल में कोरिया पर 5-3 की रोमांचक जीत के साथ 19वें एशियाई खेल के फाइनल में जगह पक्की कर ली है। स्वर्ण पदक मुकाबले में भारत का सामना जापान और चीन के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। भारत के लिएहार्दिक सिंह (5''), मंदीप सिंह (11''), ललित कुमार उपाध्याय (15''), अमित रोहिदास (24'') और अभिषेक (54'') ने गोल किया, जबकि कोरिया के लिए मंजे जंग (17'', 20'', 42'') ने हैट्रिक बनाई। मैच की शुरूआत भारत ने आक्रामक तरीके से की। हार्दिक सिंह ने मैच के पांचवें मिनट में ही गोल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया।

**एशियाई खेल**

8 भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पहले सेमीफाइनल में कोरिया पर 5-3 की रोमांचक जीत के साथ फाइनल में जगह पक्की की

## एसवाईएल नहर: पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सतलुज यमुना** लिंक (एसवाईएल) नहर विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से कहा कि इस मामले में राजनीति ना करें। हमें मजबूर ना करें कि हम इस मामले में कोई सख्त आदेश जारी करें। सुप्रीम कोर्ट जनवरी 2024 में अगली सुनवाई करेगा। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट की मर्यादा का पालन करे। हम दो दशक से सतलुज यमुना लिंक नहर का निर्माण नहीं होने से चिंतित हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को तीन जिम्मेदारी सौंपी। कोर्ट ने कहा कि केंद्र नहर की जमीन का सर्वे करे। केंद्र सरकार ये भी बताए कि कितना निर्माण काम हो चुका है। कोर्ट ने कहा कि इस बीच केंद्र सरकार सुलह को लेकर दोनों राज्यों के बीच बात करती रहे। 23 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने दोनों राज्य सरकारों पर सवाल उठाते हुए कहा था कि हम मूकदर्शक नहीं बने रह सकते हैं। दोनों राज्यों को मिलकर मामले का हल निकालना होगा। आखिरकार दोनों इसी देश के राज्य हैं। दोनों राज्य बैठक कर मामले का हल निकालें।



**टिप्पणी**

8 राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट की मर्यादा का पालन करे। हम दो दशक से एसवाईएल का निर्माण नहीं होने से चिंतित

**आकांक्षा**

मुख्यमंत्री ने द लॉरेंस स्कूल सनावर के स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता की

## 'बेहतर इंसान बनने का ध्येय लेकर जीवन में आगे बढ़ें विद्यार्थी'

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/मनीष**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोलन जिला के द लॉरेंस स्कूल, सनावर के 176वें स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता की और मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पुरस्कार वितरित किए। मुख्यमंत्री ने इस विशेष अवसर पर स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में बेहतर इंसान बनने की ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन के निर्णय जटिल हो सकते हैं और कई बार स्वार्थ और बिना किसी प्रयास के आसानी से सफल होने की आकांक्षा किसी को भी आकर्षित कर सकती है, लेकिन जीवन में कभी भी शार्टकट सफलता का विकल्प नहीं हो सकता। हमें सदैव याद रखना चाहिए कि सफलता, प्रसिद्धि, लोकप्रियता और धन अस्थायी खुशी प्रदान कर सकते हैं, परन्तु वास्तविक रूप से जीवन मूल्यों के प्रति सच्चे रहने, नैतिकता का पालन करने तथा सदाचारी जीवन जीने से ही वास्तविक संतोष प्राप्त होता है।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने सिद्धांतों पर अटूट विश्वास के महत्व पर बल देते हुए कहा कि जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन ईमानदारी और नैतिक मूल्य हमारे जीवन में एक मार्गदर्शक का कार्य करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने, अपनी आकांक्षाओं और लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अथक परिश्रम करने तथा चुनौतियों का सामना करने पर भी कभी हार न मानने का आह्वान भी किया। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों में स्वतंत्र सोच और अनुशासन जैसे गुणों का विकास करने में द लॉरेंस स्कूल, सनावर के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि यह गुण जीवन में आगे बढने में अमूल्य साबित होते हैं।



**आह्वान**

8 जीवन में कभी भी शार्टकट सफलता का विकल्प नहीं हो सकता। हमें धन अस्थायी खुशी प्रदान कर सकते है: सीएम

## पुलिस केवल रोजगार नहीं, देश के प्रति सेवा का सम्मान है: मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल में हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में आयोजित प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर की दीक्षांत परेड समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर से आह्वान करते हुए कहा कि पुलिस केवल एक रोजगार नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और देश के प्रति सेवा का सम्मान है। इसलिए पुलिस कर्मियों को सदैव अपनी वर्दी का सम्मान रखते हुए जन सेवा के लिए स्वयं को समर्पित करना चाहिए। क्योंकि हमारे कंधे पर जो बैज लगा है, हम सभी उसका सम्मान बढ़ाते हैं और यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी होनी चाहिए कि पुलिस बल का सम्मान बना रहे। आज पास हुए 441 प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर में 61 महिलाएं भी शामिल हैं। बुधवार को दीक्षांत परेड समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री ने प्रोबेशनर उप निरीक्षक बैच संख्या-20 में प्रथम रहे प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर सचिन कुमार, द्वितीय स्थान पर रहे प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर मंजित और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर टीना को प्रशंसा पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

दीक्षांत समारोह में कुल 441 प्रोबेशनर सब इंस्पेक्टर ने कर्तव्य परायणता की शपथ ली और जन सेवा के लिए स्वयं को समर्पित किया। इनमें 380 पुरुष तथा 61 महिलाएं शामिल हैं।



# आप के लिए मुसीबत बना शराब घोटाला

## संजय सिंह पर इडी का शिकंजा, 223 दिन से जेल में बंद सिसोदिया, सिसोदिया के पास केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ के विशेष अनुमति याचिकाएं सूचीबद्ध रही

**घमासान**

**8 सुप्रीम कोर्ट में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत के लिए बार-बार सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा रहे हैं**






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** शराब घोटाला मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों ही जांच कर रही हैं। इस मामले में एक तरफ जहां प्रवर्तन निदेशालय ने राज्यसभा से आप सांसद संजय सिंह के आवास पर छापा मारा कर उनको गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत के लिए बार-बार सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा रहे हैं।

**सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई:** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई फिर से शुरू करेगा। कोर्ट ने 15 सितंबर को दोनों पक्षों के वकीलों के संयुक्त अनुरोध के बाद जमानत याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी थी। सिसोदिया के पास केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ बुधवार के लिए दो विशेष अनुमति याचिकाएं सूचीबद्ध हैं। वह कथित दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले के संबंध में मनी लॉन्ड्रिंग जांच का सामना कर रहे हैं।

**इस आधार पर मांगी जमानत:** मनीष सिसोदिया को इसी साल 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद कभी ईडी तो कभी सीबीआई दोनों एजेंसियां कोर्ट पहुंची और पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया। फिलहाल सिसोदिया जेल में हैं। दिल्ली हाईकोर्ट पहले ही जमानत याचिका को खारिज कर चुका है। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई हो रही है। सिसोदिया के वकील अभिषेक मनु सिंघवी हैं। जो सिसोदिया की बीमार पत्नी की देखरेख के लिए कोर्ट से अंतरिम जमानत की मांग कर रहे हैं।

**ऐसे शुरू हुई जांच:** साल 2021-22 की नई शराब नीति लागू होने के बाद कई गड़बड़ियों की शिकायतें मिली थीं। एमएचए के डायरेक्टर ने सीबीआई से शराब घोटाले की जांच कराने का आदेश दिया था। जिसके बाद एलजी विनय कुमार सक्सेना को एक लेटर भेजा गया। जिसमें गड़बड़ियों का जिक्र था। इसके बाद एलजी ने जांच की मंजूरी दी और नई शराब नीति की जांच शुरू हो गई। पहले दिल्ली मुख्य सचिव ने भी इस मामले पर शिकायत की थी।

**दिल्ली की नई शराब नीति क्या थी?**
17 नवंबर 2021 को दिल्ली सरकार ने राज्य में नई शराब नीति लागू की। इसके तहत राजधानी में 32 जोन बनाए गए और हर जोन में ज्यादा से ज्यादा 27 दुकानें खुलनी थीं। इस तरह से कुल मिलाकर 849 दुकानें खुलनी थीं। नई शराब नीति में दिल्ली की सभी शराब की दुकानों को प्राइवेट कर दिया गया। इसके पहले दिल्ली में शराब की 60 प्रतिशत दुकानें सरकारी और 40 प्रतिशत प्राइवेट थीं। नई पॉलिसी लागू होने के बाद 100 प्रतिशत प्राइवेट हो गईं। सरकार ने तर्क दिया था कि इससे 3,500 करोड़ रुपये का फायदा होगा। सरकार ने लाइसेंस की फीस भी कई गुना बढ़ा दी। जिस एल-1 लाइसेंस के लिए पहले ठेकेदारों को 25 लाख देना पड़ता था, नई शराब नीति लागू होने के बाद उसके लिए ठेकेदारों को पांच करोड़ रुपये चुकाने पड़े। इसी तरह अन्य कैटेगिरी में भी लाइसेंस की फीस में काफी बढ़ोतरी हुई। सरकार ने बिना किसी ठोस आधार के और किसी के साथ चर्चा किए बिना नई पॉलिसी के तहत हर वॉर्ड में शराब की कम से कम दो दुकानें खोलने की शर्त टेंडर में रख दी। बाद में एक्साइज विभाग ने केंद्र सरकार से मंजूरी लिए बिना नॉन कन्फर्मिंग वॉर्डों के बजाय कन्फर्मिंग वॉर्डों में लाइसेंसधारकों को अतिरिक्त दुकानें खोलने की इजाजत दे दी।
सोशल मीडिया, बैनरों और होर्डिंग्स के जरिए शराब को बढ़ावा दे रहे लाइसेंसियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह दिल्ली एक्साइज नियम, 2010 के नियम 26 और 27 का उल्लंघन है। लाइसेंस फीस में बढ़ोतरी किए बिना लाइसेंस धारकों को लाभ पहुंचाने के लिए उनका ऑपरेशनल कार्यकाल पहले एक अप्रैल 2022 से बढ़ाकर 31 मई 2022 तक किया गया और फिर इसे एक जून 2022 से बढ़ाकर 31 जुलाई 2022 तक कर दिया गया।

### शराब घोटाले में चार्जशीट

**पहली** चार्जशीट में पहली बार मनीष सिसोदिया का नाम आरोपी के तौर पर सामने आया था। कई अन्य लोग भी शामिल थे। इसके बाद दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विशेष अदालत में दूसरा पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। इसमें तीन व्यक्तियों राघव मगुंटा, राजेश जोशी और गौतम मल्होत्रा के अलावा उनसे जुड़ी पांच कंपनियों को आरोपी बनाया गया है। ईडी ने अभी तक इस मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं व्यवसायी अमनदीप सिंह ढाल के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल नहीं किया था। दूसरी चार्जशीट में ईडी ने 12 आरोपी बनाए थे। ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में दिल्ली शराब आबकारी नीति मामले में दूसरी चार्जशीट दायर की थी। चार्जशीट में 12 अभियुक्तों के नाम शामिल थे। विजय नायर, शरथ रेड्डी, बिनॉय बाबू, अभिषेक बोइनपल्ली, अमित अरोड़ा और 7 कंपनियों के नाम थे। अभी भी जांच जारी है।

### सब अच्छा तो घोटाले के आरोप क्यों लग रहे हैं?

**नई** शराब नीति से जनता और सरकार दोनों को नुकसान होने का आरोप है। वहीं, बड़े शराब कारोबारियों को फायदा होने की बात कही जा रही है। भारतीय जनता पार्टी का यही आरोप है। तीन तरह से घोटाले की बात सामने आ रही है। इसे समझने के लिए हम थोड़ा आंकड़ों पर नजर डाल लेते हैं।

**लाइसेंस फीस में भारी इजाफा करके बड़े कारोबारियों को लाभ पहुंचाने का आरोप :** शराब ब्रिकी के लिए ठेकेदारों को लाइसेंस लेना पड़ता है। इसके लिए सरकार ने लाइसेंस शुल्क तय किया है। सरकार ने कई तरह की कैटेगिरी बनाई है। इसके तहत शराब, बीयर, विदेशी शराब आदि को बेचने के लिए लाइसेंस दिया जाता है। अब उदाहरण के लिए पहले जिस लाइसेंस के लिए ठेकेदार को 25 लाख रुपये का भुगतान करना पड़ता था, नई शराब नीति लागू होने के बाद उसी के लिए पांच करोड़ रुपये देने पड़े। आरोप है कि दिल्ली सरकार ने जानबूझकर बड़े शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए लाइसेंस शुल्क बढ़ाया। इससे छोटे ठेकेदारों की दुकानें बंद हो गईं और बाजार में केवल बड़े शराब माफियाओं को लाइसेंस मिला। विपक्ष का आरोप ये भी है कि इसके एवज में आप के नेताओं और अफसरों को शराब माफियाओं ने मोटी रकम घूस के तौर पर दी।

**सरकार बता रही फायदे का सौदा:** सरकार का तर्क है कि लाइसेंस फीस बढ़ाने से सरकार को एकमुश्त राजस्व की कमाई हुई। इससे सरकार ने जो उत्पाद शुल्क और वैट घटाया उसकी भरपाई हो गई।



**खुदरा बिक्री में सरकारी राजस्व में भारी कमी होने का आरोप:** दूसरा आरोप शराब की बिक्री को लेकर है। उदाहरण के लिए मान लीजिए पहले अगर 750 एमएल की एक शराब की बोतल 530 रुपये में मिलती थी। तब इस एक बोतल पर रिटेल कारोबारी को 33.35 रुपये का मुनाफा होता था, जबकि 223.89 रुपये उत्पाद कर और 106 रुपये वैट के रूप में सरकार को मिलता था। मतलब एक बोतल पर सरकार को 329.89 रुपये का फायदा मिलता था। नई शराब नीति से सरकार के इसी मुनाफे में खेल होने दावा किया जा रहा है। दावा है कि नई शराब नीति में वही 750 एमएल वाली शराब की बोतल का दाम 530 रुपये से बढ़कर 560 रुपये हो गई। इसके अलावा रिटेल कारोबारी का मुनाफा भी 33.35 रुपये से बढ़कर सीधे 363.27 रुपये पहुंच गया। मतलब रिटेल कारोबारियों का फायदा 10 गुना से भी ज्यादा बढ़ गया। वहीं, सरकार को मिलने वाला 329.89 रुपये का फायदा घटकर तीन रुपये 78 पैसे रह गया। इसमें 1.88 रुपये उत्पाद शुल्क और 1.90 रुपये वैट शामिल है। इन खामियों ने भी दिल्ली सरकार की मंशा पर उठाए सवाल

# सिसोदिया की जमानत अर्जी पर आज भी होगी सुनवाई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट आबकारी नीति मामले में आरोपित मनीष सिसोदिया की जमानत अर्जी पर कल यानी पांच अक्टूबर को भी सुनवाई जारी रखेगा। सुनवाई के दौरान सिसोदिया की ओर से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि सिसोदिया को पैसे मिलने का सबूत नहीं मिला है। उनके फरार होने का भी अंदेशा नहीं है। सिसोदिया की पत्नी गंभीर रूप बीमार हैं। सुनवाई के दौरान जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने पूछा कि जिस राजनीतिक दल को कथित तौर पर फायदा पहुंचा, उसे आरोपित क्यों नहीं बनाया गया। सुनवाई के दौरान सिंघवी ने कहा कि मामले में सभी आरोपितों को जमानत मिल चुकी है, लेकिन उच्च टारगेट लोगों को अभी तक जमानत नहीं मिली है। मामले में कुल 50 हजार से ज्यादा दस्तावेज और पांच सौ से ज्यादा गवाह हैं। सिसोदिया के पास से एक पैसे की भी मनी लांड्रिंग का पता नहीं चला है। सरकारी गवाहों के बयान में सिसोदिया का लिंक नहीं मिला है। सभी आरोप विजय नायर पर जाकर रुक जाते हैं और विजय नायर पर आरोप है कि वह मनीष सिसोदिया का करीबी सहयोगी है। सीबीआई ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध किया है। सीबीआई ने सुप्रीम में दाखिल जवाबी हलफनामे में सिसोदिया की जमानत का विरोध करते हुए कहा है कि सिसोदिया के खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। सिसोदिया ऐसे मामलों में जमानत के लिए निर्धारित ट्रिपल टेस्ट को भी पूरा नहीं करते है। सीबीआई ने सिसोदिया को जमानत नहीं देने का अनुरोध करते हुए कहा है कि पहले ही वह सबूत नष्ट कर चुके हैं और पूछताछ के दौरान भी सहयोग नहीं कर रहे।
ऐसे में सिसोदिया को जमानत नहीं दी जा सकती है। सीबीआई ने अपने हलफनामे में सिसोदिया की बीमारी का जिक्र करते हुए कहा है कि उनकी पत्नी की बीमारी कोई नई बात नहीं है।

**जिरह**

**8 सिसोदिया को पैसे मिलने का सबूत नहीं मिला है। उनके फरार होने का भी अंदेशा नहीं है**

## दिल्ली-एनसीआर में 200 पिस्टल सप्लाई, दो महिला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली-एनसीआर के बदमाशों को हथियार सप्लाई करने वाले महिलाओं के गैंग का स्पेशल सेल ने खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह की दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान नाजिमपुरा, भूड़, बुलंदशहर, यूपी निवासी चंचल और गांव अनहेड़ा, अगौता, बुलंदशहर, निवासी विकांशा के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से 10 पिस्टल बरामद की गई हैं। पूछताछ के दौरान दोनों महिलाओं ने बताया कि वह विकांशा के मामा सोनू चौधरी के आदेश पर मध्य प्रदेश के खारगोन से हथियार दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई कर रही थीं। पिछले दो सालों से वह 200 से अधिक पिस्टल यहां सप्लाई कर चुकी हैं।

# सीएम केजरीवाल ने ओखला लैंडफिल साइट का किया दौरा

### काम में तेजी लाने के लिए एक और एजेंसी लगाएंगे,- यहां टारगेट से पीछे काम चल रहा है, अब तक 18 लाख टन कूड़ा हटाया जाना था, पर 12 लाख टन ही हटाया जा सका है- अरविंद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सीएम अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को ओखला लैंडफिल साइट का दौरा कर कूड़े के निपटान की मौजूदा स्थिति का जायजा लिया। सीएम ने पाया कि यहां कूड़ा हटाने का काम लक्ष्य से पीछे चल रहा है। इस पर कहा कि कूड़ा हटाने के काम में तेजी लाने के लिए एक और एजेंसी हायर की जाएगी। अब तक यहां से 18 लाख टन कूड़ा हटा दिया जाना चाहिए था, लेकिन अभी केवल 12 लाख टन ही हटाया जा सका है। सीएम ने कहा कि दूसरी एजेंसी हायर करने की कार्रवाई लगभग पूरी हो चुकी है, लेकिन एमसीडी में स्टैंडिंग कमेटी का गठन नहीं होने की वजह से इसमें देरी हो रही है। स्टैंडिंग कमेटी का मामला सुप्रीम कोर्ट में है। जैसे ही कोर्ट का आदेश आएगा, कमेटी गठित कर दूसरी एजेंसी हायर कर ली जाएगी। हमें पूरी उम्मीद है कि दोनों एजेंसी मिलकर काम करेंगी तो मई 2024 तक 30 लाख टन कूड़ा हटाने के लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा। इस दौरान एमसीडी की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय, डिप्टी मेयर आले मोहम्मद समेत एमसीडी के वरिष्ठ अफसर मौजूद रहे। ओखला लैंडफिल साइट का जायजा लेने के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ओखला लैंडफिल साइट पर कुल 45 लाख टन कूड़े का पहाड था। 7 नवंबर 2022 से ओखला लैंडफिल साइट से कूड़े के पहाड़ को हटाने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। लक्ष्य रखा गया था कि मई 2024 तक यहां से 30 लाख टन कूड़ा हटा लिया जाएगा। लेकिन ओखला लैंडफिल साइट पर कूड़ा हटाने की कार्रवाई तय लक्ष्य से पीछे चल रही है। अभी तक ओखला लैंडफिल साइट से 18 लाख टन कूड़ा हटा लिया जाना चाहिए था, लेकिन अभी केवल 12 लाख टन कूडा ही हटाया जा सका है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने ओखला लैंडफिल साइट से कूड़े का निस्तारण तय लक्ष्य से पीछे चलने के पीछे कई कारण बताया। उन्होंने कहा कि यहां से कूडा हटाने के लिए एक और एजेंसी हायर करने की कार्रवाई चल रही है। क्योंकि मौजूदा एजेंसी अकेली है और अपने टारगेट भी पूरा नहीं कर पा रही है। इसलिए एक और एजेंसी हायर करने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। चूंकि दिल्ली नगर निगम में अभी तक स्टैंडिंग कमेटी नहीं बनी है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में केस चल रहा है और आर्डर रिजर्व्ड है। स्टैंडिंग के बिना ये कंट्रैक्ट किसी दूसरी एजेंसी को नहीं दिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने के बाद जैसे ही स्टैंडिंग कमेटी बनेगी, वैसे ही एक और एजेंसी को हायर कर लिया जाएगा।



**जायजा**

**8 दूसरी एजेंसी हायर करने की कार्रवाई पूरी हो चुकी है, लेकिन स्टैंडिंग कमेटी का गठन नहीं होने की वजह से देरी हो रही**

# प्रबीर और अमित चक्रवर्ती को पुलिस रिमांड पर भेजा

### दो आरोपियों प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस ने विदेश से पैसे लेकर चीन के लिए प्रचार करने के आरोप में ऑनलाइन समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक पर कार्रवाई की। जिसके बाद दो आरोपियों प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया गया। कोर्ट ने इन दोनों पत्रकारों को पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। दो आरोपियों प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। दिल्ली पुलिस ने छापेमारी के बाद कहा कि स्पेशल सेल में दर्ज यूएपीए मामले के संबंध में तलाशी की गई। जब्ती और हिरासत के संबंध में अब तक दो आरोपियों प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस रिमांड पर भेजे जाने के बाद न्यूज क्लिक के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ ने अपनी कानूनी टीम के माध्यम से प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) की आपूर्ति के लिए दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट का रुख किया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. हरदीप कौर शीघ्र ही आवेदन पर सुनवाई करेंगी। पुलिस ने आगे कहा कि परिसर में कुल 37 पुरुष संदिग्धों से पूछताछ की गई है। जिसमें से 9 महिला संदिग्धों से उनके रहने के स्थानों पर पूछताछ की गई है। इसके अलावा डिजिटल उपकरणों, दस्तावेजों को जब्त किया गया।
पुलिस की विशेष शाखा ने वेबसाइट के दफ्तर को सील कर दिया। इससे जुड़े पत्रकारों के 30 ठिकानों पर छापे मारे और उनमें से कुछ के मोबाइल, लैपटॉप समेत अन्य डिजिटल उपकरण और दस्तावेज जब्त कर लिए।



# साले ने की चाकू घोंपकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिण** दिल्ली के संगम विहार इलाके में बर्थडे पार्टी के दौरान हुए मामूली विवाद के बाद रिश्ते के साले ने जीजा की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान सुनील कुमार (34) के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपित साले प्रमोद कुमार (40) को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला है कि मंगलवार को प्रमोद के साले दिलीप कुमार के बेटे का जन्मदिन था। घर पर पार्टी चल रही थी। पार्टी में शामिल होने सुनील और उसके चार और भाई प्रमोद के यहां आए हुए थे। इस बीच सुनील के भाई रामकिशोर की प्रमोद से तू-तू-मैं-मैं हो गई। बीच बचाव कराने पर प्रमोद ने सुनील हमला कर दिया। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद सुनील का शव परिवार को सौंप दिया है। आरोपी प्रमोद से पूछताछ झगड़े की असली वजह का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने गली में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को भी कब्जे में लिया है। बाकी रिश्तेदारों से भी पूछताछ की जा रही है। दक्षिण जिला की पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि प्रमोद कुमार परिवार के साथ ई-ब्लॉक गली नंबर-6, रतिया मार्ग, संगम विहार में रहते हैं।

# सीएम अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री आवास को घोटाले और वसूली का अड्डा बना दिया: बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** जनता पार्टी ने अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए आम आदमी पार्टी को वसूली करने वाली पार्टी बताया। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने मुख्यमंत्री आवास को घोटाले और वसूली का अड्डा बना दिया है जहां बैठकर उनके इशारे पर उनकी पार्टी के सांसद संजय सिंह वसूली करते हैं। आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद संजय सिंह के आवास पर जांच एजेंसी ईडी के छापे पर प्रतिक्रिया देते हुए गौरव भाटिया ने अरविंद केजरीवाल को चुनौती देते हुए इस मामले में तुरंत प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की बात कही और 32 लाख रुपये की सच्चाई सभी के सामने आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आरोपी दिनेश अरोड़ा ने केजरीवाल को 32 लाख रुपये देने का दावा किया है, तो सच्चाई सभी के सामने आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की साढ़ेसाती कट्टर ईमानदार अरविंद केजरीवाल पर असर कर रही है। आज उनके बाएं हाथ संजय सिंह के यहां भी जांच एजेंसियों ने छापा मारा है। देश और दिल्ली की जनता जानती है कि शराब घोटाले के मुख्य सरगना अरविंद केजरीवाल है। अपने आप को आम आदमी बताने वाले ये लोग अब इतने खास हो गए हैं कि ये करोड़ों का शराब घोटाला करते हैं और फिर कहते हैं कि हम पर कार्रवाई राजनीतिक द्वेष के कारण हो रही है।

**घमासान**

**8 केजरीवाल ने मुख्यमंत्री आवास को घोटाले और वसूली का अड्डा बना दिया है जहां बैठकर उनके इशारे पर उनकी पार्टी के सांसद संजय सिंह वसूली करते हैं**



न्यूज क्लिक पर हो रही कार्रवाई पर गौरव भाटिया ने कहा कि पत्रकारिता का चोगा ओढ़कर भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त कुछ लोग चीन से आर्थिक सहायता ले रहे हैं। राष्ट्र सुरक्षा से जुड़े गंभीर आरोपों के आधार पर न्यूज क्लिक पर कार्रवाई हो रही है। इस मामले में पत्रकारिता को बदनाम करने वाले कुछ पत्रकारों और घमंडिया गठबंधन के कुछ नेताओं का घिनौना चेहरा सामने आया है। उल्लेखनीय है कि न्यूजक्लिक पर चीन के समर्थन में प्रचार करने के लिए धन लेने का आरोप लगाए जाने के बाद कार्रवाई की गई। यह वेबसाइट भारत में चीन समर्थक प्रचार के लिए अमेरिकी करोड़पति नेविले रॉय सिंघम से कथित तौर पर धन प्राप्त करने को लेकर हाल में सुर्खियों में आई थी।

### आप दफ्तर के बाहर भाजपा का प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आम आदमी पार्टी के दफ्तर के बाहर बुधवार को विरोध प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। भाजपा कार्यकर्ता दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग कर रहे थे।

**ईडी ने संजय सिंह के आवास पर की छापेमारी:** बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय ने आप सांसद संजय सिंह के आवास पर दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में छापेमारी की थी। आप सांसद संजय सिंह के समर्थन में उतरे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनके आवास से कुछ भी नहीं मिलेगा। सीएम केजरीवाल ने कहा कि 2024 के चुनाव आते ही ईडी और सीबीआई जैसी सभी एजेंसियां सक्रिय हो जाएंगी। 2024 का चुनाव आ रहे हैं और उन्हें पता है कि वे हार जाएंगे। ये उनके हताश प्रयास हैं। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएंगे, ईडी, सीबीआई जैसी सभी एजेंसियां सक्रिय हो जाएंगी।

**संजय सिंह पर लगे आरोप फर्जी हैं- सौरभ भारद्वाज:** आप नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि संजय सिंह पर लगे आरोप फर्जी हैं। यह एक ऐसा फर्जी घोटाला है जिसकी जांच पिछले 15 महीने से चल रही है। ईडी और सीबीआई ने कम से कम 1000 जगहों पर छापेमारी की है, लेकिन कहीं से 1 रुपया भी बरामद नहीं हुआ है। सीएम केजरीवाल के इस्तीफे की मांग कर रही बीजेपी: वहीं, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग करते हुए बीजेपी नेता और सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि हम यहां दिल्ली के सीएम से इस्तीफे की मांग को लेकर इकट्ठा हुए हैं।

## न्यूज फ्लैश

### साईबर ठगों से बचने के लिए एक महीने बाद बदले अपनी पेमेंट एप्स के पासवर्ड: सतविंदर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पुरानी अनाज मण्डी मार्किट अम्बाला शहर में अम्बाला पुलिस ने साईबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत आमजन, दुकानदारों, महिलाओं व बच्चों को साईबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर साईबर थाना अम्बाला शहर की निरीक्षक सतविन्द्र कौर, अम्बाला साईबर सैल इन्चार्ज उप निरीक्षक विरेन्द्र कुमार व साईबर एक्सर्पट बबीत ने साईबर अपराधो से बचने की विशेष जानकारी दी। जिसमें उन्होने बतलया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की कॉल पर आप अपने बैंक खाता/क्रैडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी साझां ना करे। अपने फेसबुक व्हटसप पर टू स्टैप वैरिफिकेशन जरूर लगाये/ अपने फेसबुक/ इंस्टाग्राम के अकाउंट को प्राईवेट रखें व ओटीपी किसी से भी शेयर ना करे, और ना ही लालच में आकर अपनी बैंक सम्बन्धी जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति को मोबाईल से सांझा करें। उन्होने कहा कि अपनी जमा पूंजी को सुरक्षित रखने के लिए महीने में एक बार अपने गूग्गलपे, एटीएम व अन्य ऑनलाइन पेमैन्ट एप्प का पासवर्ड बदले । आज का युग मोबाईल व इंटरनैट का युग है साईबर अपराधी आपको तरह तरह के लालच देकर आपको अपने झांसे में फसाने की कोशिश करता है जो व्यक्ति साईबर अपराधों बारे जागरूक है वह इन साईबर अपराधियों के झांसे में नही आता व जिस व्यक्ति को साईबर अपराधों बारे जानकारी नही है वह मोबाईल के एक गलत क्लिक से साईबर अपराधियों दवारा ठगा जाता है। आज के समय में हम सभी को साईबर अपराधो बारे जागरूक होना बहुत जरूरी है।

### डेटॉल ने आयुष्मान खुराना को 'बनेगा स्वस्थ इंडिया' अभियान का एम्बेसडर बनाया

**नोएडा।** भारत का सबसे भरोसेमंद न्यूज नेटवर्क, एनडीटीवी, 'बनेगा स्वस्थ इंडिया' के विजयी 10वें सीजन के साथ शानदार वापसी कर रहा है, यह भारत का सबसे लंबे अर्से तक चलने वाला सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियान है। एनडीटीवी ने डेटॉल के साथ मिलकर नौ साल पहले 'बनेगा स्वस्थ इंडिया' की शुरूआत की थी। बीते 9 वर्षों में, इस अभियान ने कई पुरस्कार और सम्मान हासिल किए और अपने कार्यक्रमों, नवाचारों, गतिविधियों और टूल्स की एक श्रृंखला के जरिये इसने भारत में 24 मिलियन से अधिक बच्चों तक तक अपनी पहुंच बनाई। अपने 10वें वर्ष में, अभियान का फोकस दस का दम की शक्ति के साथ वैश्विक स्वास्थ्य और कल्याण के लिए वन वर्ल्ड हाइजीन पर है, वन वर्ल्ड हाइजीन का मुख्य उद्देश्य उन लोगों के प्रति सहानुभूति और एकजुटता को दोहराना है, जिनकी पहुंच स्वच्छता के जरुरी संसाधनों तक नहीं है। यह साधन-संपन्न और वंचितों के बीच के अंतर को कम करने का आह्वान करता है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर कोई स्वस्थ जीवन जी सके। 10वें सीजन में दस कदम का भी इंतजार रहेगा यानि कि नई चुनौतियां, जिनका समाधान ही अभियान का लक्ष्य है। अभियान के एम्बेसडर, आयुष्मान खुराना ने कहा, इस यादगर 10वें सीजन में, आइए अभियान के उद्देश्य, वन वर्ल्ड हाइजीन को पूरा करने के लिए दस कदम उठाएं। साथ मिलकर, हम लाखों लोगों को स्वस्थ जीवन जीने और एक मजबूत और खुशहाल भारत का निर्माण करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।" रेकिट के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर, क्रिस लिच्ट ने कहा, हमें बनेगा स्वस्थ इंडिया पर बहुत नाज है और हम एक स्वच्छ, स्वस्थ दुनिया की हमारी खोज में भागीदार बनने के लिए अपने सहयोगियों का आभार प्रकट करते हैं। एक ओर हम अपने 10वें साल की साझेदारी को मान्यता देते हुए इस महत्वपूर्ण अभियान का जश्न मना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर, हमें बनेगा स्वस्थ इंडिया को आगे बढ़ाने के लिए नवाचार करना और नए तरीके ढूंढना जारी रखना होगा, जिसमें यह सुनिश्चित करना भी शामिल है कि हम किसी को भी पीछे न छोड़ें।" एएमजी मीडिया नेटवर्क के सीईओ और प्रधान संपादक, एनडीटीवी लिमिटेड के निदेशक, संजय पुगलिया ने कहा, डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के इस विजयी 10वें सीजन के साथ हम अपना आभार प्रकट करना चाहते हैं और लोगों को बताना चाहते हैं कि वन वर्ल्ड हाइजीन सिर्फ एक कान्सेप्ट नहीं है; यह एक स्वस्थ, सुरक्षित और अधिक दयालु दुनिया के प्रति प्रतिबद्धता है। आइए, सीमाओं के बंधन तोड़कर एकजुट हो जाएं और इसे साकार करें। हमारा भविष्य इस पर निर्भर करता है।"

### कैम्पस एक्टिववियर की रीटेलर्स मीट में दिखा तकनीक और फैशन का संयोजन

**फरीदाबाद।** भारत के सबसे बड़े स्पोट्र्स एवं एथलेजर ब्राण्ड्स में से एक कैम्पस एक्टिववियर लिमिटेड ने फरीदाबाद में अपनी वार्षिक रीटेलर्स मीट का आयोजन किया। इस मीट में कैम्पस एक्टिववियर की लीडरशिप टीम, स्टाफ और शहर से 200 से अधिक दुकानदारों ने हिस्सा लिया। मीट की थीम ब्राण्ड की आधुनिक तकनीक, प्रोडक्ट इनोवेशन, डिजाइन एवं ट्रैंड्ज पर आधारित थी, ब्राण्ड अपने उत्पादों में इसी दृष्टिकोण के साथ युवाओं की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रयासरत है। कैम्पस का ओ.जी. कलेक्शन शानदार फैशन एक्सेसरी है, जिसे खासतौर पर युवाओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है।

# कड़ी मेहनत और लग्न से ही जीवन में मिलती है सफलता: शांतनु

## दीपक गर्ग को ट्रेडमिल में रिकार्ड बनाने पर उपायुक्त ने दी बधाई



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) उपयुक्त शांतनु** शर्मा ने ट्रेडमिल में एशिया बुक ऑफ रिकार्ड में नाम दर्ज करवाने वाले पिहोवा के व्यवसायी दीपक गर्ग को रिकॉर्ड बनाने पर अपनी शुभकामनाएं दी और भविष्य में ओर अधिक रिकार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त शांतनु शर्मा बुधवार को लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में दीपक गर्ग और उनकी पत्नी नेहा गर्ग से बातचीत कर रहे थे।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि इस फील्ड में दीपक ओर बेहतर करेगा ऐसा उन्हें विश्वास है, कड़ी मेहनत और लग्न से ही जीवन में सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी पिछले साल दीपक गर्ग का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्डस में दर्ज हो चुका है, उन्होंने ट्रेडमिल दौड़ में बिना रुके लगातार 1 घंटा 40 मिनट लगातार दौड़ लगाकर 15 किलोमीटर की दूरी तय की है जो कि अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इससे पहले इन्होंने इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड के लिए पटियाला की नेशनल स्पोर्ट्स अकादमी में अपनी प्रतिभा आयोजकों के सामने दिखाई थी और एशिया अवार्ड के लिए दिल्ली में प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने दीपक गर्ग को मिले एशिया अवार्ड मेडल को पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया तथा भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी। ट्रेडमिल दौड़ में एशिया बुक ऑफ रिकाड्र्स में नाम दर्ज करवाने वाले पिहोवा के व्यवसायी दीपक गर्ग ने कहा कि इस अवार्ड के लिए उन्होंने बहुत मेहनत की है, उन्होंने इसका श्रेय अपने परिवार को दिया।

# जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच करेगा सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**शुक्रवार** 6 अक्तूबर को उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के रोहतक जोन उपभोक्तओं के लिए मुख्य अभियंता राजीव गांधी विद्युत भवन रोहतक के कार्यालय में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की ओर से सुनवाई की जाएगी। उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि इस सुनवाई में उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच 1 से 3 लाख रुपए तक की राशि के वित्तिय विवादों से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। यह सुनवाई रोहतक जोन के अन्र्तगत आने वाले करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर और रोहतक जिलों के लिए होगी। इस सुनवाई में गलत बिलों, बिजली की दरों से सम्बंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटर के मामलों और वोल्टेज से जुड़े मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान बिजली चोरी, बिजली के दुरूपयोग और घातक व गैर घातक दुर्घटना मामलों पर विचार नही किया जाएगा। इस दौरान उपभोक्ता को यह भी प्रमाणित करना होगा कि सम्बंधित मामला अदालत, प्राधिकरण या फोरम के समक्ष लम्बित नही है।
क्योंकि उक्त सुनवाई में इन विचाराधीन मामलों पर बैठक के दौरान विचार नही किया जाएगा।

**सुनवाई**
8 1 से 3 लाख रुपए तक की राशि के वित्तिय विवादों से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा

## किडजी किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में वन्य-जीव दिवस का किया आयोजन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) किडजी** किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में आज वन्य-जीव दिवस का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य बच्चों को वन्य जीव के बारे में बताना व बच्चों को वन्य जीव सरंक्षण को प्रोत्साहित किया जाना था क्योंकि यह हमारे प्रकृति का हिस्सा हैं। इनके बिना हमारा जीवन अधूरा है और प्रकृति की सुंदरता के लिए इनका होना अनिवार्य है।इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए विद्यालय में कृत्रिम जंगल बनाया गया जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा प्रथम तक विद्यार्थी वन्य जीवों से संबंधित भिन्न-भिन्न प्रकार की वेशभूषा जैसे शेर ,खरगोश,चीता, कंगारू ,बंदर एवम हाथी में आए।

## छावनी में कॉस्मैटिक्स एंड ज्वेलरी शॉप में लाखों की चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी के महेश नगर में शातिर चोर कॉस्मैटिक्स एंड ज्वेलरी शॉप में सेंध लगा 5 लाख से अधिक का सामान चुरा ले गए। चोर इतने शातिर थे कि वह अपने साथ सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी ले गए। हालांकि पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना अंबाला छावनी के करधान रोड पर महक कॉस्मैटिक्स एंड ज्वेलरी की है। पूजा विहार अंबाला छावनी निवासी अनु रानी ने बताया कि उसकी डीएवी रीवर साइड स्कूल के सामने करधान रोड पर महक कॉस्मैटिक्स एंड ज्वेलरी की दुकान है।

## विश्व पशु कल्याण दिवस समारोह का किया गया आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**आर्य बाल** भारती स्कूल परिसर में विश्व पशु कल्याण दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रबंधक जसबीर गवालड़ा रहे। विशिष्ट अतिथि कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक और आर्य समाज काबडी के उपप्रधान ओउम् दत आर्य रहे। अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान आर्य ने की। इस अवसर पर शाकाहार अपनाएं बेजुबान पशु की जान बचाएं विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया और विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व छात्रों और अध्यापकों ने सफाई अभियान का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि जसबीर गवालड़ा ने कहा कि भारतीय संस्कृति जीवों पर दया करो और अहिंसा परमो धर्मं पर आधारित है। प्रकृति और परमेश्वर की दृष्टि में सभी प्राणी एक समान है। यदि हमें प्रकृति को सुरक्षित रखना है तो पशु संरक्षण को बढ़ावा देना होगा। इसी के दृष्टिगत 4 अक्टूबर को पशु प्रेमी असीसी के सेंट फ्रांसिस के जन्मदिन को विश्व पशु कल्याण दिवस के रूप में मनाया जाता है। कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक ने कहा कि स्वच्छता से पवित्रता आती है और पवित्रता में ही परमेश्वर निवास करते हैं।

# वर्तमान में प्रदूषण बहुत बड़ी समस्या: कुलपति प्रो. सोमनाथ

## कुवि में वन्य जीवन सप्ताह के अंतर्गत पौधारोपण अभियान की हुई शुरूआत



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के इको क्लब द्वारा बुधवार को वन्य जीवन सप्ताह के अंतर्गत कुवि के द्वितीय द्वार से पौधारोपण अभियान की शुरूआत बतौर मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा पौधारोपण कर की गई।
इस मौके पर कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण की बहुत बड़ी समस्या है इसके लिए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने की जरूरत है। पर्यावरण बचाने के लिए सामाजिक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाने की निरंतर आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करने के बाद इनका संरक्षण करना भी हम सबकी नैतिक जिम्मेवारी है। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि पृथ्वी पर एक बेहतर भविष्य पाने के लिए हमें पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधे लगाकर जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है।
पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने की लिए पौधों की अहम् भूमिका होती है। कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने भी पौधारोपण कार्यक्रम में पौधा लगाया।
उन्होंने कहा कि वातावरण को दूषित होने से बचाने के लिए व प्रकृति को संरक्षित करने में पौधों की अहम भूमिका होती है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं पर्यावरण नोडल अधिकारी प्रो. शुचिस्मिता ने कहा कि प्रकृति के संतुलन को बनाए रखना मानव के जीवन को सुखी, समृद्ध व संतुलित बनाए रखने के लिए पौधारोपण का अपना विशेष महत्व है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शुचिस्मिता, आईसीसीआर से प्रोग्राम आफिसर विनोद रानी कपूर, कुटा प्रधान डॉ. आनंद कुमार, जूलोजी विभाग के अध्यक्ष व इको क्लब के डिप्टी नोडल आफिसर डॉ. दीपक राय बब्बर, डॉ. सोमवीर जाखड़, डॉ. राजकमल, डॉ. रमेश सिरोही, डिप्टी नोडल आफिसर डॉ. मीनाक्षी सुहाग, डॉ. विशाल अहलावत, डॉ.लता खेड़ा, डॉ. रमेश कुमार, रविन्द्र तोमर सहित शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद थे।

## आईसीआईसीआई प्रू लाइफ इंश्योरेंस क्लेम सेटलमेंट सूची में शीर्ष पर है

**हिसार।** हर व्यक्ति के लिए उसके परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना महत्वपूर्ण विषय है और इसलिए, एक बेहतर जीवन बीमा कंपनी का चयन करने में सबसे प्रमुख कारकों में से एक उसके क्लेम सेटलमेंट अनुपात के मूल्यांकन को माना जाता है। यह अनुपात आपको कुल क्लेम्स की तुलना में कंपनी द्वारा भुगतान किए गए इंश्योरेंस क्लेम्स के प्रतिशत से अवगत कराता है। इस संख्या को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, जो कि क्लेम्स का भुगतान करने में कंपनी की विश्वसनीयता को प्रदर्शित करती है। वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही के लिए लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों के नवीनतम क्लेम सेटलमेंट के अनुपात पर एक नजर डालते हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस का सेटलमेंट अनुपात 97.90 प्रतिशत हैं, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस का 96.70 प्रतिशत, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का 95.80 प्रतिशत, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस का 93.50 प्रतिशत, मैक्स लाइफ इंश्योरेंस का 86.30 प्रतिशत, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस का 77.30 प्रतिशत हैं। उपरोक्त टेबल यह स्पष्ट करती है कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस 97.9 प्रतिशत के सेटलमेंट अनुपात के साथ शीर्ष पर है, जो न सिर्फ प्राप्त क्लेम्स को बेहतरी से सेटल करती है, बल्कि सर्वोत्तम ग्राहक सेवा भी प्रदान करती है। ग्राहक अपनी मेहनत की कमाई के विषय में कंपनी पर भरोसा करते हैं और कंपनी के आँकड़ें भी यही साबित करते हैं कि वे ग्राहकों और उनके परिवारों से किए गए वादों को पूरा करने के लिए दृढ़ हैं।

## थाने के समक्ष फ्लाईओवर पर अब 6 लेन होगी जीटी रोड

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) गृह एवं स्वास्थ्य** मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अब जल्द अंबाला में जीटी रोड पर वाहन चालकों को भारी राहत मिलेगी। अंबाला के पड़ाव थाने के समक्ष जीटी रोड फ्लाईओवर पर सडक को अब सिक्स लेन किया जाएगा जोकि अभी फोरलेन है। विज ने इस संबंध में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ अपने आवास पर बैठक की और इसके उपरांत मौके पर मुआयना किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ऐसी योजना तैयार की जाए जिससे फ्लाईओवर के साथ सर्विस लेन को अम्बाला.सहारनपुर रेलवे लाइन के नीचे अंडर पास बनाकर निकालते हुए सीधा स्टाफ रोड से मिलाया जा सके। मंत्री विज ने अधिकारियों के साथ फ्लाईओवर के नीचे बने अंडरपास क्षेत्र का मुआयना किया और विस्तृत चर्चा की।

## संदीप गर्ग के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों में मिलेगा भोजन



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/बाबैन (दलबीर मलिक) नेता एवं प्रसिद्व** समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा अब तक पांच रसोईयां खोल दी गई है। जिसमें प्रतिदिन लगभग ढाई से तीन हजार लोग मात्र पांच रूपए देकर दोपहर का भरपेट भोजन ग्रहण करते हैं। इतना ही नहीं अब तक संदीप गर्ग द्वारा लाडवा हल्के में 37 नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प एवं आंखो के जांच शिविर लगाए जा चुके हैं। जिसमें लोगों को नि:शुल्क चश्मे व दवाईयां आदि वितरीत की जाती है और जिन लोगों के ऑप्रेशन होते हैं वह भी संदीप गर्ग द्वारा करवाए जाते हैं।
बुधवार को गांव ढंगाली में नेता संदीप गर्ग द्वारा 37वां नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प एवं आंखो के जांच शिविर का आयोजन किया गया। गांव ढंगाली से ही संदीप गर्ग द्वारा एक नई शुरूआत की गई। नेता संदीप गर्ग ने कहा कि गांव ढंगाली से पहले 36 गांवो में कैम्प लगाए जा चुके हैं। परंतु अब से जिस भी गांव में कैम्प आदि लगेंगे वहां पर लोगों के लिए दोपहर के खाने का व्यवस्था की जाएगी। दोपहर का खाना लोगों को नि:शुल्क दिया जाएगा। क्योंकि कई बार कैम्प आदि में भीड़ अधिक होती है और लोगों का नम्बर काफी देर में पडता है, इसलिए अब से लोग अपने स्वास्थ्य का चैकअप करवाने के बाद दोपहर का भरपेट भी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि अभी वह सरकार में नहीं है, अगर जनता ने अपना आशीर्वाद उन्हें दिया तो जो कार्य होंगे वह पूरा हरियाणा देखेगा। लाडवा विधानसभा को नम्बर बनाने का काम करेंगे। वहीं ग्रामीण बलविन्द्र, विक्रम, सक्षम, गुरजंट सिंह आदि ने कहा कि संदीप गर्ग द्वारा पहले ही नेक कार्य किये जा रहे थे। अब संदीप गर्ग द्वारा जो कैम्पों के साथ दोपहर के भोजन को भी जोड़ दिया है, उससे ज्यादा नेक कोई नहीं हो सकता। ऐसे व्यक्ति को आगे लेकर आना चाहिए और साथ देना चाहिए। वहीं कैम्प में 290 ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य व आंखो की जांच करवाई।

# 'हल्का पानीपत ग्रामीण में परिवार जोड़ो अभियान 75 प्रतिशत पूरा'

## गावँ गंजबड़ बडोली राजाखेड़ी मे किया परिवार जोड़ो अभियान




**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**आम आदमी** पार्टी संयोजक एवं दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आदेश अनुसार हरियाणा मैं सरकार बनाने के लिए हरियाणा में परिवार जोड़ो अभियान की शुरूआत की गई हैं । अभी तक हल्का पानीपत ग्रामीण में 41 गांव और 46 कॉलोनिया में डोर 2 डोर कैंपेन कर चुके हैं। डॉगी लगभग हल्का ग्रामीण क्षेत्र का 75% होता है।
आम आदमी पार्टी प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी सुखबीर मलिक ने आज पानीपत ग्रामीण विधानसभा की गावँ गंजबड़ एवं बडोली राजाखेड़ी मे डोर टू डोर कैंपेन किया हल्का पदाधिकारी के साथ मिलकर घर-घर जाकर आम आदमी के मूलभूत सुविधाओं पर बारीकी से चर्चा कर रहे हैं। जिला सचिव देवन सलूजा प्यारेलाल गुप्ता रमेश कुमार ने राजाखेड़ी डोर टू डोर अभियान किया। चर्चा हर घर मे बिजली, हर घर शिक्षा और हर घर मे स्वास्थ्य परिवार महिला सुरक्षा एवं बेरोजगारी पर रही। मूलभूत सुविधाएं सभी के लिए अनिवार्य होनी चाहिए जो कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर उपलब्ध होगी। गावँ गंजबड़ रजाखेड़ी एवम बाड़ोली की जनता में एक अद्भुत उत्साह दिखा ।सुखबीर मलिक ने बताया जनता खुद ब खुद दिल्ली और पंजाब के बारे में चर्चा करती दिखी।
हर घर में बिजली शिक्षा और स्वास्थ्य मैं होनी चाहिए जिस पर जनता ने सहमति जताई।
2024 में आम आदमी पार्टी की सरकार आना तय ये पूरी तरह जनता के हाथ में है जो की स्पष्ट दिख रहा है। सैकड़ो व्यक्तियों ने नाम और नंबर देकर अपनी रुचि दिखाई। इस मौके पर राज कुमार मुंडे ,देवेंन सलुजा, प्यारेलाल गुप्ता, राजेंद्र राठी, कर्मबीर जाटल, राजबीर, मुकेश शर्मा, राजवीर सिंह व बहुत से अन्य साथी शामिल हुए।

**अभियान**
8 अभी तक हल्का पानीपत ग्रामीण में 41 गांव और 46 कॉलोनिया में डोर 2 डोर कैंपेन कर चुके है

# सनौली खंड स्तरीय मेरी माटी मेरा देश अभियान

## अमृत कलश यात्रा का हुआ शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**मेरी माटी** मेरा देश अभियान के तहत सनौली खण्ड में आयोजित रैली में बड़ी तादात में युवतियों ने एवं खंड विकास कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया और मेरी माटी मेरा देश, वंदे मातरम व भारत माता के जयघोष लगाए। अब इस अभियान के दूसरे चरण में कलश में मिट्टी एकत्रित की जा रही है। इसे पहले ग्राम स्तर पर और फिर जिला और राज्य स्तर पर एकत्र किया जाएगा। इसके बाद मिट्टी को दिल्ली भेजा जाएगा जहां देशभर की मिट्टी को मिलाकर अमृत वाटिका का निर्माण किया जाना है। अमृत वाटिका का निर्माण हमारे देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान गंवाने वाले नायकों को याद करेगा और उन्हें श्रद्धांजलि देगा।
कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी कुमारी रितु लाठर ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के दूसरे चरण को बताते हुए कहा कि पानीपत में अभियान चलाया हुआ है जिसमे आज सनौली खंड से खंड स्तरीय जागरूकता रैली निकाल कर उसका शुभारम्भ किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि इस अभियान के अमरवीर शहीदों को अपनी शर्धांजलि अर्पित करने, बच्चो में देश भक्ति की भावना पैदा करने के लिए देश की एकता और एक जुटता के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।
नेहरू युवा केंद्र पानीपत की लेखा एवं कार्यक्रम सहायक कनिका त्रिपाठी ने कहा कि हम सब को अपने देश की एकता बनाये रखने और देश की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए।

## संपादकीय

# डोलती धरती, कांपते लोग

**नेपाल** में धरती से पांच किलोमीटर नीचे भूकंप के केंद्र बिंदु ने तीन अक्टूबर की दोपहर 2 बजकर 51 मिनट पर पहले 4.6 तीव्रता व एक मिनट के ही अंतराल में 6.2 तीव्रता ने सबको हिलाकर रख दिया। सम्पूर्ण नेपाल और उत्तर भारत में जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, देहरादून आदि क्षेत्रों में धरती डोलती रही। लोग घर, दफ्तर और दुकानों से बाहर निकल आए। भूकंप के इन शक्तिशाली झटकों से लोग अभी दहशत में है। बीते साल भी 8 और 9 नवंबर की रात 1:57 बजे आए भूकंप का मैग्नीट्यूड 6.3 था और इसका असर भारत के अलावा नेपाल और चीन में भी देखा गया। भूकंप का केंद्र तब भी नेपाल था। दिल्ली के साथ ही नोएडा और गुरुग्राम में भी कई सेकंड धरती डोलती रही।

ऐसा पृथ्वी के स्थल मंडल में ऊर्जा के अचानक मुक्त हो जाने के कारण उत्पन्न होने वाली तरंगों की वजह से होता है। भूकंप कभी इतने विनाशकारी होते हैं कि शहर के शहर जमींदोज हो जाते हैं। भूकंप का मापन भूकंपमापी यंत्र से किया जाता है। इसे सीस्मोग्राफ कहते है। तीन या उस से कम रिक्टर परिमाण की तीव्रता का भूकंप अक्सर अगोचर होता है, जबकि 7 रिक्टर की तीव्रता का भूकंप बड़े क्षेत्रों में गंभीर क्षति का कारण बन जाता है। भूकंप के झटकों की तीव्रता का मापन मरकैली पैमाने पर किया जाता है। पृथ्वी की सतह पर भूकंप भूमि को हिलाकर या विस्थापित कर प्रभाव डालता है। जब कोई बड़ा भूकंप उपरिकेंद्र अपतटीय स्थिति में होता है तो यह समुद्र के किनारे पर पर्याप्त मात्रा में विस्थापन का कारण बनता है। भूकंप के झटके कभी-कभी भूस्खलन और ज्वालामुखी फटने का भी कारण बनते हैं। भूकंप अकसर भूगर्भीय दोषों के कारण आते हैं। 2021 में 11 सितंबर को जोशीमठ से 31 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण में सुबह 5:58 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इस भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.6 थी। उत्तराखंड में इस भूकंप का प्रभाव चमोली, पौड़ी, अल्मोड़ा आदि जिलों में था । इससे पूर्व 24 जुलाई, 2021 को उत्तरकाशी से 23 किलोमीटर दूर करीब 1 बजकर 28 मिनट पर भूकंप आया था। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 मापी गई थी। जिला मुख्यालय उत्तरकाशी के साथ डुंडा, मनेरी, मानपुर, चिन्यालीसौड़, बड़कोट, पुरोला व मोरी में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। हरिद्वार जिले में वर्ष 2020 में एक दिसम्बर को नौ बजकर 42 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.9 मैग्नीट्यड मापी गई थी, जिसकी गहराई लगभग 10 किलोमीटर तक थी। इस भूकंप से कोई क्षति तो नहीं हुई थी। लेकिन इसे भविष्य में किसी बड़े भूकंप का संकेत अवश्य माना गया था। उत्तराखंड भूकंप के दृष्टि से अति संवेदनशील है। यहां सालभर भूगर्भीय हलचल होती रहती है। 25 अगस्त, 2020 को भी उत्तरकाशी में भूकंप आया था। भूकंप का केंद्र टिहरी गढ़वाल था। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.4 मापी गई थी। इससे पहले चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों में 21 अप्रैल, 2020 को भूकंप के झटके महसूस हुए थे। इसका केंद्र चमोली जिले में था। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.3 थी। देवभूमि उत्तराखंड से लेकर गुजरात तक भूकंप का खतरा लगातार बना हुआ है।

# महिला आरक्षण:किस करवट बैठेगा ऊंट

निर्मल रानी

> "इसे नई जनगणना के आधार पर तथा लोकसभा व विधानसभा की सीटों के परिसीमन के बाद लागू किया जाने का प्रावधान है। सरकार के मुताबिक महिला आरक्षण विधेयक साल आगामी लोकसभा चुनाव तक लागू होने की संभावना नहीं है। इस अधिनियम के लागू होते ही प्र धानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में पार्टी महिलाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उसी समय यह तस्वीर साफ हो गयी थी कि आगामी चुनावों में महिला आरक्षण का यह मुद्दा मुख्य मुद्दा बनने जा रहा है। संसद में भी इस मुद्दे पर बोलते हुये विपक्ष खासकर कांग्रेस ने इसे तत्काल लागू करने की मांग की थी। उससे भी यह जाहिर हो गया था कि कांग्रेस भी महिला आरक्षण के मुद्दे का श्रेय लेने में पीछे रहने वाली नहीं है"

**केंद्र** सरकार ने गत 18 से 22 सितंबर के बीच पांच दिनों के लिए 17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र विशेष बुलाया था। इन्हें विशेष सत्र के रूप में बुलाया गया था। किसी भी दल अथवा नेता को संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे की आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं थी। हाँ तरह तरह के कयास जरूर लगाए जा रहे थे। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग,जी-20 के आयोजन और भारत के लक्ष्यों पर इस सत्र के दौरान व्यापक चचाओं की संभावना थी। यह भी उम्मीद थी कि शायद सरकार देश का नाम कठउक्रअ के बजाय केवल भारत रखने सम्बन्धी फैसला ले सकती है। यह भी कयास थे कि शायद यूनिफॉर्म सिविल कोड पर कोई फैसला हो, 'एक देश एक चुनाव' पर कोई निर्णय हो या फिर पुराने संसद भवन को अलविदा कहने और नवनिर्मित संसद भवन में प्रवेश करने की औपचारिकता पूरी की जाये। इन सभी कयासों में एक यह भी था कि विभिन्न राज्यों की चुनाव पूर्व की बेला में महिला आरक्षण विधेयक भी पारित करा दिया जाये। हालांकि इस सत्र के लिये 18 से 22 सितंबर के बीच की तिथि चुने जाने पर शिव सेना सहित कई दलों ने हैरानी जताई थी। क्योंकि इन्हीं दिनों में देश के बड़े हिस्से में गणेश चतुर्थी जैसा महत्वपूर्ण त्यौहार आयोजित किया जा रहा था। और अनेक राजनेता इस त्यौहार में व्यस्त रहा करते हैं। शिव सेना (उद्धव ) ने तो इसके लिए चुनी गई तारीखों पर आश्चर्य जताते हुये यहां तक कह दिया था कि - "गणेश चतुर्थी के त्योहार के समय ये विशेष सत्र बुलाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है और हिंदू भावनाओं के विरुद्ध है। परन्तु संसद का यह विशेष सत्र सत्र बुलाया तो जरूर गया परन्तु 22 सितंबर तक चलने वाला विशेष सत्र 21 सितंबर को ही समाप्त कर दिया गया। यानी अपनी निर्धारित समय सीमा से एक दिन पहले ही सत्रावसान कर दिया गया। इस बीच सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश एक चुनाव' की संभावना तलाशने के लिए एक समिति गठित की। देश की संसद के कर्णधार नेताओं को याद करते हुये पुराने संसद भवन को अलविदा कहा गया और नये संसद भवन में सत्र चलाने की शुरूआत भी की गयी। और इसके साथ



ही लंबे समय से लंबित महिला आरक्षण पर भी विधेयक ला कर इसे पारित कराया गया। इसे लोकसभा व राज्यसभा में अभूतपूर्व समर्थन मिला। गोया पक्ष विपक्ष के सर्वसम्मति से इस विधेयक ने अधिनियम का रूप ले लिया। और सरकार ने इस विधेयक का लोकलुभावन नाम 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' रखा। अब इस अधिनियम को राज्य विधानसभाओं की मंजूरी की आवश्यकता होगी। तथा इसे नई जनगणना के आधार पर तथा लोकसभा व विधानसभा की सीटों के परिसीमन के बाद लागू किया जाने का प्रावधान है। सरकार के मुताबिक महिला आरक्षण विधेयक साल आगामी लोकसभा चुनाव तक लागू होने की संभावना नहीं है। इस अधिनियम के लागू होते ही प्र धानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में पार्टी महिलाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उसी समय यह तस्वीर साफ हो गयी थी कि आगामी चुनावों में महिला आरक्षण का यह मुद्दा मुख्य मुद्दा बनने जा रहा है। संसद में भी इस मुद्दे पर बोलते हुये विपक्ष खासकर कांग्रेस ने इसे तत्काल लागू करने की मांग की थी। उससे भी यह जाहिर हो गया था कि कांग्रेस भी महिला आरक्षण के मुद्दे का श्रेय लेने में पीछे रहने वाली नहीं है। गौरतलब है कि इसी वर्ष नवंबर-दिसंबर के मध्य मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इसके बाद अगले वर्ष मई-जून में लोकसभा चुनावों के साथ ही आंध्र प्रदेश, उड़ीसा , सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। इसलिये महिला आरक्षण के मुद्दे के बहाने आधी आबादी के वोट बैंक पर झपटने की तैयारी में भाजपा व कांग्रेस यानी पक्ष विपक्ष दोनों ही पूरी तरह से कमर कस चुके हैं। कांग्रेस इसे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी के सपनों का विधेयक बता रही है। कांग्रेस इसे तत्काल लागू न करने के लिये मोदी सरकार की मंशा पर सवाल उठा रही है। सरकार द्वारा जनगणना व परिसीमन के बाद महिला आरक्षण लागू किया जाने की शर्त को सरकार की बहानेबाजी बताते हुये सरकार की नीयत पर ही सवाल उठा रही है। गत 25 सितम्बर को कांग्रेस पार्टी की 21 प्रमुख महिला नेत्रियां द्वारा उत्तर प्रदेश के 21 शहरों में व देश की अधिकांश राजधानियों में महिला आरक्षण तत्काल लागू न करने के लिये सरकार को घेरने तथा इस इस विधेयक को कांग्रेस की देन बताने के लिये बाकायदा प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। और यह संकेत दे दिया गया कि भविष्य में होने वाले सभी विधानसभा चुनावों से लेकर लोकसभा चुनावों तक कांग्रेस इस विधेयक का श्रेय लेने और इसे फौरन लागू न करने के लिये भाजपा को जिम्मेदार ठहराने में कोई कसर छोड़ने वाली नहीं है। खास तौर पर विपक्षी गठबंधन कठउक्रअ के गठन के बाद तो कांग्रेस के हौसले और भी बुलंद हैं और पूरा विपक्ष भी यही कोशिश करेगा कि इस मुद्दे का श्रेय भाजपा किसी भी सूरत में न लेने पाये।

दूसरी तरफ भाजपा की ओर से स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण अधिनियम का श्रेय लेने और साथ ही इसमें तीन दशक का समय लगने के लिये कांग्रेस को ही जिम्मेदार बताने का आक्रामक अभियान छेड़ दिया है। पिछले दिनों चुनावी राज्य मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में प्रधानमंत्री ने जन संघ के सह संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पार्टी कार्यकर्ता के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुछ इस अंदाज में अपनी बात कही - उन्होंने कहा कि-"आज बड़ी संख्या में मेरी बहनें और बेटियां आई हैं । आपको जो मोदी ने गारंटी दी थी, वह भी पूरी हो गई थी। कुछ दिन पहले लोकसभा और राज्यसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने का कानून पारित हो गया। लंबे समय से देश इसका इंतजार कर रहा था। मोदी है, तो हर गारंटी पूरी होने की गारंटी है। मैं एमपी समेत पूरे देश की बहनों को सावधान करना चाहता हूं। कांग्रेस और उसके नए-नए घमंडियां गठबंधन ने मजबूरी में खट्टे मन से समर्थन किया है। बे मन से किया है। यह खट्टापन उनके बयानों में दिखाई देता है। यह उनके गठबंधन में जितने लोग हैं, यह वही लोग हैं, जिन्होंने 30 साल तक कानून पास नहीं होने दिया। संसद में हंगामा किया, और बिल फाड़ दिए। अब मजबूरी में बिल का समर्थन किया है। अब जब समझ गए कि, इनकी चाल चरित्र सबके सामने आ गया है, तो कहने लगे कि, यह क्यों नहीं किया, वह क्यों नहीं किया।"

महिला आरक्षण को लेकर भाजपा व कांग्रेस दोनों की एक दूसरे के प्रति दिखाई जा रही इसतरह की आक्रामकता जहाँ आगामी चुनावों में यह साबित करेगी कि यह मुद्दा आधी आबादी को कितना प्रभावित करेगा वहीं इसके प्रति इसी आधी आबादी का रुख यह भी तय करेगा कि 'महिला आरक्षण का ऊंट' किस करवट बैठेगा।

## कविता

कौन हूँ मैं ?
मुझे धरती लील गई,
आकाश ने छुपा दिया
हवाओं ने अदृश्य कर दिया
या पानी ने अपनी धाराओं में
विलोपित कर दिया मुझे,
अदना मैं अस्तित्व हीन,
शून्य से चिपका
व्योम में बहता सा,
मैं मुझको ही नजर नहीं आता
अपने अतीत में अपने को खोजता
पीछे की ओर नजरें दौड़ा कर,
पितामह हमारे आने वाले कल
की ओर निहारते
गहरी आशावादी दृष्टि से,
मैं अतीत के पाषाणों में
आज तलाश करता,
मां की कोख से जन्मा मैं
शून्य होकर रह गया
हम,हमारे द्वंद के बीच,
सूरज की नव किरणों में
अपने और अपनों को
बुझी आंखों से तलाशता,
सूखे पत्तों सा फड़फड़ाता,
वृक्ष के तनों सा अकडा
उजड़े हुए नगर की तरह
स्वयं बिछड़ा हुआ सा,
आज जन्मे शिशु ने दिया
मुक्ति का संदेश

संजीव

## ...रह जाता कोई अर्थ नहीं !

**सुनील कुमार महला**

**जब कोई किसी परीक्षा** में असफल हो जाता है तो उसका मनोबल बिल्कुल ही गिर जाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो वह एकबार तो पूरी तरह से टूट सा ही जाता है। बहुत बार यह देखा गया है कि अच्छी खासी मेहनत के बाद भी कोई बच्चा/बच्ची किसी परीक्षा में असफल हो जाते हैं, हालांकि अन्य बहुत सी परीक्षाएं उन्होंने बहुत ही अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की होती है। दरअसल, होता यह है कि बहुत से बच्चे किसी परीक्षा विशेष में स्वयं पर बहुत दबाव महसूस करते हैं। यह दबाव माता पिता, अभिभावकों का हो सकता है, किसी अन्य व्यक्ति यहां तक कि समाज का भी हो सकता है, क्यों कि सभी उस व्यक्ति विशेष से बहुत सी अपेक्षाएं रखते हैं। बहुत बार परीक्षा के समय स्वास्थ्य की दिक्कत हो जाने से भी, अच्छी तैयारी के बाद पेपर बिगड़ जाता है लेकिन ऐसी स्थितियों में किसी भी व्यक्ति को, बच्चे को,बच्ची को जो परीक्षा में असफल हो गए हैं, उन्हें यह कतई नहीं सोचना चाहिए कि यह उसका/उसकी आखिरी परीक्षा थी, अंतिम अवसर था, क्यों कि इस संसार में कहीं भी अवसरों की कोई कमी नहीं है। यह संसार अवसरों से भरा पड़ा हुआ है, बस जरूरत है तो इन अवसरों को भुनाने की। संघर्ष ही जीवन है। जो संघर्ष करते हैं वे अवश्य जीतते हैं। संघर्ष बड़ी चीज है और प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में कोई न कोई संघर्ष करना ही पड़ता है। सकारात्मक सोच के साथ मेहनत ही परीक्षा में सफलता दिलाती है, इसलिए असफलता को लेकर बहुत अधिक भावुक होने की जरूरत नहीं है। यह जीवन वैसे भी फूलों की सेज नहीं है, यहां पग पग पर कांटे हैं, संघर्ष हैं। आज प्रतिस्पर्धा का जमाना है। हरेक क्षेत्र में आज बहुत अधिक प्रतिस्पर्धा है। आप जहां भी चले जाइए, आपको हर तरफ कतारें ही कतारें देखने को मिलेंगी। सच तो यह है कि आदमी यानी हम सब संघर्ष से घिरे हुए हैं और जो सफलता या सीख हमें मिलती है वो देखा जाए तो संघर्ष की ही तो देन है। संघर्ष ही हमारे जीवन को निखारता, संवारता व तराशता हैं। बिना संघर्ष के जीवन में आनंद भी नहीं है। जो संघर्ष से प्राप्त होता है, असली आनंद,खुशी उसी में निहित होती है। जो सरलता से, आसानी से प्राप्त हो जाए, वह लक्ष्य ही क्या ? सच तो यह है कि संघर्ष ही हमें जीवन का अनुभव कराता हैं, वह हमें लगातार/ सतत सक्रिय बनाता हैं और हमें जीना सिखाता हैं। संघर्ष का दामन थामकर न केवल हम आगे बढ़ते हैं, बल्कि जीवन जीने के सही अंदाज को जीवन के आनंद को अनुभव कर पाते हैं। संघर्ष जीवन में उतार - चढ़ाव का अनुभव करता है , अच्छे -बुरे, सही गलत, नैतिक अनैतिक का ज्ञान करवाता है, सक्रिय रहना सिखाता है और हमें समय की कीमत सिखाता है।आज के प्रतिस्पर्धा के इस युग में सभी जाने-अनजाने तनाव से ग्रस्त हैं। तनाव की वजह चाहे छोटी हो या बड़ी, यह हमारे शरीर, हमारे मन-मस्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव डालती है।

## विचार

# भारतीय देशभक्त सिखों को मत जोड़ो खालिस्तानियों से

**आर.के. सिन्हा**

**इधर हाल** के दौर में कनाडा, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया वगैरह देशों में मुट्ठीभर सिरफिरे खालिस्तानियों की हरकतों को भारत के सामान्य राष्ट्र भक्त सिखों से जोड़ना वास्तव में किसी अपराध से कम नहीं माना जाएगा। भारत के सिखों की भारत को लेकर निष्ठा पर प्रश्न चिन्ह लगाने का सवाल ही पैदा नहीं होता। सिख पंथ की स्थापना ही राष्ट्र पर जी जान न्योछावर करने के संकल्प के साथ हुई थी। भारत के चौतरफा विकास में सिखों को उल्लेखनीय योगदान रहा है। यह याद रखा जाए कि देश के बंटवारे के समय मोहम्मद अली जिन्ना ने सिखों के सामने पृथक राष्ट्र का प्रस्ताव भी रखा थ जिसे उन्होंने सि? खारिज कर दिया था। उसके बाद वे अपना सब कुछ छोड़कर भारत आ गए थे। यह मानना होगा कि संसार के किसी भी कोने में जाने वाले या रहने वाले सिख भारत के ही ब्रॉड एँबेसेडर हैं। दुनिया के किसी भी भाग में बसा सिख भारत को ही अपनी मातृभूमि और पुण्यभूमि मानता है। सिख समुदाय भारत की टीमों को ही सदा चीयर करता है। मुझे लगता है कि भारतवंशियों के लिए भारत मात्र एक भौगोलिक एन्टिटी (भौगोलिक वास्तविकता) ही नहीं है। यह तो समझना होगा। अगर बात सिखों की करूं तो भारत सिखों के लिए तो गुरुघर है। इसलिए इसके प्रति उनकी अलग तरह की निष्ठा तो रहती ही है।

शेष भारतवंशियों के संबंध में भी कमोबेश यही कहा जा सकता है। इसलिए वे केन्या, कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन वगैरह में बसने के बाद भी अपने को भारत से दूर नहीं कर पाते। सिखों को भी भारत दिल से ही चाहता है। अमृतसर के स्वर्ण मंदिर, पटना साहिब गुरुद्वारा और देश के सैकड़ों गुरुद्वारों में रोज लाखों लोग लंगर का सेवन करते हैं। जो पूरे विश्व में एक मिसाल है। सिखों में सेवा का भाव वास्तव में अदभुत है। आपको भारत के हरेक क्षेत्र में सिख अपना योगदान देते हुए मिलेंगे। अब आप दिल्ली के समाजसेवी जितेन्द्र सिंह शंटी को ही लें। शंटी लगभग तीन दशकों से दिल्ली और इसके आसपास के शहरों में लावरिस शवों का अंतिम संस्कार करवा रहे हैं। उन्होंने कोविड काल में अपने हाथों से दर्जनों अभागे लोगों का अंतिम संस्कार करवाया था। उस समय उन्हें और उनके परिवार के कई सदस्यों को भी कोविड हो गया था। पर वे हार मानने वाले कहां थे। वे कोविड को हराने के बाद फिर से सड़कों पर उतर गए थे। पदमश्री पुरस्कार विजेता शंटी ने रक्त दान का सैकड़ा भी बना लिया है। अर्पणा कौर भी भारतीय समकालीन कला जगत की सशक्त हस्ताक्षर हैं। उनकी कूची 1984 के सिख विरोधी दंगों और वृन्दावन की विधवाओं पर खूब चली है। अर्पणा कौर के चित्रों में बुद्ध, बाबा नानक और सोहनी-महिवाल भी मिलेंगे। उनके चित्रों में स्त्री पात्र खूब मिलते हैं। अपर्णा कौर का बचपन से ही कला के प्रति रुझान था,उनका रुझान कविता साहित्य रचना में था , संगीत में भी दिलचस्पी रखतीं थीं।अर्पणा कौर को बचपन से ही खुले विचारों वाले माहौल के साथ संगीत, नृत्य, साहित्य और चित्रकारी का सांस्कृतिक परिवेश भी मिला। नौ वर्ष की आयु में उन्होंने तेल रंग में 'मदर एंड डॉटर'चित्र बनाया जो अमृता शेरगिल की कलाकृति से प्रभावित था। भारत के नामचीन सिखों की बात होगी करीब तीन साल पहले बिजनेस की दुनिया से रिटायरमेंट ले लेने वाले पीआरएस ओबराय की चर्चा करनी होगी। ओबराय की निगरानी में राजधानी में ओबराय इंटरकांटिनेंटल होटल 1965 में बना था। उन्हें भारत की होटल इंडस्ट्री का गॉड फादर माना जा सकता है। उन्होंने कुछ साल पहले ओबराय इंटरकांटिनेंटल को नये सिरे से विकसित करवाया। मुंबई का दि ट्राइडेंट होटल 26/11हमले में बर्बाद हो गया था। पर ओबराय के बाते विक्की ओबेराय ने उसे राख के ढेर से फि? खड़ा किया। इस सूची में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बिशन सिंह बेदी, भारतीय हॉकी टीम के दो पूर्व कप्तानों क्रमशः हरबिंदर सिंह तथा अजीत पाल सिंह का नाम छोड़ा नहीं जा सकता। इन तीनों ने भारत क्रिकेट और हॉकी टीमों की कप्तानी की है। लाजवाब फारवर्ड हरबिंदर सिंह 1964 के टोक्यो ओलंपिक खेलों में गोल्ड मेडल विजयी भारतीय टीम के सदस्य थे। अजितपाल सिंह की कप्तानी में भारत ने 1975 में वर्ल्ड कप जीता था।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादक: रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## ब्यूटी टिप्स

# नवरात्रों के दौरान सौन्दर्य टिप्स

**शहनाज हुसैन**

**देश में त्योहारों** का सीजन शुरू होने ही बाला है /नवरात्रों से पाबन त्योहारों की शुरूआत मानी जाती है और नवरात्रे कुछ ही दिन बाद शुरू होने बाले हैं /दुनिया भर में हिन्दुओं के सबसे पवित्र त्योहारों में एक माने जाने बाले नवरात्रे इस साल 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक मनाये जायेंगे / नवरात्रो के बाद दशहरा , धनतेरस , दिवाली , करबा चौथ ,भाई दूज , छठ पूजा , सहित अनेक त्यौहार मनाये जायेंगे / नवरात्रों के दौरान महिलाओं को डांडिया , गरबा डांस ,दुर्गा पूजा पंडालों सहित अनेक सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों में महिलाओं को परिवार सहित शिरकत करनी पड़ती है जहां काफी संख्या में जान पहचान के लोग/ रिश्तेदार इकठा होते हैं और इन पवित्र मौकों पर महिलायें भक्ति मय ,मस्ती ,जोश , उमंग से परिपूर्ण अपने सबसे सुन्दर और आकर्षक व्यक्तित्व में दिखना चाहेंगी तो जाहिर है की इन त्योहारों की धूम के बीच महिलाएं सबसे खूबसूरत दिखना पसन्द करती हैं / नवरात्रों में मौसम तेजी से करबट लेता है और इस मौसम में ठण्ड तेजी से बढ़ना शुरू हो जाती है। ऐसे में बाताबरण में तापमान गिरने से नमी में कमी आ जाती है और त्वचा से जुडी अनेक सौन्दर्य समस्याएं खड़ी हो जाती हैं / नवरात्रों में ज्यादातर महिलाएं ब्रत रखती हैं तथा अपनी ब्यस्तताओं की बजह से सही समय पर उचित फलाहार आदि नहीं ले पाती जिससे उनके स्वास्थ्य पर असर पड़ता है और चेहरा बुझा बुझा सा दिखने लगता है /लेकिन अगर आप अपनी सभी ब्यस्तताओं को निभाते हुए भी अपनी आभा और आकर्षण बरकरार रखना चाहती हैं तो आपको कुछ घरेलू उपाय करने होंगे / हमेशा यह ध्यान रखें की अगर आपका उत्सव खुले में आयोजित किया जा रहा है तो तो मात्र बेसिक तक ही सीमित रहें तथा हलके मेक अप पर भरोसा करें क्योंकि ज्यादा मेक अप गर्मी /उमस या मौसम की मार से पिघल कर फैल जाएगा और आपका मूड खराब हो सकता है तथा आप उत्सव का पूरा आनन्द नहीं उठा पाएंगी / उत्सव खुले में शिरकत करने जाती बार आप प्राइमर , फाउंडेशन या कन्सीलर ,आई मेक अप तथा सामान्य लिपस्टिक तक सीमित रखिये जिससे आप का मेक अप खराब न हो तथा आप उत्सव का भरपूर आनन्द उठा सकें/ नवरात्रा के पाबन त्यौहार में अगर आप किसी पार्टी /उत्सव या गरबा डांस में जा रही हैं तो केबल वाटर प्रूफ मेक अप पर केन्द्रित रहें /बाताबरण में गर्मी तथा डांस से शरीर के तापमान में बढ़ोतरी से आप का मेक अप खराब हो सकता है तथा वाटर प्रूफ मेक अप से आई लाइनर ,लिपस्टिक ,फॉउंडेशन बनी रहेगी।

## चुनाव समय ढूँढ़े मोको

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**चुनाव समय** ढूँढ़े मोको, बाकी समय उसको मैं ।
न मंदिर में न आश्रम में, न घर-दुआरे-पाछे में ।
न खेतों में, न आंगन में, न झुग्गी-झोपड़िया में ॥
न मैं नीति में, न मैं रीति में, न मैं सत्ता के अधरों में ।
चार बरस से पहले मैं, बेकार हूँ सरकार गिराने में ॥
नहीं पूछ है, नहीं है रुतबा, मुंह छिपाती घूम रही मैं ।
वोट बनकर बैठी हूँ मैं, मेनिफेस्टो और पोस्टर में ॥
खोजकर देखो मैं मिल जाऊँ, हाइवे और चौराहों में ।
कहे वोटर सुनो भई लंपट, वह तड़पती अनसुनी रागों में ॥

भावार्थः वोटर के अनुसार चुनाव के समय नेता गायों को खोजते हैं। बाकी समय गायें उनके नाम पर वोट बटोरने वाले नेताओं की तलाश करती रहती हैं। चुनाव के बरस नेता हमें कहाँ-कहाँ नहीं ढूँढ़ते। उन्हें मैं कैसे बताऊँ न मैं मंदिर में हूँ न घर-द्वार-पिछवाड़े में। न खेत-आंगन में हूँ न झुग्गी-झोपड़ियों में। न मैं सत्ता की नीतियों-रीतियों में हूँ न उनके होंठों में। अलबत्ता संस्कृति विभाग की नेता अपनी संतानों के होटलों में स्टाइलिश इंग्लिश नाम से स्वादिष्ट क्विजिन बनकर बेशकीमती प्लेटों में परोसी जाती हूँ। मिलूँगी या दिखूँगी भी क्यों? मैं तो नेताओं के लिए चार बरस तक मिस्टर इंडिया की तरह गायब रहती हूँ। चार बरस तक सरकार गिराने में लाचार हूँ। इसीलिए मुझे इस दौरान कोई नहीं पूछता। चुनावी बरस जैसी न पूछ होती है न रुतबा। मैं तो उनके मेनिफेस्टो और पोस्टरों में मान-सम्मान और दुनिया भर की सुख-सुविधाएँ पाती हूँ।

बाकी समय हम स्वस्थ होने पर कहीं बीफ बनकर तो कहीं लंपी का शिकार होकर हाइवे-चौराहों पर नजर आती हैं। ऐसे सत्ताधारी नेताओं को देखकर हमें शर्म आती है। कसाइयों से ज्यादा इन्हें देखकर मुँह छिपाना पड़ता है। छद्म राष्ट्रवाद और छद्म धर्म के नाम पर छद्म सेवा का खेल सबसे खतरनाक होता है।

## न्यूज फ्लैश

### कुश्ती में पाइट की पायल ने जीता स्वर्ण

**समालखा/कमाल हुसैन**
**महर्षि** दयानंद विश्वविद्यालय में हुई राष्ट्रीय ग्रैपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता में बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा पायल ने स्वर्ण पदक जीता है। पाइट कॉलेज की छात्रा का बुधवार को सम्मान किया गया। पाइट के सचिव सुरेश तायल ने बताया कि पायल ने सब जूनियर 46 किलोभार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। इससे पहले शूटिंग में श्रुति कई स्वर्ण पदक जीत चुकी है। खेलों में भी करिअर बनाया जा सकता है। लड़कियां देश के लिए मेडल जीत रही हैं। इस अवसर पर निदेशक डॉ.जेएस सैनी एवं खेल अधिकारी डॉ.बजरंग राणा मौजूद रहे।

### रूकमणि देवी पब्लिक स्कूल में अंतर जिला स्तरीय जंप रोप प्रतियोगिता 7 से

**राई। अंतर जिला** स्तरीय जंप रोप प्रतियोगिता रुकमणी देवी पब्लिक स्कूल में 7 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के बारे में स्कूल के स्पोर्ट्स इंचार्ज डीपी विनीत दहिया ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता हरियाणा जंप रोप एसोसिएशन के जनरल सचिव वीर सिंह आर्य की देखरेख में होगी। इसमें सभी स्कूलों के आयुवर्ग 10, 12, 14, 18 और 20 के सभी खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रधानाचार्य डा. प्रवीण गुप्ता ने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के महत्व के बारे में जानकारी दी और खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए छात्रों को प्रेरित किया।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# पुलिस कुश्ती क्लस्टर का हुआ शुभारंभ

## हरियाणा पुलिस का जवान प्रधानमंत्री के संदेश फिट है तो हिट है को कर रहा चरितार्थ : मनोहर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री मनोहर** लाल ने कहा कि कुश्ती व कबड्डी प्रदेश के माट्टी के पारम्परिक खेल हैं, जिनको गांव-गांव में प्राचीन समय से खेला जाता है और ऐसे खेल हमें ऊर्जा, संस्कार व प्रेरणा देते हैं और इसी के चलते आज हरियाणा को खेलों की धरती व खेलों का हब के नाम से जाना जाता है। मुख्यमंत्री आज हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के बच्छेर स्टेडियम में आयोजित पांच दिवसीय 72वें अखिल भारतीय पुलिस कुश्ती क्लस्टर का शुभारंभ करने उपरांत उपस्थित पुलिस जवानों व विभिन्न प्रदेशों से आए पुलिस खिलाडि?ों को संबोधित कर रहे थे। इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों व अर्धसैनिक बलों की 36 टीमों के 2561 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने देशभर से आए पुलिस खिलाडि?ों का हरियाणा की पावन धरा पर पहुंचने पर स्वागत व अभिनन्दन किया। उन्होंने सभी खिलाडि?ों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि जो फिट है वो हिट है। शारीरिक व्यायाम करने के साथ-साथ जो योग पद्धति को अपनाकर या खेल खेलकर अपने आपको फिट रखता है, वहीं हिट होता है। यही प्रदर्शन खिलाडि?ों की ओर से दिखता है। उन्होंने कहा कि जब कोई खिलाड़ी जीतता है तो उस विजय से न केवल उसे ऊर्जा मिलती है, बल्कि पूरे देश की जनता को ऊर्जा मिलती है। खेलों में पुलिस का भी कम योगदान नहीं है और हरियाणा पुलिस के जवान तो धाकड हैं, जो प्रधानमंत्री के संदेश पिटऊ है तो हिट है को सही मायने में चरितार्थ कर रहे हैं। मनोहर लाल ने कहा कि कुश्ती को दंगल कहा जाता है दंगल में एक खिलाड़ी सामने वाले खिलाड़ी की पीठ जमीन पर टिका कर चित करता है और वह विजयी होता है। पुलिस का कर्तव्य भी दंगल से कम नहीं है, जब कभी अपराधियों से मुठभेड़ होती है तो अपराधी की पीठ टिकाना ही पुलिस का लक्ष्य होता है। उन्होंने कहा कि खेल हर हरियाणवी की शान है और अपनी खेल प्रतिभा दिखाकर यहां के खिलाडियों ने सदैव देश व प्रदेश का मान बढ़ाया है। अभी हाल ही में चीन में चल रहे 19वें एशियन गेम्स में भी देश को अब तक मिले 71 पदकों में से 19 हरियाणा के खिलाडियों ने जीते हैं। मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने खिलाडि?ों को खेल, पुलिस, शिक्षा व ऊर्जा विभाग में नौकरियों में आरक्षण का विशेष प्रावधान किया है। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूलों में हॉकी व मुक्केबाजी की नर्सरियां खोली गई हैं, जिनमें 5 से 15 आयु वर्ग के उभरते खिलाडियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा प्रदेश विश्व का ऐसा प्रदेश है, जहां ओलम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 6 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की सरकार ने निरंतर पहल की है।

## समर्थकों ने लंगर सेवा करके मनाया विधायक प्रमोद विज का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**कमाल हुसैन**
**पानीपत** शहरी विधानसभा के भाजपा विधायक प्रमोद कुमार विज का 68 वा जन्मदिन उनके समर्थकों ने खूब धूम धाम से मनाया, एवं एक दूसरे को बधाईयाँ भी दी। मॉडल टाउन मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया में गरीबों के लिए लंगर लगा कर सेवा की एवं एक दूसरे को मिठाई खिला कर विधायक के जन्मदिन की बधाई दी, वही विधायक के सहयोगी दिनेश ने लुधियाना शॉल मार्केट में केक काटकर और हलवे का लंगर लगा कर विधायक का जन्मदिन



मनाया क फोन और सोशल मीडिया के माध्यम, से भी विधायक को प्रदेश के बड़े नेताओं और कार्यकताओं ने विधायक विज को जन्मदिन की शुभकामनाएं देकर उनके दीर्घायु होने की कामना की क कार्यकर्ताओं ने शहर मे विधायक के जन्मदिन पर शहरभर मे होर्डिंग लगाकर भी उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं है।

## महापौर मदान की अध्यक्षता में निगम हॉउस की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नगर** निगम सोनीपत हॉउस की मीटिंग में मेयर निखिल मदान, सोनीपत विधायक सुरेन्द्र पंवार, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा,डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत,नगर निगम के सभी पार्षदगण, निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा,संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा , सहित सभी नगर निगम अधिकारी मौजूद रहे। ागर निगम क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए 13 एडहॉक कमेटियों का गठन किया गया। जिसकी सूची सलंग्न है। हाउस की बैठक में निम्नलिखित प्रस्ताव मेयर निखिल मदान द्वारा रखे गए जिन्हें सभी पार्षदों की सर्वसम्मति से पारित किया गया अरोड़ा वंश के युग प्रवर्तक, महाराजा अरूट के नाम से शहर में सेक्टर 14-15 डिवाइडिंग



रोड पर चौक बनाने और उनकी मूर्ति लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया। स्वर्णकार समाज के महाराजा अजमीढ़ जी के नाम पर महाराजा अजमीढ़ रोशनी सेवा सोसायटी द्वारा नगर निगम से रेवली गांव में धर्मशाला के लिए कलेक्ट्रेट रेट पर जमीन की मांग की गई है। इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास किया गया है। प्रोपर्टी आई डी और टैक्स सर्वे में बिलों से सम्बंधित सभी खामियों को वार्ड स्तर पर कैम्प लगाकर दूर किया जाएगा और अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। जैन सेवा तीर्थ महासभा द्वारा जैन समाज की धर्मशाला के लिए निगम से कलेक्ट्रेट रेट पर जमीन की मांग की गई है। इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास किया गया। कबीरपुर सुधार समिति द्वारा कबीरपुर गांव में हरिजन चौपाल की मांग की गई है। इस हरिजन चौपाल को बनाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया।
ककरोई रोड़ पर रवि धर्म कांटा वाली गली के सामने संत
नामदेव धर्मशाला स्वागत द्वार बनाने और सेक्टर 23 से ककरोई रोड़ का नाम संत नामदेव किए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया। पंजाबी गौरव संघ द्वारा सुभाष चौक पर शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा पार्क का सौंदर्यीकरण करने का प्रस्ताव मेयर निखिल मदान और पूरे सदन द्वारा सर्वसम्मति से पास किया गया। नगर निगम क्षेत्र के रेवली गाँव में 4 एकड़ में ग्रामवासियों के लिए पार्क निर्माण का प्रस्ताव पिछली बैठक में सर्वसम्मति से पास किया गया था।

## डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने फाइनेंस कमेटी के उपाध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला**
**(मनीष कुमार)** अम्बाला हरियाणा जन चेतना पार्टी से पार्षद व नगर निगम के डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने प्रैस वार्ता आयोजित की जिसमें उन्होनें कहा कि शहर में विकास कार्य नहीं हो रहे। सफाई व्यवस्था से लेकर सभी प्रकार के विकास कार्य रूके हुए है। उन्होनें कहा कि इन कार्यों के लिए एक फाइनेंस एण्ड काट्रैक्ट कमेटी बनाई गई थी। जिसमें शहर में होने वाले विभिन्न विकास कार्यों के लिए बजट व टैंडर की प्रक्रिया को निर्धारित किया जाता है। लेकिन कमेटी बनने के बाद से अभी तक कोई बैठक नहीं हुई है न ही उन्हे विकास कार्यो के बारे में कोई जानकारी दी गई है। इसी के चलते मैं इस कमेटी के उपाध्यक्ष के पद से इस्तिफा दे रहा हूं। उन्होनें कहा कि जब से यह कमेटी बनाई गई है तब से ही वे अधिकारियों को इस कमेटी की बैठक को लेकर अवगत करवा रहे है। लेकिन अभी तक अधिकारियों ने इस बारे में कोई कार्रवाई नहीं की है। इसी के चलते उन्होनें आज इस कमेटी से इस्तिफा दिया है।
वहीं स्ट्रीट लाइट की समस्या पर संज्ञान लेते हुए उन्होनें कहा कि सरकार के निदेर्शों के अनुसार स्ट्रीट लाइटों का टेंडर जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही प्रत्येक वार्ड में जो खराब लाइटें है उन्हें भी दुरूस्त करवाया जा रहा है। धीरे धीरे शहर से अधेंरा दूर हो जाएगा।
उन्होनें बताया कि लोकर कमेटिया इसलिए बनाई गई थी कि लोगो से संपर्क साध उनसे जुड़ कर उनकी समस्याओं को दूर किया जा सके।

## शाहपुर रोड पर फार्म हाउस में बने कमरे से एलईडी व इन्वर्टर बैटरी चोरी

**गन्नौर। शाहपुर** रोड पर फार्म हाउस में कमरे की छत की सिल्ली तोड़कर अज्ञात चोर एलईडी, इन्वर्टर बैटरी चोरी कर ले गए। चोरी की शिकायत बड़ी रोड निवासी अशोक ने पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को दी शिकायत में अशोक ने बताया की 3 अक्टूबर को सुबह उसके पास बड़ी निवासी किसान बाली का फोन आया कि उसके शाहपुर रोड स्थित उसके फार्म हाउस में चोरी हुई है। इसके बाद जाकर देखने पर पाया गया कि ऊपर वाले कमरे की आगे से दीवार तोड़कर लेंटर की सिल्ली तोड़कर कमरे से एक 32 इंच एलईडी और इनवर्टर बैटरी चोरी कर ले गए है।

## जिला कारागार में हुआ स्पेशल लोक अदालत का आयोजन



**करनाल/टीम ,क्शन इंडिया। सीजेएम सुश्री जसबीर** कौर ने बुधवार को जिला कारागार में स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया, जिसमें 9 अंडर ट्रायल प्रिजनर्स के केसों का चयन किया गय, जिसमें 9 केसों में 9 अंडरगोन किया।
सुश्री जसबीर ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है तो वह सुपरिटेंडेंट जिला कारागार के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को भेज सकता है। अथॉरिटी के द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा।
सीजेएम ने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बच्चों, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति व जनजाति या आम नागरिक जिसकी सभी स्त्रोतों से आय 3 लाख रुपये से कम है, ऐसे व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह या मुफ्त कानूनी सहायता पाने का हकदार है। इस अवसर पर जिला जेल अधीक्षक अमित भादू, उप अधीक्षक सुश्री शैलाक्षी भारद्वाज उपस्थित रही।
जेल उपाधीक्षक सुश्री शैलाक्षी भारद्वाज, जसवंत सिंह, डिप्टी ने सीजेएम को आश्वस्त किया कि हम सप्ताह में एक बार सभी कैदियों से पूछते रहते हैं कि किसी के पास कोई वकील उसके केस की पैरवी करने के लिए ना हो तो जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा उसे निशुल्क प्रदान किया जाएगा।

## रेलवे के डिप्टी डायरेक्टर को स्नेह मिलन समारोह में मिला विशेष सम्मान

### देश सेवा और राष्ट्र निर्माण में समर्पित है जाट समाज : सतपाल सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। अहमदाबाद में** हुए पश्चिम रेलवे जाट परिवार स्नेह मिलन कार्यक्रम में गांव ठरू उल्देपुर निवासी रेलवे के डिप्टी डायरेक्टर सतपाल सिंह का बतौर मुख्यातिथि अहमदाबाद में विशेष सम्मान से नवाजा गया। सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जाट बिरादरी परिवार ने सहयोग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आपसी भाईचारे को बढ़ावा, एक दूसरे को सम्मान देने और समाज



के होनहार बच्चों को प्रोत्साहित करने का कार्यक्रम हर साल मनाया जाता है। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों ने अपने अपने विचारों रखे। मुख्यातिथि सतपाल सिंह ने बातचीत करते हुए बताया कि हमे अपनी मेहनत और अपने वयवहार से अपनी अलग पहचान बनानी होगी। हमे समाज के सभी लोगों को साथ लेकर चलना होगा और बच्चों को अपने महापुरूषों, अपनी संस्कृति और संस्कारों के बारे में जानकारी देनी होगी। हमे अपनी सोच को पॉजिटिव रखते हुए सभी अच्छे लोगों का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मेहराराम हुड्डा ,मुकेश जाखड़, रघुनाथ, प्रेम सुख, शीशराम, छोटू राम,सुरेंद्र,प्रेमाराम ,भंवरराम चौधरी, सुरेंद्र गढ़वाल,मुकेश डांगी, सुरेंद्र कुल्हारी, पुष्पेंद, मानवीर चौधरी, कैलाश, मनोज आदि का समाज की तरफ स्वागत किया गया।

## ओम शांति स्कूल में पौधारोपध कर उनकी देखरेख का संकल्प लिया

**टीम एक्शन इंडिया/राई। ओम शांति** शिक्षा सदन नाथूपुर में राहुल व मनोज गर्ग के निर्देशन में ईको क्लब के विद्यार्थियो द्वारा स्कूल प्रांगण व मैदान में पौधरोपण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार के तुलसी ऐलोवेरा, आम, पीपल, गुलाब गेंदा व छायादार पौधे लगाए गए। मनोज गर्ग ने कहा कि पौधारोपण को मुख्य उद्देश्य चारों तरफ के वातावरण को स्वच्छ, सुंदर एवं हरा-भरा बनाना रहा ताकि स्कूल प्रांगण अनेक प्रकार के फूलों से महकता रहे और पढ़ाई का



सकारात्मक वातावरण रहे। स्कूल के निदेशक योगराज भारद्वाज व प्रधानाचार्य ने क्लब के कार्य की सराहना की। प्रधानाचार्य ने छात्रों संग पौधारोपण के बाद छात्रों को पेड़- पौधों की महत्वता बताते हुए शुभ अवसर पर पौधारोपण करने का छात्रों के साथ संकल्प लिया। निदेशक योगराज भारद्वाज ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए पौधारोपण जरूरी है।

# योगाभ्यास और प्राणायाम का दिया प्रशिक्षण

## योग व्यक्ति के अंदर आत्मविश्वास की भावना पैदा करता है : दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश गुलाटी** के नेतृत्व में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत पार्क एनक्लेव सेक्टर तेरह कक्षा में लगाए गए विशेष योग शिविर में दिनेश गुलाटी ने सदस्यों को योगाभ्यास और प्रणायाम का शिक्षण दिया। उन्होंने साधकों को विभिन्न तरह के सूक्ष्म व्यायाम, आसन और प्राणायाम करवाए। इस दौरान उन्होंने प्राणायाम के महत्व के बारे में समझाते हुए कहा कि योग ना केवल बाहर से स्वस्थ रखता है, अपितु अंदरूनी तौर पर स्वस्थ और संतुलन बनाए रखता है और साथ ही आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने में भी मदद करता है। योग करने वाला व्यक्ति पूर्ण रूप से निरोगी जीवन



व्यतीत कर सकता है। बच्चे, व्यस्क और बुजुर्गों सभी के जीवन में योग समान रूप से लाभकारी है। दिनेश गुलाटी ने कहा कि इस भागदौड़ भरी जिंदगी में अगर दिन में एक घंटा भी योग किया जाए तो इसके अनगिनत लाभ पहुंचते हैं। योग तनाव और चिंता को काम करता है और व्यक्ति के अंदर आत्मविश्वास की भावना पैदा करता है। योग द्वारा हम श्वसन संबंधी हर समस्या को दूर कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त पाचन क्रिया, रक्त का परिसंचरण, फेफड़े और हृदय संबंधित कई तरह की बीमारी से दूर रह सकते हैं और लंबी उम्र तक स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकते हैं।
इस अवसर पर पार्क एसोसिएशन के प्रधान सुखमिंदर मनोचा, सचिव राजेश ग्रोवर, नीरज खुराना, प्रमोद गुप्ता, रूपम चौधरी, शैलेंद्र नंदवानी, आशु नंदवानी, विजय आनंद, शशि पांधी, पंकज अनेजा, सुदीप दीवान, पारस आनंद, महिला विंग की अध्यक्षा सुजाता पांधी, सचिव कविता चौधरी, पूनम वाधवा, रितु वाधवा, कविता भारती, दीपिका खुराना, सुनीता आनंद, सुनंदा दीवान, रजनी मनोचा, श्रुति गर्ग और सुषमा गुलाटी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### 100 पव्वा देसी शराब के साथ दो पकड़े

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना छाता पुलिस ने दो अभियुक्तों को 100 पव्वा देसी शराब हरियाणा मार्का के साथ पकडा है। तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल भी पुलिस ने बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक थाना छाता संजीव कुमार दुबे के मुताबिक बुधवार को एनएच 19 के किनारे दौताना फ्लाईओवर से पहले दौताना सर्विस रोड पर साहिद पुत्र बल्लो निवासी गांव सारन एनआईटी तहसील बडखल थाना सारन जिला फरीदाबाद (हरियाणा) तथा अख्तर पुत्र सामलिया निवासी दौताना थाना व तहसील छाता जिला मथुरा को 100 पव्वे अवैध देशी शराब हरियाणा मस्ताना मार्का व एक मोटर साइकिल स हीरो स्पलेन्डर प्लस के साथ गिरफ्तार किया गया है।

### एमवीडीए ने हाइवे किनारे की दो कॉलोनियों को तोड

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण ने हाईवे पर विकसित हो रहीं दो आवासीय कॉलोनियों को जेसीबी से तोड दिया। एमवीडीए के अधिकारियों का कहना है कि मानचित्र स्वीकृति के बिना ही कॉलोनियों को विकसित किया जा रहा था। किसी भी व्यक्ति को अवैध निर्माण नहीं करने दिया जायेगा। विकास प्राधिकरण की टीम ने बुधवार को उस्फार गांव में विकसित हो रही दो अवैध कालौनी में जेसीबी से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की है। थाना हाईवे की पुलिस फोर्स के साथ दोनों अवैध कॉलोनी को तोड़ने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान अवर अभियंता मनीष तिवारी व दिनेश गुप्ता उपस्थित रहे। विकास प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार सिंह का कहना है कि बिना मानचित्र स्वीकृति के किसी भी व्यक्ति को निर्माण नहीं करने दिया जायेगा। उस्फार गांव पर हाईवे पर लगभग 4000 वर्ग मीटर में प्लाटिंग की जा रही थी। जिसके विरुद्ध प्राधिकरण ने वाद योजित किया गया था। इसी प्रकार दूसरी कॉलोनी काटी जा रही थी जिसके विरुद्ध प्राधिकरण द्वारा वाद आयोजित किया गया था। यह कॉलोनी लगभग 3000 वर्ग मीटर में काटी जा रही थी। नोटिस जारी होने के बाद भी दोनों कालौनी के मालिकों द्वारा निर्माण की कार्यवाही को नहीं रोका गया जिस पर प्राधिकरण के ओएसडी प्रसून द्विवेदी द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के आदेश पारित किए गए। दोनों कॉलोनी में सड़क बिजली के खंभे नाली एवं भूखंडों पर डीपीसी लेवल तक भरी हुई दीवारों को तोड़ा गया है।

### मां वैष्णो देवी का 16वें जागरण की तैयारियां शुरू

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मां वैष्णो देवी मित्र मंडल के तत्वावधान में मां वैष्णो देवी का 16 वां विशाल जागरण, भव्य शोभायात्रा व छप्पन भोग की तैयारियां आरंभ हो चुकी हैं। 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी बैठक स्थानीय होटल में आहूत की गई। जिसमें इस वृहद आयोजन की तैयारी पर विस्तार से चर्चा व योजना के बाद व्यवस्था सौंपी गयीं। इस अवसर पर निमंत्रण मंजूषा का विमोचन मण्डल के पदाधिकारियों व सदस्यों ने किया। आयोजन में 20 अक्टूबर को प्रातः बेला में स्वामी घाट से विशाल शोभा यात्रा नगर भ्रमण करते हुये कार्यक्रम स्थल जवाहर इंटर कॉलेज के मैदान में पहुचेगी। दोपहर मां वैष्णो का महा अभिषेक, हवन, ज्योति प्रज्वलन, कन्या लांगुरा पूजन होगा। रात्रि बेला में भव्य छप्पन भोग दर्शन रात्रि जागरण में मां का गुणगान प्रसिद्ध भजन गायक करेंगे। मां वैष्णो की गुफा आकर्षण का केन्द्र रहेगा। बैठक में प्रमुख रूप से कार्यवाहक अध्यक्ष रवि अग्रवाल मंगलम, महासचिव पं. शशांक पाठक, उपाध्यक्ष विवेक सुतिया, सचिव मयंक अग्रवाल, अंकित कसेरे, कोषाध्यक्ष बंटी गोला, राज गोयल, हिमांशु सूतिया, सोना पाठक, पंडित अमित भारद्वाज, दीपक गोला, दिव्याक अग्रवाल, अमित वर्मा, हर्षवर्धन शास्त्री, श्याम शर्मा, अंकुर अग्रवाल, सियाराम गोयल, गौरव अग्रवाल, पंडित षषांक पाठक, रवि अग्रवाल, अंकित कसेरे, बंटी गोला, मयंक अग्रवाल, मौसम अग्रवाल, राजेश गोला, मोहित अग्रवाल, विजय बंसल, दिलीप शर्मा, मनोज अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में किशोर की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना जैंत क्षेत्र के गांव आझई निवासी 15 वर्षीय एक किशोर की अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक के पिता के घर आने तक परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। आझई निवासी संदीप पुत्र वीरेंद्र मंगलवार शाम घर से दो दोस्तों के साथ आझई हाईवे स्थित जिम पर आया था। उसके बाद चौमुहां निवासी एक दोस्त को जिम से चौमुहां अड्डे पर छोड़कर दुबारा जिम की तरफ जा रहा था। तभी केएफसी के निकट सामने से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी।

# ब्रज का एक अद्भुत शिल्प है 'सांझी'

**लोक शिल्प**

8 सांझी शब्द सांझ से बना है। सांझ अर्थात शाम का समय अथवा संध्या जो ब्रज में प्रचलित है।

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मनवांछित फल पाइये जो कीजै इहि सेव, सुनौ कुंवरि वृषभानु की यह सांझी सांचौ देव। सांझी ब्रज का एक अद्भुत लोक शिल्प है। पितृपक्ष में सांझी कला का उत्सव भी मनाया जाता है। गांव से शहर तथा मठ मंदिरों तक कला जीवंत हो उठती है। वृन्दावन नगर के मंदिरों में फूलों से, रंगों से तथा पानी के ऊपर व पानी के नीचे कलात्मक सांझियां तैयार कीं जाती हैं। वृंदावन के राधाबलभ मंदिर, भट्टजी की हवेली, राधारमण, गोपीनाथजी (वल्लभ कुल) मंदिर, शाहजहांपुर वाले मंदिर, प्रियाबल्लभ कुंज व यशोदानंदन मंदिर आदि मंदिरों में सांझी मनोरथ की पुरानी परम्परा है जो आज तक की



युवा पीढ़ी इस कला को निभाती चली आ रही है। सांझी शब्द सांझ से बना है। सांझ अर्थात शाम का समय अथवा संध्या जो ब्रज में प्रचलित है। भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित सांस्कृतिक पृष्ठभूमि होने के फलस्वरूप ब्रज क्षेत्र प्राचीन काल से ही विभिन्न लोक शैलियों का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। हस्तकला, संगीत, वास्तुकला, शिल्पकला इत्यादि उनमें प्रमुख हैं। लोकनायक भगवान श्रीकृष्ण का नाम कण कण में गूंजते ही लताओं से भरे उद्यान, यमुना नदी, नदी के तीर पर उनकी बाल लीलाओं के स्थल, ब्रज की पावन भूमि आज भी सभी दृश्य नैनों के समक्ष प्रकट होने लगते हैं। अष्टकोणीय आकृति होने से ब्रज के रसिक संतों ने तो इसे ह्यवैष्णव-यंत्रह्न तक कह डाला। 16वीं सदी में भक्ति आंदोलन के काल में इन कलाओं की व्यापक प्रगति हुई थी। इसका प्रमुख कारण था कि भारत के विभिन्न क्षेत्रों से भिन्न भिन्न कला में निपुण कला प्रेमी ब्रज में एकत्र होते थे। कृष्ण के प्रेम एवं भक्ति के परमानन्द में सराबोर भक्तों का यह प्रमुख केंद्र बन गया था। कृष्ण के प्रति भक्तों का स्नेह अपनी चरम सीमा में होता था। आज सिर्फ यहां लोग दर्शन करने, समय पास करने व साप्ताहिक छुट्टियां बिताने, आनन्द प्राप्ति व मनोरंजन के लिए ही आते हैं। मान्यता के अनुसार जब श्रीकृष्ण गौ चारण करके लौटे थे तो गोधूलि बेला में राधारानी गोपिकाओं के साथ मार्ग को विभिन्न प्रकार के पुष्पों से सजा देतीं थीं। जिसे देख श्रीकृष्ण तथा ग्वालों की मण्डली आनंदित होती थीं। आज भी मंदिरों में इस परम्परा का निर्वहन किया जाता है। चूँकि यह श्री राधा जी के द्वारा निर्मित कला की प्रकृति है इसलिए इस सांझी को देवस्वरूप मानकर ब्रज में इसकी पूजा की जाती है- मंदिरों की गायन शैली में सांझी की परंपरा
केवल कलात्मक सौन्दर्य ही नहीं है इस परम्परा से जुड़ीं पदावलियों का गायन इसके महत्व को और अधिक बढ़ता है।

# स्कूल से लौट रहे शिक्षक पर बाइक सवारों का हमला

**जांच शुरू**

8 शिक्षक को चोटें आई है। पुलिस ने शिक्षक की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कोसीकलां में स्कूल से लौट रहे एक शिक्षक पर रास्ते में अज्ञात बाइक सवारों ने हमला कर दिया। मारपीट कर उसे घायल कर दिया। शिक्षक को चोटें आई है। पुलिस ने शिक्षक की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के शेखान चौराहा निवासी तुषार अग्रवाल गोपाल बाग स्थित आदर्श विद्या मंदिर संस्कार अध्यापक के पद पर तैनात हैं। रोजाना की तरह वह मंगलवार को भी स्कूल गए थे। दोपहर में छुट्टी के बाद वह



स्कूल से लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में शेरगढ़ रोड पर अज्ञात हमलावरों ने उनको रोक लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मौके का फायदा उठाकर हमलावर बाइक पर भाग निकले। हमले में शिक्षक को चोटें आई है। शिक्षक ने थाने में अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# सीडीओ ने संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर, राजकीय बाल ग्रह शिशु एवं विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय राजकीय संप्रेषण किशोर में 51 बच्चे तथा राजकीय बाल गृह शिशु एवं विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी में 16 बच्चे थे। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा निरीक्षण के समय संस्था प्रभारी को निर्देशित किया गया कि सभी बच्चों को पर्याप्त वस्त्र व बिस्तर उपलब्ध कराए जाए।

बच्चों को भोजन हेतु निर्धारित मीनू का अनुपालन किया जाए। बालकों को परिवार से बात करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाए। कमरों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाए। संस्था परिसर में



बालकों की रुचिकर कलात्मक पेंटिंग कराई जाए। दिव्यांग व मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए विशेष ट्विटर की व्यवस्था की जाए। बच्चों के मनोरंजन हेतु टीवी के सुचारू रूप से चलने के लिए एंटीना पर तार अथवा जल लगाया जाए जिससे बंदरों से डिश एंटीना को सुरक्षित रखा जा सके। निरीक्षण के समय जिला प्रोबेशन अधिकारी, संस्था प्रभारी एवं अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

### एसडीएम न्यायिक महावन होंगी दीपिका मेहर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने डिप्टी कलेक्टर मयंक गोस्वामी को उप जिलाधिकारी गोवर्धन, डिप्टी कलेक्टर वैभव गुप्ता को उपजिलाधिकारी सदर, डिप्टी कलेक्टर राजकुमार भास्कर को एसीएम वृंदावन, डिप्टी कलेक्टर कंचन गुप्ता को उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर, डिप्टी कलेक्टर आदेश कुमार उप जिलाधिकारी न्यायिक मांट तथा उप जिलाधिकारी गोवर्धन दीपिका मेहर को उप जिलाधिकारी न्यायिक महावन के पद पर किया गया तैनात। तहसीलदार न्यायिक मथुरा पवन कुमार गुप्ता को तहसीलदार मांट, तहसीलदार मांट मनीष कुमार को तहसीलदार गोवर्धन तथा तहसीलदार गोवर्धन अजीत कुमार को तहसीलदार न्यायिक मथुरा के पद पर तैनात किया गया।

# प्राचीनतम नगरी की प्राचीन धरोहरें की हो रही अनदेखी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मथुरापुरी प्राचीनतम नगरों में है, प्राचीन धरोहर ही यहां की पहचान है। इनके रखरखाव में लपरवाही बरती जा रही है। वृंदावन में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की धरोहर श्री मदनमोहन मंदिर अनदेखी लगातार हो रही हैं। सोमवार को धरोहर की एक दीवार का काफी बड़ा हिस्सा भर भराकर गिर गया। जिस पर नाराजगी जताते हुए याचिकाकर्ता प्रहलाद कृष्ण शुक्ला एड. ने प्रधानमंत्री कार्यालय एवं महानिदेशक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि स्थानीय मथुरा प्रशासन एवं एएसआई की



अनदेखी एवं उदासीनता के चलते लगातार यहां प्राचीन धरोहरें नष्ट होने की कगार पर हैं। शासन प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ हैं। उन्होंने कहा की विकास प्राधिकरण एवं स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत के चलते इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बहुमंजिला इमारतें, मानकों के विपरीत निकल रहे तलघरों एवं हो रहे अंधाधुध अवैध निमार्णों हो रहे हैं, जिसका खामियाजा इन धरोहरों को भुगतना पड़ रहा हैं, जिसकी परवाह न तो पुरातत्व विभाग को हैं और न ही मथुरा प्रशासन को।

उनके द्वारा हाल ही दाखिल की गई जनहित याचिका में पुरातत्व विभाग की धरोहरों के प्रति उदासीनता एवं दुर्दशा को वह माननीय न्यायालय के पटल पर आगामी तारीख में रखेंगे।

# मौसमः बच्चों की खांसी को नजरअंदाज न करें, जांच कराएं

**मौसम में बदलाव**

8 -एलर्जी, इंफेक्शन, टीबी भी हो सकते हैं कारण, -लगातार सर्दी खांसी और बुखार बने रहने से टीबी होने का खतरा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मौसम में बदलाव आ रहा है। रात ठंडी होने लगी हैं, जबकि दिन में अभी भी मौसम में हल्की गर्माहट है। ऐसे मौसम में सर्दी जुकाम और खांसी के मरीज बढ़ जाते हैं। मौसमी बदलाव की चपेट में बच्चे ज्यादा आते हैं। ज्यादातर अभिभावक बच्चों की खांसी को मौसम का बदलाव या रात में पंखा चलाने को वजह मानते हैं, जबकि हकीकत में यह दिक्कत एलर्जी के कारण अक्सर होती है। यह टीबी का भी संकेत हो सकती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि बच्चों में टीबी का संक्रमण मिल रहा है, पहले से जागरूकता बच्चों को टीबी जैसे रोग से बचा सकती है। बदलते मौसम में बच्चों को एलर्जी या सर्दी खांसी हो जाती है। बारिश के दिनों में इम्युनिटी कमजोर होने के चलते बैक्टीरियल इंफेक्शन के कारण भी खांसी की समस्या बन जाती हैं। माता पिता इसे मौसम का बदलाव मानकर रात के ठंडे वातावरण को वजह मानते हैं, जबकि वास्तव में मौसम में आए बदलाव के कारण होता है। उन्होंने कहा कि शुरूआत में ही इसे पहचान लिया जाए तो गंभीर समस्या होने से इसे रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि ज्यादा लंबे समय तक टीबी के लक्षण दिखने पर बच्चे की टीबी की जांच कराएं। इस मौसम में बैक्टीरिया काफी सक्रिय हो जाते हैं, जिसकी वजह से बच्चे जल्दी बीमारी की चपेट में आ जाते हैं, जो कभी भी टीबी का रूप ले सकती है। इसलिए उनकी सेहत का खास ख्याल रखना चाहिए। धूल भरा वातावरण, भीड़ वाले इलाके, औद्योगिक क्षेत्र, धुंए की तरह अन्य प्रदूषण भी खांसी की बड़ी वजह हैं, इसलिए बिना किसी जरूरत के बच्चों को अनावश्यक बाहर न निकलने दें। खांसते और छींकते समय उनके मुंह पर कपड़ा रखें।

### इस तरह का खान पान बेहतर

डीटीओ ने बताया कि बच्चों को पौष्टिक आहार, मौसमी फलों और सब्जियों का सेवन अधिक कराएं। पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं। विटामिन सी वाले फल, जैसे संतरा, नींबू का सेवन अधिक मात्रा में कराएं और साथ में मौसमी सब्जियों का सूप अवश्य पिलाएं। य२ह सभी शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं।

### इन वस्तुओं से बच्चों को बचाएं

बच्चों को बाहर के गोलगप्पे, चाट, कोई भी खुली हुई चीज, गन्ने का रस आदि नहीं खाने पीने दें। बाजार का बर्फ इस्तेमाल न करें। धूल मिट्टी वाले रास्तों से गुजरते वक्त मास्क का इस्तेमाल अवश्य कराएं। गुनगुने शहद के साथ अदरक लहसुन का रस, तुलसी की चाय अधिक फायदेमंद होती है। अस्थमा से पीड़ित बच्चों को धूल मिट्टी से हमेशा बचाकर रखें। बच्चों को घरों में डस्टिंग करते, झाडू लगाते समय दूर कर दें

### सुनरख के समीप घायल मिले वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जैंत थाना क्षेत्र अंतर्गत सौभरि ऋषि वन के पास करीब 65 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति हत्या से सनसनी फैल गई। मामले में मृतक के पुत्र ने जमीनी रंजिश को लेकर उनके पिता की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने सब पोस्टमार्टम को भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। वृन्दावन के रत्न छतरी निवासी कुवरपाल निषाद ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे एक परिचित ने फोन के उसके पिता 65 वर्षीय बृजलाल निषाद के घायल होने की जानकारी दी। उसने मौके पर जाकर देखा तो उसके पिता नशे की हालत में थे। हाथ और पैर पर कटे के निशान थे। शरीर की कई हड्डियां टूटी हुई बताई गई। परिजनों के साथ वह अपने घायल पिता को लेकर जिला संयुक्त चिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां से उन्हें मथुरा के लिए रेफर कर दिया मथुरा पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया।मौके पर पहुंचे जेत थाना प्रभारी अजय वर्मा ने परिजनों से पूछताछ कर सब पोस्टमार्टम को भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है। मृतक के पुत्र कुंवर पाल निषाद ने बताया कि उनके पिता सुनरख के समीप बने सौभरी वन के समीप कुछ लोगो साथ बैठे हुए थे। तभी उन्हें सूचना मिलेगी कि उनके पिता काफी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। वह तुरंत ही मौके पर पहुंचे और उन्होंने देखा कि उनके पिता के शरीर पर काफी सारे चोट के निशान है और उनकी कई हड्डियां टूटी हुई प्रतीत हुई। वहीं उपचार के दौरान उनके पिता की मृत्यु हो गई। मृतक के पुत्र कुंवरपाल निषाद ने कई लोगों पर आरोप लगाया है। उसने बताया कि उसके पिता के ऊपर धारदार हथियार से हमला किया गया है। उसके पिता का अंगूठा काटा गया है और साथ ही उनके साथ काफी मारपीट भी की गई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में झुलसे व्यक्ति की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना फरह के निकट गांव लुहारा में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से झुलसे व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक थाना फरह सुरेश चंद के मुताबिक सोमवार रात को गांव लुहारा में आग लगने से व्यक्ति की मौत की सूचना मिली थी। सोमवार रात गांव लुहारा निवासी 56 वर्षीय कृष्णा घर पर था। बताया गया है कि घर में कुछ कहासुनी हुई। इसके बाद वह कमरे में चला गया। संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से वह झुलस गया। परिजनों से दरवाजा तोड़ कर उसे बाहर निकाला। परिजन उपचार के लिए उसे भरतपुर ले गये। यहां जिला अस्पताल लेकर आये।

# तहसील प्रशासन ने हटाये वकीलों के अस्थाई बिस्तर

**नारेबाजी**

8 वकील एकत्रित हो गए और आक्रोश जताते हुए जमकर हंगामा करते हुए नारेबाजी की।

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मंगलवार रात के अंधेरे में तहसील प्रशासन ने कई वकीलों के अस्थाई चैंबर (टिन शेड ) हटा दिये। इस घटना से वकीलों में नाराजगी है। मंगलवार की देर रात अचानक तहसील प्रशासन द्वारा तहसील परिसर में बड़ी कार्यवाही करते हुए कई



वकीलों के अस्थाई चैंबर हटा दिये। बुधवार को सुबह जब वकील पहुंचे तो उन्हें नजारा बदला दिखा। वकील एकत्रित हो गए और आक्रोश जताते हुए जमकर हंगामा करते हुए नारेबाजी की। वकीलों के आक्रोश को देखते हुए एसडीएम मांट प्रीति जैन ने मांट थाना पुलिस को बुला लिया। इसके बाद हंगामा कर रहे वकीलों के मध्य पहुंच कर उनसे बात की। वकीलों का कहना था कि बिना सूचना के गलत तरीके से एक दर्जन से अधिक चैंबर हटाए गए हैं, जबकि वकीलों के चैंबर तरीके से बने हुए थे। जिनसे आवागमन में भी कोई दिक्कत नहीं थी। मांट तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमाशंकर वार्ष्णेय ने कहा कि जब तक वकीलों के चैम्बर्स पुनः स्थापित नहीं किए जाते नो वर्क जारी रहेगा, उन्होंने कहा कि तानाशाही दिखाते हुए तहसीलदार द्वारा रात के अंधेरे में चैंबर तोड़े गए हैं उन्होंने बताया कि गुरुवार को बार की साधारण सभा की बैठक में आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। एसडीएम मांट प्रीति जैन ने बताया कि कुछ वकीलों के चैम्बरों के कारण आवागमन वाधित हो रहा था।

# माइन, रजवाह की सिल्ट को भी काम में लेगी सरकार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बीएसए सहित अन्य कॉलेजों के प्रधानाचार्यो के साथ छात्र छात्राओं हेतु चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक ली। श्री सिंह ने निर्देश दिये कि छात्र छात्राओं को केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलायें और शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये। छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति से लाभान्वित करें तथा अनुसूचित छात्रावास के सभी व्यवस्था बेहतर करें। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने



कलेक्ट्रेट सभागार में सोशल सेक्टर के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक ली। बैठक में निर्देश दिये कि विधवा, वृद्धा, दिव्यांग आदि के पेंशन प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करायें और सभी लाभार्थियों को पेंशन से लाभान्वित किया जाये। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में प्रगति लाएं और निरंतर उक्त योजनाओं से पात्र व्यक्तियों तक इस योजनाओं को पहुॅचायें। इसी क्रम में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सिंचाई विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिये कि संबंधित प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए नहरों की सिल्ट सफाई करायें। जनप्रतिनिधियों के साथ वार्ता करें और उनसे सुझाव लेते हुए जनहित में सिंचाई संबंधी कार्य करें, जिससे आम जनता की शिकायतें प्राप्त हो सकें। डीएम ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें और जनता तथा प्रतिनिधियों की शिकायतों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सिल्ट सफाई में निकलने वाली मिट्टी को संबंधित विकासखंड अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए सरकारी कार्यों हेतु मिट्टी का उठान करवायें। जहां जहां सरकार के प्रोजेक्ट चल रहे हैं उन प्रोजेक्टों पर आवश्यकतानुसार मिट्टी उठवायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह, डीआईओएस भास्कर मिश्रा, अधिशासी अभियंता बचन सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# बुक्स ऑन व्हील्स मोबाइल लाइब्रेरी कर रही लोगों को जागरूक

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया की मोबाइल लाइब्रेरी 14 शहरों से होते हुए और जनता के बीच पुस्तकों के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के बाद चार अक्टूबर को मथुरा रिफाइनरी टाउनशिप पहुंची। इस मोबाइल लाइब्रेरी का मथुरा रिफाइनरी नगर के पुस्तक प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया और इसका उद्घाटन कार्यकारी निदेशक और रिफाइनरी प्रमुख श्री अजय कुमार तिवारी ने किया। श्री भास्कर हजारिका, सीजीएम (एचआर), के गोपीनाथ, डीजीएम (एचआर), रवींद्र यादव, सचिव, ऑफिसर्स



एसोसिएशन, मुकेश शर्मा, अध्यक्ष मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ और रिफाइनरी के अन्य अधिकारी, नेशनल बुक ट्रस्ट के अधिकारियों के साथ साथ दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राएं भी इस अवसर पर उपस्थित थे। अजय कुमार तिवारी ने नेशनल बुक ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना की और सुरेश कुमार, सिद्धार्थ कुमार व उनके साथियों को शुभकामनाएं दीं जो बस के साथ यात्रा कर रहे हैं और लोगों को ज्ञान के इस महासागर की ओर आकर्षित कर रहे हैं।

मोबाइल लाइब्रेरी को चार सितंबर को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और राज्य शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर द्वारा पंचकुला, हरियाणा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था।

यह मोबाइल पुस्तक प्रदर्शनी हरियाणा और यूपी के 14 शहरों से गुजरते हुए मथुरा में अपनी यात्रा समाप्त कर रही है।

# एक महीने के अंदर बनेगी राठधना रोड: ललित

## राठधना रोड को बनाने की मांग को लेकर भाजपा नेता ललित बत्रा से मिले शहरवासी, टेंडर होने के बावजूद भी महीनों से विभाग नहीं बना रहा रोड

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**शहर** के राठधना रोड का टेंडर लग जाने के बावजूद भी, रोड के दोबारा बनने का कार्य काफी लंबे समय से अधर में लटकता आ रहा है। राठधना रोड के निर्माण कार्य को लेकर पिछले एक माह से धरने पर बैठे लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा नेता अशोक छाबड़ा के नेतृत्व में आज सोनीपत विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वाइस चेयरमैन ललित बत्रा को उनके सेक्टर- 14 स्थित निवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा नेता को अपनी समस्या बताते हुए कहा कि सड़क के निर्माण में हो



रही देरी से लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। समस्या की गंभीरता देखते हुए भाजपा नेता ललित बत्रा ने तुरंत उपायुक्त डॉ मनोज कुमार और निगम आयुक्त से बात की। जिन्होंने एक महीने के अंदर अंदर सड़क निर्माण कार्य आरंभ करने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त बिजली विभाग के एसई ने भी सड़क निर्माण में अवरोध बने बिजली के खंभों को एक हफ्ते के अंदर अंदर हटाने का वादा किया।

**विकासात्मक कार्य**

**8 रोड बन जाने के बाद विधायक सुरेंद्र पंवार द्वारा बांटी गई घडियो और पानी के जगो की होली जलाई जायेगी।**

ललित बत्रा की काम करने में व्यक्तिगत रुचि देखकर, आगुंतक प्रतिनिधि मंडल ने बत्रा का हार्दिक आभार व्यक्त किया और उनका मुंह भी मीठा करवाया। बत्रा ने भी प्रतिनिधि मंडल द्वारा उनमें विश्वास जताने के लिए उनका धन्यवाद किया। धरने पर बैठे लोगो का कहना है कि उन्होंने बड़ी उम्मीद से सुरेंद्र पंवार को सोनीपत का विधायक बनाया था। परन्तु उन्होंने एक भी कार्य जनता के लिए नहीं किया। उन्होंने कहा कि रोड बन जाने के बाद विधायक सुरेंद्र पंवार द्वारा बांटी गई घडियो और पानी के जगो की होली जलाई जायेगी।

# पराली जलाने पर जिला प्रशासन ने अपनाया सख्त रवैया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिले में** धान की फसल के अवषे जलाने वाले किसानों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाना शुरू कर दिया। प्रशासन की तरफ से आगजनी की घटनाओं की जानकारी मिलते ही एसडीएम स्तर के अधिकारी मौके पर पहुंच रहे है। पर्यावरण संरक्षण व लोगों के स्वास्थ्य के द्दष्टिगत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप-निदेशक ने उपायुक्त को प्रस्ताव प्रेषित करते हुए सिफारिश की है कि पराली जलाने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की सरकारी सहायता न दी जाएं। यदि कोई ऐसा किसान पराली जलाता हुआ मिलता है तो उसको दी जा रही सहायता तुरंत बंद कर दी जाएं। वहीं प्रधान मंत्री सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली किस्त को रोकने का प्रवाधान किया जा रहा है।

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पराली जलाना गैर-कानूनी है। सैटेलाईज से चप्प-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। यदि कहीं भी कोई आगजनी की घटना होती है तो उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को मिल जाएगी। सूचना मिलते ही संबंधित टीम मौके पर जाकर जांच करेगी और आरोपितों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। जुमार्ना लगाने के साथ पुलिस में मामला दर्ज करवाया जा सकता है। उन्होंने यह आदेश औद्योगिक इकाइयों तथा दुकानों के लिए भी लागू होने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि कोई दुकानदार अथवा औद्योगिक इकाई संचालक अपने कचरे को जलाता है तो उसकी इकाई को छह माह के लिए सील कर दिया जाएगा।

सेटेलाइट के जरिए रखी जा रही नजर, 16 मामले आ चुके है सामने-

जिले में आगजनी की घटनाओं पर नजर रखने के लिए विभाग की तरफ से सेटेलाइट के जरिए नजर रखी जा रही है। सेटेलाइट के माध्यम से फसल अवशेष आगजनी के 16 केस सामने आ चुके है। जिनमें से 9 लोकेशन ऐसी पाई गई है। जहां किसानों ने फसल अवशेष में आगजनी नहीं की थी। वहीं 7 ऐसे मामलों में लोकेशन ऐसी पाई गई है, जहां मौके पर फसल अवशेष में आग लगाई हुई मिली है। विभाग की तरफ से ऐसे किसानों पर 2500-2500 के हिसाब से 17 हजार 500 रुपये जुमार्ना वसूला जा चुका है। विभाग की तरफ से दो किसानों पर संबंधित थाने में शिकायत दी है। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मिलने वाली सरकारी सुविधाएं जायेगी रोकी, पीएम निधि सहायता होगी बंद-

जिला प्रशासन द्वारा आगजनी की घटनाओं पर नजर रखने के लिए निगरानी के लिए कमेटी गठित की हुई है।ा हीं स्कूलों में भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। टीम के सदस्य ग्रामीण स्तर पर काटने वाली फसल पर निगरानी रख रहे है। फसल की कंबाइन से कटाई करने वाले लोगों से भी फसल कटाई की लिस्ट मांगी गई है। वहीं प्रदेश की सरकार परली प्रबंधन को लेकर भी एक हजार रुपए प्रति एकड़ दे रही है। कृषि विभाग द्वारा फायर ब्रिगेड की 26 गाड़ियां लगाई गई है। जहां मौके पर सूचना मिलते ही गाड़ी को भेज कर आग को बुझाने का काम करती है। खेतों में फसल अवशेष में आग लगने वाले किसानों को सरकार की मिलने वाली स्कीम में ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। ऐसे किसान को किसी भी स्कीम का लाभ नहीं मिल पाएगा।

फसल अवशेष जलाने वाले किसानों पर जुर्माने के साथ-साथ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। जिले में अब तक 7 किसानों से 17 हजार 500 रुपये जुमार्ना राशि वसूली जा चुकी है। विभाग की तरफ से जिला प्रशासन को आगजनी करने वाले किसानों की सरकारी सहायता व पीएम सम्माननिधि योजना का लाभ न देने की सिफारिश की गई है।
**पवन शर्मा, जिला कृषि एवं किसान कल्याण विभाग अधिकारी।**

## न्यूज फ्लैश

### किसान पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल करने का आरोप

**सोनीपतः सदर** थाना क्षेत्र के गांव जाहरी में खेत से घर लौट रहे किसान पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वारदात के बाद से आरोपित फरार है।

गांव जाहरी निवासी संदीप ने बताया कि वह गत 1 अक्टूबर को अपने खेत से काम करके घर लौट रहा था। रास्ते में तस्वीर व ब्रहम शराब के नशे में उसे मिले। उन्होंने उसका रास्ता रोक लिया। उसके ऊपर तेजधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। उसके सिर, कमर व पैरों पर गहरी चोटें मारी। उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल अवस्था में परिजन उसे लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां उसे उपचार के बाद छुट्टी मिल गई। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एचसी जसवंत सिंह दलाल ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### आग लगाने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपतः सदर थाना** पुलिस ने ढाबा पर आग लगाने की वारदात में शामिल एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मनीष निवासी कंवाली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव कंवाली निवासी जगमेंद्र ने बताया कि 28 सिंतबर को शिकताय देकर बताया कि उसने कंवाली मोड़ पर ढाबा कर रखा है। किस ने गत 26 की रात को उसके ढाबे में आग लगा दी। जिसके चलते उसके ढाबे में रखा सामान जलकर राख हो गया। किसी ने उसके ढाबे में जानबुझकर आग लगा दी। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक सलैंद्र ने बताया कि इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### कुरुक्षेत्र फायर सेफ्टी संस्थान ने मनाया सर्टिफिकेट वितरण समाहरोह

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** पिपली रोड स्थित कुरुक्षेत्र फायर एंड सेफ्टी संस्थान द्वारा सर्टिफिकेट वितरण समाहरोह मनाया गया,।आज के इस समाहरोह के मुख्य अतिथि राजिंदर पाल उप निदेशक , रोजगार निदेशालय हरियाणा ने कुरुक्षेत्र फायर एंड सेफ्टी संस्थान ने दीप प्रज्वलित कर सभी छात्रों को शुभ कामनाए देते हुए कहा की एक वर्षीए फायर एंड सेफ्टी प्रशिक्षण करके युवा रोजगार प्राप्त कर सकेंगे व आग से होने वाली दुर्घटनाओ से व इस से होने वाले नुकसान को बचाने में अहम भूमिका निभाएंगे । संस्थान के एमडी कैप्टन गुरमेल सिंह ने सर्टिफिकेट लेने आए सभी बच्चों को अच्छे नंबर प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई दी, राजिंदर सैनी ने बताया की कोई भी 12 वीं पास छात्र एक वर्षीए फायर सेफ्टी कोर्स करके देश के विभीन्न भागों में रोजगार प्राप्त कर सकता है ! यह कोर्स एमएसएमई भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। इस अवसर पर रंजीत सिंह पूर्व डिप्टी डाइरेक्टर , सतपाल सैनी सचिव खादी ग्राम उद्योग व सूबेदार रविंदर कौशिक , मार्शल शिव कुमार , ऑफिस मैनेजर ऋषभ सैनी भी उपस्थित रहे।

# सतपाल होमगार्ड के पक्ष में निष्पक्ष जांच कराने हेतु एसपी कुरुक्षेत्र से मिले

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरूक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**रोड़ महासभा** उप प्रधान रामपाल पलवल,व रोड़ एम्प्लाइज एसोसिएशन प्रधान सूरजभान व महासचिव विनोद चौहान की अगुवाई में सतपाल होमगार्ड के पक्ष में निष्पक्ष जांच करने के लिए व न्याय का साथ देने के लिए एस पी सुरेंद्र भौरिया को ज्ञापन सौंपा है। शिष्टमंडल में रोड़ महासभा,धर्मबीर खेड़ी रामनगर, रोड़ एम्प्लाइज एसोसिएशन, संदीप बुढेढा,



देवेंद्र टूरण, ब्रहामण मंच,पवन पहलवान, रोड़ क्षत्रिय मंच,बाबू राम टाया, जागरूक मंच जोगध्यान सांभली व होमगाड्र्स एसोसिएशन व आदि अनेक अन्य संगठनों ने समर्थन किया।इस अवसर पर एस पी सुरेंद्र भौरिया को ज्ञापन सौंपा।

एसपी कुरुक्षेत्र में अस्वस्थ करते हुए कहा कि हम उचित न्याय करेंगे व निष्पक्ष जांच करेंगे आप सब निश्चित रहें।रोड़ महासभा और रोड़ एम्प्लाइज एसोसिएशन ने अन्य सभी सम्मानित संगठनों को समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

# 'आयुष्मान चिरायु योजना का लाभ लेने के लिए 15 तक पर करें आवेदन'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**हरियाणा** सरकार ने आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करते हुए चिरायु योजना की शुरूआत की और इस योजना में ऐसे परिवारों को भी लाभ देने का निर्णय लिया, जिनकी वार्षिक आय 03 लाख रुपए हैं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान चिरायु योजना के तहत 1 लाख 80 हजार रुपये तक आय वाले परिवारों के निशुल्क तथा 3 लाख रुपए तक की आय वाले परिवारों से 1500 रुपए प्रीमियम लेकर चिरायु कार्ड बनाए जा रहे है। नोडल अधिकारी डा. अनीता सिंह ने बताया कि आयुष्मान चिरायु योजना का लाभ लेने के लिए 03 लाख रुपए की वार्षिक आय वाले परिवार स्वयं भी 1500 रुपए सालाना जमा करवाकर पोर्टल पर अपना आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि यह पोर्टल 15 अक्टूबर तक खुला है इसलिए सभी पात्र परिवार जल्द से जल्द आवेदन करें ताकि वे भी इस योजना का लाभ ले सके। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत लाभार्थी पैनल पर मौजूद अच्छे अस्पतालों में 05 लाख रुपए तक का ईलाज मुफ्त में करवा सकते है। इस योजना के तहत जो भी लाभार्थी 15 अक्टूबर तक अपना आवदेन करेगा।

# साइबर ठगी को लेकर जीआरपी ने चलाया जागरूकता अभियान

## ट्रेन से आने वाले यात्रियों को विभाग की तरफ से किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिले में** साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। पुलिस विभाग की तरफ से लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। राजकीय रेलवे पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन पर जागरूक अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस कर्मचारियों ने ट्रेन से उतरने वाले यात्रियों को रोककर साइबर ठगी से बचने के उपायों को लेकर जागरूक किया।

थाना प्रभारी महाबीर ने बताया कि साइबर ठग लोगों को अलग-अलग तरीके अपनाकर उनकी कमाई को चटक रहे है। ठग लोगों के मोबाइल पर फोन करके खातों व अन्य जानकारी लेकर ओटीपी भेज देते है। वहीं हर रोज रुपये दोगूने करने का झांसा देकर उनकी कमाई लूट रह है। थाना प्रभारी ने बताया कि ऐसे कॉल आने पर अपने खातों की जानकारी किसी अनजान को नहीं देनी चाहिए। वहीं सोशल साइटों से मिलने वाले संदेशों व ऑफरों के झांसे में नहीं आना चाहिए। मंगलवार को जीआरपी की तरफ से स्टेशन पर ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों को साइबर ठगी से बचने के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान एएसआई योगराज, एसआई राजकपूर, एचसी प्रमिंद्र व सीटी नरेश मौजूद रहे।

# ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय ने मनाया मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम

**सोनीपतः केंद्र प्रमुख** बीके प्रमोद ने बताया मेरी माटी मेरा देश अभियान का उद्देश्य उन साहसी स्वतंत्रता सेनानियों और नायकों को श्रद्धांजलि देना है जिन्होंने निस्वार्थ भाव से देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत बीके सुनीता ने गांव जॉहरी मैं मेरा माटी मेरा देश का संदेश देकर माटी इकट्ठी करी। इस मौके पर मनीष पर्यावरण मित्र और नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय स्वयंसेवक मयंक राणा ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत पेड़ लगाए गए एवं मिट्टी बचाने का संदेश दिया।

# पुलिस ने गैंगस्टर दीपक मान के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा

## पोस्टमार्टम में दीपक को चार गोलियां लगने की मिली जानकारी, शव लेने पहुंचे परिजनों ने साधी चुप्पी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सदर** थाना क्षेत्र के गांव हरसाना के खेत में पंजाब के बंबीहा गैंग के गैंगस्टर दीपक मान की हत्या चार गोली मारकर की गई थी। पुलिस ने खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जिसके बाद परिजन पंजाब रवाना हो गए। इससे पहले परिजनों ने गोल्डी बराड़ की तरफ से हत्या किए जाने को लेकर दूसरे दिन भी कुछ कहने से मना कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव हरसाना निवासी किसान सतबीर के खेत में गत रविवार देर शाम को युवक का शव मिला था। उनके खेत को पट्टे पर लेकर जुताई करने वाले जगबीर ने पुलिस को इसकी जानकारी दी थी। शव की पहचान पंजाब के जिला फरीदकोट के जैतो मंडी स्थित आंबेडकर नगर निवासी दीपक मान के रूप में हुई। वह पंजाब पुलिस का हिस्ट्रीशीटर था। दीपक के सिर व छाती में गोलियां मारकर हत्या की गई थी। दीपक मान की हत्या की जिम्मेदारी अमेरिका में बैठे कुख्यात गैंगस्टर एवं लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य गोल्डी बराड़ के नाम से बनाए सोशल मीडिया अकाउंट पर डाली पोस्ट में ली गई थी। उसके परिजन सोमवार दोपहर बाद सोनीपत पहुंच गए थे। फोरेंसिक चिकित्सक व एक्स-रे नहीं होने के चलते सोमवार को पोस्टमार्टम नहीं हुआ था। जिस पर शव को खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया था। वहां पर मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम में चार गोली मारकर हत्या किए जाने का पता लगा है। जिसमें दीपक के सिर में एक, गर्दन के पास दो व एक गोली छाती में लगी हुई है। परिजन शव लेकर रवाना हो गए। दीपक के बड़े भाई सोनू व चिंकी गोल्डी बराड़ गैंग की तरफ से हत्या किए जाने को लेकर कुछ भी कहने से मना कर दिया। उनका कहना था कि उनके भाई से वह सात साल से संपर्क में नहीं थे।

मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार आरोपित अदालत में पेश, तीन दिन के रिमांड पर भेजा

# शारीरिक प्रकृति परीक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**श्रीकृष्ण आयुष** विश्वविद्यालय के राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल में बुधवार को दो दिवसीय शारीरिक प्रकृति परीक्षण कार्यशाला का उद्घाटन हुआ। पांच अक्टूबर तक यह कार्यशाला चलेगी। श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि मरीजों की प्रकृति परीक्षण एक प्राचीन आयुर्वेदिक विधा है, जिसको देशभर में प्रचारित करने की आवश्यकता है। केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान परिषद् देशभर में इस तरह की कार्यशालाएं आयोजित करवा रहा है। जिसके उन्नत परिणाम देखने को मिल रहें है। सीसीआरएएस द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर को सरकारी संस्थानों के साथ-साथ प्राइवेट सेक्टर में भी अपनाया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि व्यक्ति की प्रकृति-प्रवृत्ति का परीक्षण कर उसके शारीरिक स्वभाव का पता चलता है, जिससे उसका उपचार करने में सुविधा होती है। केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान कौंसिल दिल्ली के अनुसंधान अधिकारी डॉ. ललिता शर्मा ने कहा की केंद्र सरकार द्वारा एक उत्कृष्ट सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है, जिसकी सहायता से मरीज की तासीर का पता लगाया जा सकता है। इससे मनुष्य की वात, पित्त और कफ संबंधित तासीर को समझा जाता है, जोकि उसके शारीरिक संरचना, वजन, आंखों, जीभ, अंगुलियों का आकार और शरीर के अन्य भागों की व्यवस्था से प्राप्त होता है। वहीं परिषद् की अनुसंधान अधिकारी डॉ. रेनू सिंह ने कहा कि मरीज की प्रकृति का पता चलने पर भविष्य में होने वाली बीमारी का पता लगाया जा सकता है। इसके साथ ही उसे दी जाने वाली दवाओं और खानपान का चयन करने में भी आसानी रहती है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. देवेंद्र खुराना ने कहा कि दो दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों को ऑनलाइन वेब पोर्टल आधारित शरीर एवं मन की रचना की जांच करने के तरीके बताए जाएंगे। ताकि भविष्य में विद्यार्थी इस सॉफ्टवेयर का प्रयोग कर मरीज को उसकी प्रकृति के मुताबिक इलाज कर सकें। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक प्रो. पीसी मंगल, डॉ. शूभा कौशल, डॉ. राजेंद्र चौधरी, डॉ. दीप्ति पराशर और डॉ. लसिथा उपस्थित रही।

# सांसद दीपेंद्र हुड्डा हकों की लड़ाई लड़ रहे हैं: संदीप हुड्डा

## भूपेंद्र सिंह हुड्डा ही एक किसान नेता है जो किसान मजदूर के हित में सोच सकते हैं

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**हरियाणा किसान** कांग्रेस के वाइस चेयरमैन संदीप हुड्डा गढी सापला किलोई विधानसभा गांव नसीरपुर ब्रह्मणवास चमारीया में कांग्रेस पार्टी और चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा की नीतियों का प्रचार किया उन्होंने भूपेंद्र सिंह हुड्डा ही एक किसान नेता है जो किसान मजदूर के हित में सोच सकते हैं संदीप हुड्डा ने कहा प्रदेश के लोग मन बना चुके हैं हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में सरकार बनाने का भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में सरकार बनते ही सबसे पहले



किसान मजदूर की समस्याओं का हल किया जाएगा संदीप हुड्डा ने कहा बाबा भीम राव अंबेडकर ने नारा दिया था शिक्षित संगठित हो संघर्ष करो आज किसान संगठित भी है और शिक्षित भी है फिर भी हरियाणा की भाजपा गठबंधन सरकार उनके नेता किसानों को दबाने का काम कर रहे हैं संदीप हुड्डा ने कहा किसान मसीहा सर चौधरी छोटू राम ने कहा था भोले भाले किसान बोलना सीख ले और दुश्मन को पहचानना सीख ले आज किसान ने बोलना सीख लिया अब जरूरत है अपने दुश्मन को पहचानने की संदीप हुड्डा ने कहा अगर अगर किसान मजदूर का कोई दुश्मन है तो वह भाजपा सरकार है वह नहीं चाहती कि प्रदेश का किसान तरक्की करें भाजपा किसान को बड़े व्यापारियों के नीचे दबाए रखना चाहती है संदीप हुड्डा ने कहा 2004 से और 2014 तक केंद्र में मनमोहन सिंह सरकार और हरियाणा में चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार थी भूपेंद्र हुड्डा सरकार में प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल था।

# टी-स्टाल की आड़ में मादक पदार्थ बेच रही महिला को किया काबू

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**रोहतक** रोड स्थित नई अनाज मंडी के पास महिला को टी-स्टाल की आड़ में मादक पदार्थ बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला के पास से सवा दो किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने महिला के खिलाफ मादक पदार्थ निरोधक अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मादक पदार्थ निरोधक स्टाफ में नियुक्त एएसआई रविंद्र सिंह ने बताया कि उनकी टीम आईटीआई चौक पर मौजूद थी। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि रोहतक रोड पर महिला हीना टी-स्टाल के पास मादक पदार्थ बेच रही है। जिस पर पुलिस टीम ने वहां छापा मारा। वहां महिला टी-स्टाल के बाहर हाथ में पॉलिथीन लिए खड़ी थी। महिला सिपाही निशा ने महिला को पकड़ लिया। उसके पास मादक पदार्थ होने का अंदेशा जताया। जिस पर महिला के कहने पर तहसीलदार सोनीपत जिवेंद्र के सामने उसकी तलाशी ली गई। पुलिस ने उसके पास से दो किलो 256 ग्राम गांजा बरामद किया। महिला ने अपनी पहचान मूलरूप से बिहार के मोतिहारी के गांव सुगांव फिलहाल मोहन नगर निवासी हीना उर्फ लछमी के रूप में दी। पुलिस ने महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# आजादपुर मंडी में गंदगी का अंबार, आखिर कब होगा सुधार





**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**एशिया की** सबसे बड़ी आजादपुर फल व सब्जी मंडी में जगह-जगह गंदगी का अंबार है, जिसके चलते यहां पर खरीदारी करने आने वाले लोगों को समस्याओ से दो-चार होना पड़ रहा है।

**विभागीय लापरवाही से लोग परेशान:** मंडी में सब्जी व फल की खरीदारी करने आने वाले सुरेश कुमार ने बताया कि मैं पिछले कई वर्षों से मंडी से सब्जी व फल लेकर जाता हूं, लेकिन मंडी में सफाई व्यवस्था हमेशा ही ठीक नहीं रहती है। बरसात के दिनों में मंडी में आने से मैं कतराता हूं। क्योंकि यहां पर अधिक गंदगी होती है।

**लगभग सभी ब्लॉकों में है गंदगी का अंबार:** दीपक कुमार ने बताया कि आजादपुर मंडी के लगभग सभी ब्लॉकों में गदगी का अंबार है। जिनको सफाई की जिम्मेवारी सौंपी गई है, वह अपना कार्य ठीक से नहीं कर रहे है, तभी तो जगह-जगह गंदगी है।

**मंडी में स्वच्छता अभियान फेल:** देश में बेशक स्वच्छता अभियान अभी हाल ही में चलाया गया हो, लेकिन एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर मंडी में यह अभियान फेल होता हुआ नजर आ रहा है। क्योंकि आजादपुर मंडी के अन्दर कई जगहों पर कूड़ें का ढ़ेर लगा हुआ है।



## मंडी में प्रशासन की लापरवाही से गंदगी का अंबार: पंकज भरेजा



**आजादपुर** मंडी के प्रसिद्ध व्यापारी व युवा नेता पंकज भरेजा ने कहा कि एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर मंडी में समय से साफ-सफाई न होने की वजह से मंडी में जगह-जगह कूड़े का ढ़ेर लगता जा रहा है, लेकिन मंडी प्रशासन मंडी सफाई व्यवस्था पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा है। पंकज भरेजा ने आगे बताया कि आजादपुर मंडी के लगभग सभी ब्लॉकों में गदगी का अंबार देखा जा सकता है। सफाई कर्मी आते है और खानापूर्ति करके चले जाते है। जिस कारण से यहां पर आने वाली जनता को गंदगी से दो-चार होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आजादपुर मंडी में बरसात के दिनों में पानी की निकासी ठीक न होने की वजह से पानी भर जाता है, जिसके चलते यहां पर आने वाले व्यापारी व अन्य खरीदार काफी ज्यादा परेशान होते है। पंकज भरेजा ने आजादपुर मंडी प्रशासन से मांग की है कि आजादपुर मंडी में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त किया जाये। जिससे की यहां पर सफाई व्यवस्था में सुधार हो सके।

# प्रदेश कांग्रेस 'झंडा लगाओ-सामने आओ अभियान' शुरू करेगी: लवली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने घोषणा की है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी दिल्ली में बड़े पैमाने पर 'झंडा लगाओ-सामने आओ अभियान' शुरू करेगी। अरविन्दर सिंह लवली चांदनी चौक लोकसभा के अंतर्गत आने वाले दोनो जिलां चांदनी चौक व आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी के कांग्रेस कार्यकर्ताओं, ब्लाक अध्यक्षों की सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'झंडा लगाओ-सामने आओ अभियान' की शुरूआत वो स्वयं अपने घर से करेंगे और उसी दिन दिल्ली के सभी पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक भी



इस अभियान के तहत अपने-अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाऐंगे। बैठक का संचालन वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक मुकेश शर्मा ने किया। सभा में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जय प्रकाश अग्रवाल, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ, कांग्रेस वर्किंग कमेटी की आमंत्रित सदस्य अल्का लांबा, पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार मंगतराम सिंघल, मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक कुंवर करण सिंह, वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता,




शादी राम और नीरज बसौया, चत्तर सिंह, मुदित अग्रवाल, जितेन्द्र कुमार कोचर, जिला अध्यक्ष मनोज यादव और मिर्जा जावेद अली, पूर्व जिला अध्यक्ष मौहम्मद उस्मान, पूर्व जिला अध्यक्ष हरी किशन जिंदल, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित मलिक, कमलकांत शर्मा, महमूद जिया, पूर्व पार्षद तरुण कुमार, कृष्ण मुरारी जाटव, अशोक जैन, रोशन लाल अहुजा मुख्य रुप से मौजूद थे। श्री लवली ने कहा कि कांग्रेस शासन में दिल्ली सरकार द्वारा हमेशा से 2 अक्टूबर पूज्य महात्मा गांधी की जयंती पर खादी पर दी जाने वाली 10 प्रतिशत छूट को खत्म करने की नीति की कड़ी आलोचना करते हुए मांग की कि दिल्ली सरकार तुरंत खादी पर 10 प्रतिशत छूट को बहाल करे। उन्होंने कहा कि इससे न केवल खादी के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ेगा, बल्कि मध्यम वर्ग व गरीब वर्ग को लाभ भी पहुंचेगा। ज्ञातव्य है कि 2016 तक यह छूट दी जा रही थी, जिसको अचानक बंद कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि 2015-16 के बाद दिल्ली सरकार ने खादी पर बजटीय प्रावधान को ही खत्म कर दिया।

# 'जातीय जनगणना, जाति मुक्त समाज बनाने के लिए बड़ा खतरा'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्र** हितैषी समाज बरवाला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा जातीय जनगणना की मांग को जाति मुक्त समाज बनाने और सामाजिक समरसता के लिए खतरा बताया है। दयानंद वत्स भारतीय ने कहा कि जातियों में बंटे समाज को जाति मुक्त करने की जो मुहिम पिछले 77 सालों से चल रही थी उसको जाति जनगणना की मांग से झटका लगा है। संत कबीर दास ने भी जाति व्यवस्था पर चोट करते हुए लिखा है 'जाति ना पूछो साधु की पूछ लीजिए ज्ञान, मोल करो तलवार का पड़ी रहन दो म्यान। 'चुनावी राजनीति के मद्देनजर राजनीतिक दलों की यह मांग समाज और राष्ट्र हित में नहीं है। गरीबी और अशिक्षा आज भी सबसे बड़ा अभिशाप है। सबसे पहला और सबसे जरूरी काम है गरीब के जीवन में बदलाव लाना। गरीब हर जाति में हैं। अगर देश में कोई जाति है तो वह हैं गरीबी। इस बात को सबको समझने की आवश्यकता है। जाति की राजनीति करने वालों के भ्रम जाल में लोग ना फंसें। इसलिए निजी राजनीतिक स्वार्थ की राजनीति चलाने वाले दलों से लोग सावधान रहें और सामाजिक समरसता के लिए संगठित हों। वत्स ने इस मुद्दे पर लोगों को भड़काने वाले तत्वों की कड़ी भर्त्सना की है।

# नरेला में मासिक सुंदरकांड पाठ व श्याम संकीर्तन का हुआ भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** में श्री राम भक्त हनुमान सेवा समिति की ओर से मंगलवार को मासिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। संकीर्तन में कलाकारों ने श्री श्याम बाबा के सुंदर भजन प्रस्तुत करें श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

इस दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। बाहरी दिल्ली के नरेला में झंडा चौक स्थित नारायण मंदिर में मंगलवार को श्री राम भक्त हनुमान



सेवा समिति की ओर से मासिक सुंदरकांड पाठ एवं खाटू श्याम जी के संकीर्तन का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। पं. ललित वशिष्ठ ने संगीतमय सुंदरकांड का प्रभावी पाठ किया, जिसे सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। सुंदरकांड की संपूर्णता उपरांत उन्होंने हनुमान जी पर आधारित भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं को सुंदरकांड पाठ का महत्व बताते हुए पं. वशिष्ठ जी ने



कहा कि सुंदरकांड का जीवन में विशेष महत्व है। हनुमान जी से हमें बेहतर प्रबंधन की शिक्षा मिलती है। जो भी भक्तजन उनकी शरण में जाता है, उन पर भगवान श्री राम की कृपा खुद-ब-खुद हो जाती है। साथ ही हनुमान जी की भक्ति करने वाले भक्तजन सभी प्रकार के सभी प्रकार के दुःखो से छुटकारा पा जाते हैं।

सुंदरकांड पाठ पश्चात श्री श्याम संकीर्तन का शुभारंभ श्री श्याम



दरबार में दीप प्रज्वलित कर किया गया। संकीर्तन में भजन गायको ने श्याम प्रभु खाटू वाले के भजनों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। शाम 8 बजे से शुरू हुए संकीर्तन में देर रात तक श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। संकीर्तन में श्याम दरबार, इत्र वर्षा, पुष्प वर्षा आकर्षण का केंद्र रहे। श्री राम भक्त हनुमान सेवा समिति के प्रधान विकास बंसल ने बताया कि समिति की ओर से हर महीने के पहले मंगलवार को मासिक सुंदरकांड पाठ व श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाता है। समिति द्वारा पिछले 14 साल से निरंतर सुंदरकांड पाठ व संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। संकीर्तन पश्चात विशाल भंडारे में सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया।

संकीर्तन में मनोज बंसल, राहुल गर्ग, आदित्य सिंघल, मनोज शर्मा, सुंदर मित्तल अनिल आर्य रोहित गर्ग, पवन गोयल, पवन गर्ग, निपुण गुप्ता, वीरेंद्र कौशिक सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# चौधरी न्यादर सिंह मेमोरियल ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेशन** फस्ट फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित चौधरी न्यादर सिंह मेमोरियल ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के तहत माता सुखदेवी स्कूल नंगलीपूना में फुटबॉल के क्वाटर फाइनल के 2 मैचों में पहला मैच आदर्श नगर और बाजीत पुर के बीच खेला गया। जिसमें आदर्श नगर 2-0 से विजयी रहा। दूसरा मैच खेड़ा वनाम दरियापुर के बीच खेला गया। जिसमें खेड़ा ने पेनल्टी शूटआउट में 6-5 से जीत हासिल किया। पीएसआर क्रिकेट ग्राउंड नंगलीपूना में क्रिकेट का पहला मैच राणा पार्क बनाम स्वतंत्र नगर नरेला के बीच खेला गया। जिसमें मैन ऑफ द मैच शशी राय की बदौलत राणा पार्क ने 3 विकेट से जीत हासिल किया। दूसरा



मैच कादीपुर क्रिकेट ग्राउंड में राजे राम स्पोर्ट्स क्लब यादव नगर बनाम राणा क्रिकेट क्लब सिरसपुर के बीच खेला गया, जिसमे मैन ऑफ द मैच शौकत अली के शानदार गेंदबाजी की बदौलत यादव नगर ने 4 विकेट से जीत दर्ज किया। तीसरा मैच संत सुजान सिंह क्रिकेट ग्राउंड मे फ्रेंड्स एलेवन बवाना बनाम शिव शक्ति चंदन पार्क के बीच खेला गया। जिसमे प्रियांक सहरावत के शानदार ऑल राउंडर प्रदर्शन 38 रन और 4 विकेट की बदौलत बवाना ने 6 विकेट से जीत हासिल किया। चौथा मैच पीएसआर नंगली पूना क्रिकेट ग्राउंड में गुजरात लायन्स जहाँगीरपुरी बनाम जेडीएम कराला के बीच खेला गया जिसमे मैन ऑफ द मैच दीनू के शानदार 75 रनों की बदौलत कराला ने 8 विकेट से जीत हासिल किया। पांचवें क्रिकेट मैच कादीपुर ग्राउंड मे किराड़ी बनाम पूठ के बीच खेला गया जिसमे मैन ऑफ द मैच गणेश वशिष्ठ के शानदार 63 रनो की पारी बदौलत किराड़ी ने 4 विकेट से जीत हासिल किया। छठा मैच संत सुजान सिंह क्रिकेट ग्राउंड में एस एन इलेवन स्वरुप नगर बनाम बाबा नन्हें नाथ खेड़ा कलां के बीच खेला गया जिसमे मैन ऑफ द मैच नवीन पाल के शानदार 87 रनों की बदौलत स्वरूप नगर ने 6 विकेट से जीत हासिल किया। नेशन फस्ट फाउंडेशन के संस्थापक देवेंद्र यादव ने सभी विजयी टीम के खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया और कहा कि चौधरी न्यादर सिंह यादव ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता ग्रामीण प्रतिभा को निखरने का बेहतरीन प्लेटफॉर्म है। यहीं खेलने वाले खिलाड़ी भविष्य मे नेशनल और इंटरनेशनल मैच खेलते हुये अपना और अपने गांव का नाम रोशन करेंगे।

# देवताओं की खण्डित मूर्तियों, चित्रों का विधिवत किया गया विसर्जन: योगेश वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पर्यावरण को सुरक्षित** रखने व हिन्दू देवी-देवताओं के मान सम्मान को बनाये रखने हेतु स्वर्ण जयंती पार्क, सी-2, केशवपुरम में देवताओं की खण्डित मूर्तियों, चित्रों, सजावट सामग्री, पूजा में उपयोगी में लायी गई फूल-मालाएं, धार्मिक पुस्तकों आदि का विधिवत विसर्जन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय निगम पार्षद योगेश वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्य की पहल केशवपुरम में पहली बार की गई है और इसके अंतर्गत लोगों से अपील की गई कि वे त्योहारों व अपने घरों में किये गये पूजा के उपरांत पूजन सामग्री जैसे



देवी-देवतओं की मूर्तियां, फूल-मालाएं, धार्मिक पुस्तकें, सजावट सामग्री आदि को यहां-वहां पेड़ों के नीचे या नाले में न डालें। इस विसर्जन कार्यक्रम में क्षेत्रीय निगम पार्षद के अंतिरिक्त क्षेत्र के वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. महेन्द्र नागपाल, शास्त्री महेन्द्र चतुवेर्दी, अशोक शर्मा, आर.पी. सिघल, मंडल अध्यक्ष अरविंद लाकड़ा व क्षेत्रीय आरडब्ल्यूए के समस्त प्रतिनिधि मौजूद थे।

# सूरजकुंड मेला परिसर में तीन से 10 नवंबर तक लगेगा पहला दीवाली मेला, तैयारी तेज: एमडी नीरज कुमार

त्यौहार

8 बड़ी चौपाल पर बिखरेगी सांस्कृतिक छटा, मेले का पूरा थीम दिवाली त्यौहार पर रहेगा केंद्रीतं

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** विश्व प्रसिद्ध सूरजकुंड मेला परिसर में इस बार पहली बार दीवाली मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला तीन नवंबर से शुरू होगा और दस नवंबर तक चलेगा। हालांकि मेले का स्वरूप अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले से छोटा रहेगा लेकिन इसके बावजूद पर्यटकों के उत्साह को देखते हुए हरियाणा पर्यटन विकास निगम इस मेले को भी भव्य व



आकर्षक बनाने की तैयारियों में जुट गया है। हरियाणा पर्यटन विभाग निगम के एमडी नीरज कुमार ने बताया कि अरावली की पहाड़ि?ीं की मनोरम छठा के बीच मौजूद सूरजकुंड मेला परिसर अपने अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले को लेकर देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी प्रसिद्ध है। उन्होंने बताया कि फरवरी माह में लगने वाले अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में हर साल लाखों पर्यटक देश-विदेश की कला-संस्कृति, खान-पान, हैंडीक्राफ्ट का आनंद लेने व खरीदारी के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार पर्यटकों की मांग को देखते हुए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने इस मेला परिसर मे पहली बार दीवाली मेला आयोजित करने का तोहफा दिया है। ऐसे में पहले दीवाली मेले को लेकर हरियाणा पर्यटन विकास निगम ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। उन्होंने बताया कि दीवाली मेले का स्वरूप अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले से छोटा रहेगा। पहली बार लगने वाले दीवाली मेले के लिए परिसर के एक तिहाई क्षेत्र को ही प्रयोग किया जाएगा। शुरूआत में पहले साल करीब 300 स्टाल ही तैयार किए जाएंगे। चूंकि अंतरराष्ट्रीय मेले का फोकस हैंडीक्राफ्ट होता है इसलिए इस मेले को हैंडीक्राफ्ट की बजाए दीवाली के सामान व त्यौहार से जुड़ी खरीदारी पर केंद्रीत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले में बड़ी चौपाल पर लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रम चलेंगे जिसमें पूरी तरह से भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं की झलक दिखाई देगी। इसके साथ ही दीपोत्सव खास आकर्षण रहने वाला है। उन्होंने बताया कि प्राचीन सूरजकुंड को दीपों से सजाकर दीपोत्सव करने के लिए आर्केलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से अनुमति लेने के लिए पत्र भी लिखा गया है। जल्द ही यह अनुमति मिलने की भी उम्मीद है। उन्होंने बताया कि मेले में खान-पान के लिए विशेष तौर पर फूड कोर्ट सजाई जा रही है।

# एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

धर-पकड़

8 पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम कृष्ण उर्फ भोला (33) है।

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 प्रभारी जोगिन्द्र सिहँ की टीम ने एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधडी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम कृष्ण उर्फ भोला



(33) है। आरोपी पलवल के गांव बढराम का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी को बल्लबगढ़ के बस स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर फरीदाबाद के सेक्टर-8 में रहने वाले एक रिटायर्मेन्ट एयर फोर्स कर्मचारी से धोखाधडी कर ए.टी.एम. कार्ड बदलकर करीब 1.60 लाख हजार रुपए निकालकर धोखाधडी की वारदात को अजांम दिया। जिसका मुकदमा थाना सेक्टर-8 में दर्ज है। आरोपी पर पहले भी एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने के मामले दर्ज है। जिसमें पलवल में 7 तथा फरीदाबाद में 2 मामले दर्ज है। आरोपी अभी अदालत से जमानत पर है। आरोपी मजदूरी का काम करता है। आरोपी नशा करने का आदी है। नशा की पूर्ती के लिए धोखाधड़ी की वारदातों को अनजाम देता है। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेकर मामले में कार्रवाई की जाएगी। आरोपी के अन्य साथियों की क्राइम ब्रांच टीम तलाश कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### खेत में भैंस गुसने पर हुए झगड़े में, हत्या के मामले में नामजद 12 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, मामले मे 2 आरोपी गिरफ्तार।

**अन्य आरोपियों की गिरफतारी के लिए क्राइम ब्रांच की टीम कर रही है छापेमारी**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**



बता दे कि रविवार को मंझावली गांव में खेत में भैंस गुसने के झगडे में लगी चोट के कारण पीडित की हुई हत्या के मामले में, आरोपियों की गिरफ्तार के लिए डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के दिए गए निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में मोहित और रविन्द्र उर्फ कल्लू का नाम शामिल है।

दोनों आरोपी मंझावली का रहने वाले है। दोनों पक्षों का पहले भी किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई थी। खेत में भैंस गुसने पर विवाद हुआ जिसमें आरोपी पक्ष द्वारा रविवार के दिन लाठी डंडे और रोड़ से हमला किया गया जिसमें प्रभु की रॉड़ की चोट से गंभीर रूप से घायल हो गए और जिनकी बाद मे मृत्यु हो गई। मृतक के पत्नी, बेटे और बेटियों को भी चोट लगी है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया है। मामले में क्राइम ब्रांच द्वारा आरोपी कल्लू उर्फ रविन्द्र और मोहित को काबू किया गया है। क्राइम ब्रांच टीम द्वारा मामले में जांच जारी है और मामले में शामिल अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### फतेहाबाद के निश्चल ने नेपाल की कुछ महीनों की बच्ची को दिया नया जीवन

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

आज के युग में जहां बिना स्वार्थ के व्यक्ति एक-दूसरे का हाल तक नहीं पूछते लेकिन फतेहाबाद के एमएम कॉलेज के विद्यार्थी निश्चल ने इंसानियत का एक ऐसा अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है कि उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है।

निश्चल ने नेपाल की रहने वाली कुछ ही महीनों की बच्ची को ब्लड स्टेम सेल डोनेट कर उसे नया जीवन दिया है। निश्चल ने जिस बच्ची को यह स्टेम सेल डोनेट किए हैं, वह उनका नाम तक नहीं जानता और न ही उसे कभी देखा है। निश्चल द्वारा किए गए सराहनीय कार्य की एमएम कॉलेज प्रबंधक समिति व स्टाफ सदस्यों ने सराहना की। आज कॉलेज में प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने छात्र निश्चल, गांव माजरा निवासी उसके पिता मुकेश कुमार व माता को विशेष तौर पर सम्मानित किया। इस अवसर पर कॉलेज यूथ रेडक्रॉस कोर्डिनेटर प्रो. प्रतिभा मखीजा, डॉ. मिनाक्षी कोहली, शिल्पा भी मौजूद रही।

प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने बताया कि ब्लड स्टेम सेल किसी गभीर बीमारी से पीड़ित को बचाने का आखिरी मौका होता है, उनकी आखिरी उम्मीद होती है। रक्तदान से जहां कई लोगों की जान को बचाया जा सकता है वहीं स्टेम सेल दान के लिए एक विशिष्ट प्राप्तकर्ता के जीवन को बचाने के लिए एक विशिष्ट डोनेटर की आवश्यकता होता है। जरूरतमंद के सैंपल मैच होने पर ही आप स्टेम सेल डोनेट कर सकते है। सैंपल मेच होने पर डोनेट करने वाले व्यक्ति से बोन मेरो लेकर दूसरी जगह प्रत्यारोपित किया जाता है। रोगी का शरीर स्टेम सेल को आसानी से अपना लेता है जिसका फायदा इलाज में मिलता है। उन्होंने बताया कि ज्यादातर लोगों को भ्रम है कि स्टेम सेल्स डोनेट करने से शरीर में ये दोबारा नहीं बनेंगी लेकिन ऐसा नहीं है। इसे डोनेट करने पर कोई कमजोरी महसूस नहीं होती और न ही किसी तरह का नुकसान होता है। उन्होंने बताया गत वर्ष कॉलेज में आयोजित कैम्प में करीब एक हजार युवाओं ने अपने सैम्पल दिए थे। इनमें से बीए तृतीय वर्ष के छात्र निश्चल के स्टेम सैल मैच होने पर सितम्बर माह में छात्र द्वारा ब्लड स्टेम सेल डोनेट किए, जिससे नेपाल में रहने वाली कुछ महीनों की बच्ची को नया जीवन मिला है।

## सोनीपत की पाई माइनर में मिला तीन साल के बच्चे का शव

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

सोनीपत में गांव गोपालपुर में बुधवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब माइनर पर घूमने गए ग्रामीणों ने एक बच्चे का शव तैरता हुआ देखा। ग्रामीणों ने शव को बाहर निकालकर पुलिस को इसकी सूचना दी। मृतक बच्चे की शिनाख्त नहीं हो सकी है। एसआई हरिप्रकाश ने बताया कि उनको गांव गोपालपुर के ग्रामीण की ओर से सूचना दी गई थी कि बुधवार सुबह घूमने के लिए पाई माइनर की ओर गए तो उन्हें माइनर में एक बच्चा पड़ा मिला लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे।

# मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के तहत जरूरतमंद परिवार को दे योजना का लाभ

निर्देश

8 एडीसी ने बैंकों और सभी विभागों के अधिकारियों को समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री अन्त्योदय परिवार उत्थान योजना हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके तहत जितने भी लोगों द्वारा विभिन्न विभागों को अलग-अलग योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन दिए गए



हैं उन सभी को उस योजना का लाभ समय पर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। एडीसी श्री शर्मा आज बुधवार को दोपहर बाद लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सभी विभागों के अधिकारियों और बैंक अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की समीक्षा कर रहे थे। एडीसी आनन्द शर्मा ने विभागवार समीक्षा करते हुए पशुपालन विभाग को सबसे बेहतरीन कार्य के लिए बधाई दी। वहीं हरियाणा पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम के अधिकारी को बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने एक करके विभाग वार योजना की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अन्य विभाग भी पशुपालन विभाग की तरह कार्य करें। इसके साथ ही उन्होंने जिला लीड बैंक अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन भी विभागों को बैंकों से लोन मिलने में दिक्कत आ रही है। उन सभी को जल्द से जल्द इस कार्य को निपटाने के निर्देश दें। उन्होंने उन सभी बैंकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए जो काफी समय से लोन की फाइलें लंबित रखे हुए हैं। समीक्षा बैठक में एक लाख 80 हजार रुपये से कम आय के प्रत्येक व्यक्ति की आर्थिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई है। ऐसे में सभी विभाग जिन भी लोगों ने आवेदन किया है। उन्हें योजना का लाभ दें। समीक्षा बैठक में सीएमजीजीए श्रुति शर्मा, जिला बाल कल्याण अधिकारी एसएल खत्री, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपनिदेशक सहित सभी विभागों के अधिकारी और बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे।

# 2 महिने पहले अपने घर से लापता हुई 28 वर्षीय महिला को क्राइम ब्रांच कैट की टीम

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने घर से लापता हुई 28 वर्षीय महिला को बरामद करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुमशुदा महिला 26 अगस्त को अपने घर से बिना बताए निकल गई थी। जिसको परिजनों के द्वारा काफी तलाश किया गया जिसके नहीं मिलने पर महिला के गुम होने की सूचना थाना सदर बल्लबगढ़ में दी गई जिस पर मामला दर्ज कर पुलिस टीम द्वारा



गुमशुदा महिला की तलाश की जा रही थी। मामले में क्राइम ब्रांच कैट के द्वारा भी कार्रवाई की जा रही थी। क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से महिला को उत्तर प्रदेश के मथुरा वृंदावन से बरामद किया है। महिला ने पूछताछ में बताया कि महिला गृह क्लेश के कारण घर से बिना बताए निकल गई थी। क्राइम ब्रांच कैट की टीम द्वारा परिजनों को सख्त हिदायत देते हुए गुमशुदा महिला को हवाले किया है।

## हिन्दू संगठनों ने नूंह हिंसा के आरोपी मामन खान की रिहाई का किया विरोध

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

नूंह हिंसा के आरोपी कांग्रेसी विधायक मामन खान की रिहाई के विरोध में बुधवार को मानेसर में महापंचायत आहुत की गई। बताया जा रहा है कि महापंचायत में ग्रामीणों ने मोनू मानेसर की गिरफ्तारी का भी विरोध किया है। कुछ दिन पूर्व विश्व हिंदू परिषद की बैठक में इमरान नामक संदिग्ध युवक मिलने के बाद यहां की महापंचायत में पत्रकारों और बाहरी लोगों को प्रवेश नहीं करने दिया गया।

मानेसर के भीष्म मंदिर में हुई महापंचायत में नूंह हिंसा के आरोपी मामन खान को लेकर लोगों में रोष दिखा।

# साझी उत्सव 2023 में भाग लेने के लिए आगामी 10 अक्टूबर तक करें महिला कलाकार आवेदन: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा तथा हरियाणा लोक कला संघ, रोहतक के संयुक्त तत्वाधान में आगामी दिनांक 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर, 2023 तक रोहतक के एंडी स्टूडियो में सांझी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि इस कार्यक्रम में सांझी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें राज्य की महिला कलाकार भाग लेगीं। विजेता महिला कलाकारों को प्रथम पुरस्कार 51,000/- रूपए, द्वितीय पुरस्कार 31,000/-, तृतीय पुरस्कार 21,000/- तथा दो सांत्वना पुरस्कार 11,000/- रुपए दिए जाएंगे। इस नौ दिवसीय कार्यक्रम में सांझी के गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी करवायी जाएंगी। सांझी हरियाणा की लोक पारंपरिक कला का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो महिलाओं द्वारा दीवार पर नवरात्रों के दौरान बनाई जाती है। वर्तमान में यह कला गांव से लुप्त होती जा रही है। इस कला को बचाने के लिए विभाग द्वारा हर साल सांझी उत्सव तथा प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाता है, जिसमें



महिलाएं बढ़-चढ़ कर भाग लेती है तथा पुरस्कार भी जीतती है। इस वर्ष भी सांझी प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर, 2023 रहेगी। पंजीकरण के लिए आप विभिन्न नंबरों 8847246522, 9812069014, 7888487901 पर व्हाट्सएप तथा ई-मेल ं१३ंल्लूि४'३४१ ंं।-ं१२ँ१८@ें'ूङ्क के माध्यम से नाम, पता, आयु, फोन नं. तथा आधार कार्ड की प्रति भेज कर आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य हमारी परंपरा और त्यौहारों को पुनर्जीवित करना है ताकि युवा और भावी पीढ़ियों के लिए एक सकारात्मक उदाहरण बनाया जा सके तथा उन्होंने जिला की महिला कलाकारों से अपील की कि वे इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सांझी उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लें।

# भारती चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** भारती चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नंगला एनक्लेव पार्ट टू स्थित पंचशील पब्लिक स्कूल में एक रक्तदान शिविर, नेत्र जांच शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर संतो के गुरुद्वारे, नेत्र जांच शिविर केवल प्रेम आंखों के अस्पताल द्वारा तथा स्वास्थ्य जांच शिविर पवन हॉस्पिटल द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारती चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान डा. धर्मेन्द्र नांदल ने बताया कि आज ट्रस्ट के पांच वर्ष पूर्ण हुए है तथा ट्रस्ट के सदस्य मामचंद प्रधान के जन्मदिवस पर जरूरतमंदों को सामग्री वितरित की गई है।

इस अवसर पर शिविर का शुभारंभ




भाजपा जिला महामंत्री डा. आर.एन. सिंह, पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली, नंगला मंडल के अध्यक्ष कविंद्र चौधरी, पार्षद महेंद्र सरपंच ने किया।इस अवसर पर डा. धर्मेन्द्र नांदल ने आए हुए सभी अतिथियों का बुक्के देकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस कैम्प में 155 रोगियों ने नेत्र जांच कराई, 125 रोगियों ने स्वास्थ्य जांच कराया और कैंप में 32 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। इस कैंप में भारती चैरिटेबल ट्रस्ट के सभी सदस्यों का अहम योगदान रहा। इस मौके पर भारती चेरिटेबल ट्रस्ट के सभी सदस्यों को भी सदस्यता सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से भोजपुरी कलाकार संजीव कुशवाहा, जननायक जनता पार्टी गजेंद्र भड़ाना, अवधेश कुमार ओझा, सचिन तंवर, भुवनेश्वर हिंदुस्तानी, नंगला व्यापार मंडल के प्रधान एमपी भड़ाना, गुलाब ठाकुर, प्रेम भड़ाना, बबलू भड़ाना, धारा सिंह नांदल, सरिता नांदल, मामचंद भड़ाना प्रधान, डॉक्टर मदनपाल रावत, मदन गोपाल शर्मा, नरेश शर्मा, जितेंद्र शर्मा, डालचंद भोले और ट्रस्ट के सभी सदस्यों मौजूद रहे।

# साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने साइबर अपराध से बचाव के लिए नेहरू कॉलेज की करीब 300 छात्राओं को किया जागरूक

**-किसी के साथ भी अपना बैंक खाता, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, सीवीवी नंबर, ओटीपी इत्यादि साझा ना करें और अपने साथियों को भी इसकी जानकारी देकर उन्हें साइबर ठगी का शिकार होने से बचाएं**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** साइबर राहगीरी कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश व डीसीपी मुख्यालय व साइबर अभिषेक जोरवाल के मार्गदर्शन में साइबर थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र व दुर्गा शक्ति की टीम ने नेहरू कॉलेज में 300 से अधिक छात्राओं को साइबर अपराध से संबंधित जानकारियां देकर जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि हर महीने के पहले बुधवार को पूरे हरियाणा में साइबर राहगीरी कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसके अंतर्गत पुलिस द्वारा छात्रों सहित आमजन को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देकर इससे बचाव के बारे में जागरूक किया जाता है। इसी के तहत आज साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने नेहरू कॉलेज में छात्राओं को साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी जिसमें उन्होंने बताया कि आजकल वीडियो कॉल के माध्यम से भी बहुत से फ्रॉड हो रहे हैं जिसमें कोई महिला आपको वीडियो कॉल करके आपके साथ अश्लील बातें करती हैं और आपकी वीडियो रिकॉर्ड करके आपको ब्लैकमेल किया जाता है और इसकी एवज में आपसे पैसों की मांग की जाती है।



उन्होंने बताया कि इस प्रकार के साइबर अपराधों से बचने के लिए आपको जागरूक होने की आवश्यकता है और यदि कोई भी महिला आपके साथ अश्लील बातें करती है तो समझ जाइए कि वह आपको साइबर अपराध का शिकार बनाना चाहती है। इसलिए इस प्रकार के साइबर अपराधों से खुद भी बचें और अपने साथियों का भी इससे बचाव करें। साइबर अपराध के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि आजकल साइबर अपराधियों ने ठगी के नए-नए रास्ते खोज लिए हैं जिसके तहत वह आमजन के बैंक खातों से उनकी खून पसीने की कमाई चुटकियों में उड़ा लेते हैं इसके लिए वह अलग-अलग माध्यमों का उपयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी किसी भी प्रकार से आपका बैंक अकाउंट, एटीएम कार्ड नंबर, क्रेडिट कार्ड नंबर, सीवीवी या मोबाइल ओटीपी पूछने का प्रयास करेंगे परंतु आप उनके साथ अपने बैंक अकाउंट क्रेडिट या डेबिट कार्ड से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी साझा करें। उन्होंने बताया कि जागरूक व्यक्ति साइबर अपराधियों को आसानी से पहचान सकता है और उनके झांसे में नहीं आता इसलिए आवश्यक है कि साइबर अपराध के प्रति जागरूक बने और अपने साथियों को भी इसकी जानकारी दें ताकि वह भी साइबर अपराध का शिकार होने से बच सकें। छात्राओं को साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी दी गई और बताया गया कि किसी भी प्रकार का साइबर फ्रॉड होने पर वह तुरंत इस नंबर पर संपर्क करें जिससे कि साइबर अपराधियों के खातों में गई राशि को तुरंत फ्रीज करवाकर वापिस पीड़ित के खाते में डलवाया जा सके। इसके साथ ही छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहने तथा अपने साथियों को भी इसके बारे में अधिक से अधिक जानकारी देने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# उप्र में महिला अपराधों में आयी कमी

## योगी सरकार ने महिलाओं के खिलाफ अपराध और उनकी सुरक्षा को लेकर सख्त रवैया दिखाया

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश की कमान संभालने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं के खिलाफ अपराध और उनकी सुरक्षा को लेकर सख्त रवैया दिखाया। इससे न केवल प्रदेश में इन अपराधों में उल्लेखनीय कमी आई है, बल्कि पीड़ित परिवार भी अपराधियों को सजा दिलाने के लिए आगे आ रहे हैं। सरकार द्वारा जगाए गए आत्मविश्वास के कारण अब महिलाएं भी अपने खिलाफ होने वाले अपराधों की शिकायत करने से गुरेज नहीं कर रही हैं।
राज्य सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक, बीते दिनों हुई समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला अपराध, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, लव जिहाद, धर्म परिवर्तन के मामले को संज्ञान में लिया है। उन्होंने अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने को कहा। साथ ही इन मामलों के मुकदमों को दर्ज करने में हीलाहवाली करने वाले पुलिसकर्मियों पर सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान महिला अपराध को लेकर सख्त कार्रवाई करने वाले टॉप पांच और खराब प्रदर्शन करने वाले बॉटम पांच की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गयी। यह रिपोर्ट इस साल जनवरी से लेकर अगस्त माह तक की है। इसमें पुलिस की चौकसी और मामलों के निस्तारण में तेजी के चलते प्रदेश के कुछ जिलों में दर्ज मामलों में गिरावट दर्ज की गयी है। प्रदेश में जनवरी से अगस्त तक दुष्कर्म के 1869 मामले दर्ज किए गए। इनमें से 1359 मामलों में आरोप पत्र दाखिल कर दिये गये हैं जबकि 220 में अंतिम रिपोर्ट लगा दी गयी है। 290 मामलों की विवेचना की जा रही है। जागरूकता के चलते दुष्कर्म के मुकदमे पिछले आठ माह में फतेहगढ़, सीतापुर, खीरी, कौशांबी और हमीरपुर में ज्यादा दर्ज किए गऐ हैं।


उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निवास स्थान पर फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए।

## प्रदेश के 42 जनपदों में स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

**संकल्प सप्ताह**

**विकासखण्डों के 99 प्रतिशत पीएचसी और सीएचसी में औसतन 202 लोग सहभागी बने**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**आंकाक्षी विकासखंडों** में सरकारी योजनाओं को रफ्तार देने के लिए योगी सरकार ने 03 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों के 68 विकासखण्डों में संकल्प सप्ताह मेले का आयोजन किया। यह मेला पूरे सप्ताह तक चलेगा। इसमें व्यापक पैमाने पर जनभागीदारी रही। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सभी चिन्हित 68 विकासखण्डों के शत प्रतिशत हेल्थ वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) और सब सेंटर (एससी) में मेला लगाया गया, जिसमें औसत आगंतुकों की संख्या 99 रही। विकासखण्डों के 99 प्रतिशत पीएचसी और सीएचसी में औसतन 202 लोग सहभागी बने। इसे संबंधित पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। नीति आयोग की ओर से चयनित आकांक्षी विकासखण्डों के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों, चिकित्सा इकाइयों व हेल्थ वेलनेस सेंटरों में मेगा स्वास्थ्य शिविर चलाया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं का परीक्षण, जोखिम गर्भावस्था की पहचान व टीकाकरण किया गया। इसके अलावा गैर संक्रामक रोगों की स्क्रीनिंग, एनीमिया टेस्ट, क्षयरोग स्क्रीनिंग, निक्षय मित्र सम्मान व टीबी चैंपियन बनाए गए।
**करीब 2.20 लाख लोग हुए लाभान्वित:** संकल्प सप्ताह मेले में 42 जनपदों के 68 विकासखण्डों में कुल 1605 हेल्थ वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) और सब सेंटर (एससी)में आयोजित मेले में कुल 1,59,458 लोगों ने हिस्सा लिया। इसी तरह कुल 294 पीएचसी और सीएचसी में आयोजित मेलों में कुल 59,255 लोग लाभार्थी बने। इस तरह एचडब्ल्यूसी, एससी और पीएचसी, सीएचसी में इस मेले के माध्यम से प्रदेश के करीब 2.20 लाख लोगों को स्वास्थ्य मेले का लाभ प्राप्त हुआ। पीलीभीत के पूरनपुर ब्लॉक में सर्वाधिक 43 एचडब्ल्यूसी और एससी में मेरा आयोजित हुआ, जिसमें 6626 लोगों की सहभागिता रही। वहीं, इसी ब्लॉक के सर्वाधिक 10 पीएचसी और सीएचसी में आयोजित मेले में 2989 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार का लाभ प्राप्त किया।

## फास्ट न्यूज

### अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों को दी जा रही आधुनिक शिक्षा : धर्मपाल सिंह

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम व वक्फ एवं हज मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को कहा है कि भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों को परम्परागत शिक्षा के साथ ही आधुनिक शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को रोजगार परक बनाने तथा बच्चों में नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिये ए.आई. का सक्रिय सहयोग लिया जाना चाहिए। उन्होंने कार्यशाला के आयोजन के लिए बेसिक शिक्षा विभाग तथा इससे जुड़े आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि समाज की गरीबी एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिए शिक्षा जरूरी है। इसलिए गुरुजनों की महती जिम्मेदारी है कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करते हुये प्रधानमंत्री के सपनों का उत्तर प्रदेश बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। धर्मपाल सिंह बुधवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर, लखनऊ में राज्य शैक्षिक अनुसंधान औ? प्रशिक्षण परिषद उ0प्र0 लखनऊ द्वारा आयोजित एन.ई.पी-2020 की संस्तुतियों के क्रियान्वयन के संबंध में प्राचार्य एवं डायट प्रवक्ताओं की अभिमुखीकरण कार्यशाला को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

### कांग्रेस के बेबुनियाद आरोप राजनैतिक हताशा : भाजपा

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस के तमाम आरोपों को बेबुनियाद और भ्रामक बताते हुए उनकी राजनैतिक हताशा करार दिया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि सरकार राज्य को अग्रणी प्रदेश बनाने के लिए निवेश के प्रयासों में जुटी है और कांग्रेस प्रदेश की छवि खराब कर निवेश रोकने की साजिश कर रही है। राज्य को पूर्व में दिये गए विशेष पैकेज छीनने वालों के मुंह से निवेश और भ्रष्टाचार पर ज्ञान शोभा नही देता है। मनवीर ने करन माहरा के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस सरकारों ने अपने कार्यकाल में प्रदेश में भ्रष्टाचार की गंगा बहायी और पतित पावनी गंगा को नहर तक घोषित किया। वह एम्स के जिन तमाम पुराने प्रकरणों का जिक्र कर रहे हैं, उनमें सीबीआई जांच प्रक्रिया जारी है। जहां तक सवाल वहां कार्यरत नियुक्ति एजेंसी का है तो एम्स प्रशासन ने नियमानुसार ही टेंडर प्रक्रिया के बाद उन्हें काम दिया होगा। यदि कोई गड़बड़ी संज्ञान में आती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी, लेकिन कांग्रेस को हवा हवाई जानकारी के आधार पर एम्स जैसी विश्व प्रसिद्ध स्वास्थ्य संस्था की छवि खराब करने से बचना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में सरकार पूंजीगत निवेश को लेकर जितनी मजबूती से प्रयास कर रही है, उसके नतीजे भी उतने ही शानदार और विकसित उत्तराखंड बनाने वाले साबित होने वाले हैं। लगता है राज्य को हासिल इस सफलता से कांग्रेस पार्टी परेशान हो गई है और उन्हें अपनी सरकार का जीरो निवेश काल याद आ गया है। तभी वह प्रसन्न होने के बजाय वह झूठे आरोप और नकारात्मक भविष्यवाणी कर राज्य में निराशा का माहौल बनाने की कोशिश में लगे हैं ।
कानून व्यवस्था को लेकर उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि शायद कांग्रेस नेता उत्तराखंड से बाहर कम ही निकलते हैं। कांग्रेस शासित प्रदेशों राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड में कानून व्यवस्था का हाल व जंगलराज की ओर आंखें मूंद रहे हैं।

## उत्तराखंड सरकार और नियो एनर्जी के बीच 15 हजार करोड़ का अनुबंध



**इन्वेस्टमेंट**

**इस अनुबंध के तहत अल्मोड़ा में 1500 मेगावाट के 2 पम्प स्टोरेज का विकास किया जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**उत्तराखंड को** समृद्ध बनाने के लिए मुख्यमंत्री की पहल रंग ला रही है। बुधवार को मुख्यमंत्री की उपस्थिति में नई दिल्ली में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के रोड शो के अवसर पर उत्तराखंड सरकार और जेएस डब्ल्यू नियो एनर्जी लिमिटेड के मध्य 15 हजार करोड़ का अनुबंध किया गया। इस अनुबंध के तहत अल्मोड़ा में 1500 मेगावाट के 2 पम्प स्टोरेज का विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में पंप स्टोरेज प्लांट, सीमेंट, स्पोर्ट्स, ट्रेनिंग सेंटर, पेयजल, कुमाऊं के मंदिरों (मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत) पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में सहयोग की अपेक्षा की। इस अनुबंध के तहत जेएसडब्ल्यू एनर्जी 1500 मेगावाट क्षमता के अल्मोड़ा में 2 स्व-पहचान वाली पंप स्टोरेज परियोजनाएं स्थापित करने की योजना पर कार्य करेगी, जिसे अगले 5-6 वर्षों में विकसित किया जाएगा। अल्मोड़ा के जोसकोटे गांव में साइट-1 में यह योजना निचला बांध/ जलाशय कोसी नदी से 8-10 किमी की दूरी पर प्रस्तावित है। अल्मोड़ा के कुरचौन गांव में साइट-2 में यह ऊपरी जलाशय कोसी नदी से 16 किमी की दूरी पर प्रस्तावित है। इस योजना से एक बड़ी आबादी को पेयजल की आपूर्ति और कृषि के लिए सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी बुधवार को जनपद बस्ती में महर्षि वशिष्ठ चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण एवं रोगियों का हाल-चाल लेते हुए।

## 'मोदी सरकार की गिरती लोकप्रियता का नतीजा है आप सांसद की गिरफ्तारी'

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
आम आदमी पार्टी (आआपा) ने प्रवर्तन निदेशालय का आप सांसद संजय सिंह के यहां छापे और गिरफ्तारी पर मोदी सरकार की हताशा और निराशावादी सोच बताया।
आआपा के महानगर अध्यक्ष अनिल सती ने कहा कि अभी तक ईडी और सीबीआई को तथाकथित शराब घोटाले में कोई भी साक्ष्य नहीं मिल पाए हैं। पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर केंद्र सरकार जांच एजेंसी का दुरुपयोग कर रही है

## उप्र में 11.74 लाख वरिष्ठ नागरिकों के बनेंगे आयुष्मान कार्ड

**मिलेगा लाभ**

**सरकार ने 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी सदस्यों को आयुष्मान योजना का लाभ देने का निर्णय लिया**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर प्रदेश** सरकार वरिष्ठ नागरिकों को बड़ी सौगात देने जा रही है। सरकार ने 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी सदस्यों को आयुष्मान योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रदेश के 11.74 लाख वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ दिया जायेगा। इस संबंध में प्रदेश के प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है। पत्र के माध्यम से प्रमुख सचिव ने जिलाधिकारियों को वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया है। युष्मान योजना के तहत एक पात्र परिवार एक वर्ष में पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकता है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तरह बनाए गए पात्र गृहस्थी राशन कार्ड के डाटा से ऐसे परिवारों का डाटा लिया गया है।

## 50 वर्षों को लेकर कार्य योजनाएं बनायी जायेंगी : केशव प्रसाद मौर्य

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
**संगमनगरी के** विकास के लिए जो भी योजनाएं बनायी जाएं,वह कम से कम आगामी 50 वर्षों को लेकर बनायी जाएं। हम नम्बर एक पर प्रयागराज का विकास देखना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीर्थ स्थलों के विकास के प्रति समर्पित हैं। शहर में बनने वाले रिंग रोड के 5 किमी. तक कोई नई प्लाटिंग नहीं होनी चाहिए। जिससे इसका भव्य स्वरूप होगा। यह बातें उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को संगम सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ प्रयागराज हमें मिलकर बनाना है और प्रयागराज को देश का सबसे सुंदर शहर बनाना है। उन्होंने बताया कि शहर में अन्त्येष्टि के लिए घाटों की कमी है। इसके लिए रसूलाबाद घाट की सड़क का चौड़ीकरण होगा। फाफामऊ में लोग बालू में शव को दबा देते हैं, इसके लिए व्यवस्था की जायेगी। इसके साथ ही छतनाग, अरैल व दारागंज में अन्त्येष्टि स्थल का विस्तार होगा। इसकी कमेटी बनाकर जन प्रतिनिधियों से मिलकर आगामी 25 वर्षों तक की कार्य योजना बनायेंगे।



**कब्जा हटाया** सतना की नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के आरोपित ऑटो ड्राइवर का मकान प्रशासन ने ढहा दिया

## दुष्कर्म के आरोपित के घर पर चला 'मामा का बुलडोजर'

**टीम एक्शन इंडिया/उज्जैन**
**महाकाल** की नगरी उज्जैन में मानवता को शर्मसार करने वाले आरोपित पर 'मामा' कहर बनकर बरसे हैं। सतना की नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के आरोपित ऑटो ड्राइवर का मकान प्रशासन ने ढहा दिया। कहा जा रहा है कि आरोपित के पिता ने सालों से सरकार की जमीन पर कब्जा किया हुआ था। हालांकि, नगर निगम ने पहले ही जमीन खाली कराने के लिए नोटिस जारी किया था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, नगर निगम ने ऑटो ड्राइवर भरत सोनी का नानाखेड़ा स्थित मकान ढहा दिया। इस दौरान नगर निगम और पुलिस की टीम मौके पर मौजूद रही और इस कार्रवाई को अंजाम दिया। दरअसल, आरोपित ने सरकारी जमीन पर कब्जा करते हुए धार्मिक स्थल एवं मकान बना रखा था। आरोपित भरत सोनी को जल्द-से-जल्द सजा दिलाने की कोशिश हो रही है। इसके लिए पुलिस वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने की कोशिशें कर रही है। वहीं, आरोपित के पिता ने इस शर्मनाक करतूत के लिए फांसी की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि मैं बेटे से मिलने के लिए कहीं पर भी नहीं जाऊंगा। मेरे बेटे को फांसी दी जानी चाहिए।
**मदद की गुहार लगाती रही नाबालिग:** सनद रहे कि 25 सितंबर को मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग आधी रात को रेलवे स्टेशन क्षेत्र में भटक रही थी। ऐसे में भरत सोनी ने उसे अपनी ऑटो में बिठाया और जीवनखेड़ी क्षेत्र ले गया, जहां पर ऑटो ड्राइवर ने मानवता को शर्मसार करते हुए हैवानियत भरे कृत्य को अंजाम दिया।



